CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 6 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 89 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण पेज 2



भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर खेल टाइम्स




विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व सम्पादकीय



ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी पेज 12

## साल का सबसे बड़ा चांद सुपरमून दिखा



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में बुधवार की रात साल का सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दिया है। यह साल का दूसरा सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30 फीसदी ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। 5 नवम्बर का चांद पृथ्वी से करीब 3,57,000 किलोमीटर की दूरी पर है।

### राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रम्प को मिली पहली बड़ी हार

# भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास, ममदानी बने न्यूयॉर्क के मेयर

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवम्बर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पहली हार का सामना करना पड़ा है।

जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है। हालांकि, ट्रम्प ने खुद इन चुनाव को नहीं लड़ा, लेकिन उन्होंने कई उम्मीदवारों का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में





ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को समर्थन दिया था। ट्रम्प ने यहां तक कहा था कि अगर ममदानी जीतेंगे, तो वह संघीय फंड रोक देंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्जीनिया समेत कई राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं ने कहा कि उनका वोट ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ संदेश देने के लिए था, खासकर टैरिफ और आव्रजन नीति। फिलहाल भारतीय मूल के तीन नेताओं की जीत ने सियासी माहौल बदल दिया है और रिपब्लिकन पार्टी की गति को रोक दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर क्या असर डालते हैं। अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में शुमार न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत मिली। उसके उम्मीदवार भारतवंशी जोहरान ममदानी को यहां मेयर चुनाव में जीत मिली। ममदानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एंड्रयू कुओमो को शिकस्त दी। कुओमो इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन हासिल कर चुके थे। इसके बावजूद उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम और भारतीय-अमेरिकी मेयर के तौर पर शपथ लेंगे।

- **अमेरिका में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी डेमोक्रेट नेताओं ने अहम चुनाव जीते**
- **न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को दिया था समर्थन**

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ा, हरकी पैड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। धर्मनगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी समेत समूचे गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर अखंड पुण्य प्राप्त किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से अगणित पापों का नाश होता है और सुख, समृद्धि तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### छह महिला श्रद्धालुओं की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह वाराणसी गंगा स्नान करने जा रही छह महिला श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गोमो प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर चार पर आकर रुकी। इस बीच कुछ यात्री रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर जाने लगे। उसी समय हावड़ा कालका मेल दिल्ली की ओर जा रही थी। कालका मेल का चुनार स्टेशन पर ठहराव नहीं था। ट्रेन अपनी स्पीड से गुजरी, जिसमें कई श्रद्धालु ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में सविता (28), साधना (16), अंजू (20), सुशीला (60), कलावती (50), शिवकुमार (12) की मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में जारी बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने वाली है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश में दो दिन बाद ठंड बढ़ेगी। भोपाल में रात के तापमान में चार या पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि हरियाणा के पास एक चक्रवात बना हुआ है। यह मध्य प्रदेश में ठंडी हवा आने से रोक रहा है। अगले 24 या 48 घंटे में यह चक्रवात उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस में समाहित हो जाएगा। इसके बाद ही हमारे यहां ठंड का असर शुरू होगा।

# हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी: राहुल

### बिहार के पांच लोगों को मंच पर बुलाया, सभी ने कहा: उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर गुरुवार (आज) वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। राहुल ने वोटर वैरिफिकेशन पर 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था।

बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल गांधी ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई।



- **राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा: ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला**

राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है। राहुल ने इलेक्शन रिजल्ट से दो दिन पहले 6 अक्टूबर 2024 को सैनी का बयान सुनाया। नायब सैनी कहते हैं कि मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है। हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं। आप चिंता मत करिए। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर वो व्यवस्था क्या है। बीजेपी नेता मुस्कुराते हुए सरकार बनाने का दावा कर रहे थे। यह व्यवस्था वोट चोरी की है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल ने ब्राजीलियन लड़की की तस्वीर भी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। इसने कभी -**शेष पृष्ठ दो पर**

### वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी: भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा कि राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।

### चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा विधानसभा के 2024 में हुए चुनावों में धांधली के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही थी और एक ही नाम से कई बार मतदान किया जा रहा था, तो कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी। राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर कहीं कोई शिकायत नहीं है। वर्तमान में 90 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव से जुड़ी 22 याचिकाएं उच्च न्यायालय में लंबित हैं। आयोग ने श्री गांधी के फर्जी वोटिंग के आरोप पर कहा कि यदि एक ही नाम पर कई बार मतदान हो रहा था तो श्री गांधी को बताना चाहिए कि उनकी पार्टी के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे। आयोग का यह भी कहना था कि यदि किसी मतदाता पर संदेह था, तो कांग्रेस के मतदान एजेंटों ने मतदाता की पहचान को लेकर कोई आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई।

# आरोपी के दुबई से गायब होने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सट्टेबाजी प्रकरण का आरोपी दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है, जिसके बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा ऐसे मामलों के आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी रवि उप्पल की ओर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा को धक्का लगा है और अदालत को इस बारे में कुछ करना होगा। भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बच रहा उप्पल कथित तौर पर दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने उसके खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही बंद कर दी है। पीठ ने कहा कि उस जैसे सरगनाओं के लिए अदालतें और जांच एजेंसियां महज खेलने का साधन हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा।



- **ईडी को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश**

### राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे: राजनाथ

**पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को ज्यादा आजादी मिली



**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जनरल द्विवेदी दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा कि सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6जी और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी कार्रवाई की तारीफ

### FATF रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ भारत की सख्त कार्रवाई की इंटरनेशनल लेवल पर सराहना हुई है। वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के काम को एक प्रभावशाली वैश्विक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में एफएटीएफ ने कहा कि भारत की कानूनी व्यवस्था और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम तंत्र मजबूत और भरोसेमंद है।

यह प्रणाली अपराध से जुड़ी संपत्ति को जब्त करने और पीड़ितों को राहत दिलाने के मामले में अन्य देशों के लिए मिसाल बन गई है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र के एक मामले का जिक्र है, जिसमें अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्तियों को जब्त कर पीड़ितों को लौटाया गया। एफएटीएफ ने कहा कि भारत ने वित्तीय अपराधों से जब्त संपत्तियों को समाजहित में उपयोग करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। संस्था के मुताबिक, भारत का यह मॉडल अन्य देशों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। एफएटीएफ ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (2018) को संपत्ति वसूली और प्रबंधन का एक प्रभावी और व्यापक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में ईडी के कई प्रमुख मामलों का उल्लेख है, जिनमें करीब 17520 करोड़ रुपये के रोज वैली पोंजी घोटाले में पीड़ितों को संपत्ति लौटाना और भारत-अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में 268 बिटकॉइन (करीब 130 करोड़ रुपये मूल्य) और 10 लाख डॉलर की संपत्तियों की जब्ती शामिल है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश पुलिस सीआईडी के साथ मिलकर 6,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों की बहाली और पीएमएलए के तहत 17.77 अरब रुपये की अचल संपत्ति जब्त करने जैसे उदाहरण भी रिपोर्ट में दर्ज हैं। एफएटीएफ ने भारत के पीड़ित-केंद्रित संपत्ति पुनर्वसूली मॉडल और तकनीक, वित्तीय डेटा विश्लेषण व एजेंसियों के बेहतर तालमेल की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पारदर्शिता, जवाबदेही और पीड़ितों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया है।

- **भारतीय जांच एजेंसी के काम को वैश्विक मॉडल बताया, 17520 करोड़ के पोंजी स्कैम का भी जिक्र**






**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए सुरक्षाकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थानों के लिए रवाना होते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती आज करेंगी कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती गुरुवार को बिहार के कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जनसभा भभुआ हवाई अड्डे के पास मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसमें आसपास के जिलों तथा विधान सभा क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। बसपा कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने बूते पर लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी का यह जनसंपर्क अभियान राज्य के कई जिलों में लगातार जारी है। पार्टी के अनुसार बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राज्यसभा सांसद रामजी गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता बिहार में लगातार प्रचार अभियान में सक्रिय हैं।

### कश्मीर के पर्वतीय रिसॉर्टस में हिमपात मैदानी क्षेत्रों में बारिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्वतीय रिसॉर्ट्स- गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग तथा कई ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों में हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि ताजा हिमपात के कारण श्रीनगर- लेह राजमार्ग सहित प्रमुख राजमार्गों को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए है। गुरेज-बांदीपोरा मार्ग भी यातायात बंद कर दिया गया है। यात्रियों को संबंधित जिला नियंत्रण कक्षों से सड़क की नवीनतम स्थिति की पुष्टि किए बिना यात्रा न करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, जबकि उसके बाद मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है।

# हरियाणा का मुद्दा उछाल कर जनता को गुमराह कर रहे राहुल गांधी: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में विदेशी महिला के मतदाता पहचान पत्र और वोट चोरी का मुद्दा उठाने पर पलटवार करते हुए इस जनता को गुमराह करने का हथकंडा बताया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले संसद सत्र के दौरान एक महिला की तस्वीर टी-शर्ट पर छपवाकर पूरे संसद परिसर में घूमते रहे और उसके नाम को उछाला था। रिजिजू ने



आरोप लगाया कि उसी शाम उस महिला ने गलत बयानबाजी पर राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई थी। रिजिजू ने कहा कि अब, अपनी विपफलताओं को छिपाने के लिए नेता प्रतिपक्ष गांधी बिहार में मतदान से एक दिन पहले लोगों को हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे सापफ है कि विपक्ष के पास बिहार में तो मुद्दा बचा ही नहीं, इसलिए ध्यान भटकाने के लिए हरियाणा का मुद्दा गढ़ा जा रहा है। रिजिजू ने कहा कि श्री गांधी दावा कर रहे थे कि एग्जिट पोल में कांग्रेस जीत रही थी लेकिन चुनाव परिणाम अलग आने पर अब हायतौबा मचा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि 2004 के आम चुनाव में भी एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए को जिता रहे थे, लेकिन मतगणना के नतीजों में एनडीए की हार हुई। हमने जनादेश को मानते हुए परिणाम को स्वीकार किया और यूपीए को बधाई दी, लेकिन हमने चुनाव आयोग की आलोचना नहीं की। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार, दोनों को स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एग्जिट पोल जब कांग्रेस के पक्ष में होता है।

# श्रमिकों की बेटियों के विवाह पर अब 85000 सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया, राशि में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य विवाह पर 65000, अंतर्जातीय विवाह पर 75000 तथा सामूहिक विवाह पर 85000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयोजन के लिए 15000 की अलग से राशि दी जाएगी। यह सहायता सीधे पात्र श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि ष्श्रमिक परिवार समाज की नींव हैं। उनकी बेटियों के विवाह में सहयोग देना सरकार का नैतिक और मानवीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का संपूर्ण आयोजन श्रम विभाग और बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा, आवास, भोजन और परिवहन जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित रहेंगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

अब तक 18.94 लाख से अधिक आवेदनों पर 6336.61 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपए वार्षिक अंशदान के साथ योजनाओं के पात्र बन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाइन और निशुल्क है, जिसे जन सेवा केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। गौरतलब है कि बोर्ड द्वारा जन्म सहायता, शिक्षा सहायता, पेंशन, दिव्यांगता/मृत्यु सहायता और गंभीर बीमारी सहायता जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिनसे लाखों श्रमिक परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण

# 2017 में ही तय था उप्र की छवि बदलेंगे: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है, जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं।

अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से



- मुख्यमंत्री ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए

छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उप्र की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में मापिफया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने।

### गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

# राजद का 'कट्टा' बिहार का बैठा देगा 'भट्ठा': केशव

**लखनऊ, वार्ता**

उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का 'कट्टा' बिहार का 'भट्ठा' बैठा देगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जाग चुकी है और वह परिवारवाद, जातिवाद और अपराधवाद की राजनीति को सदा के लिए उखाड़ पफेंकेगी। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इन दिनों उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजद और

कांग्रेस पर काफी हमलावर हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि रात-दिन संविधान बचाने का अलाप करने वाले महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव खुद लोकतंत्र की खिल्ली उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यादव परिवार को न लोक की लाज है, न संसद



की मर्यादा की चिता। ऐसे बयान लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि तेजस्वी यादव के इस गैर-जिम्मेदाराना बयान का त्वरित संज्ञान लिया जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता संविधान और संसद की गरिमा के विरुद्ध बयान देने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर हो। वहीं बिहार चुनाव के बीच छठ पूजा को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि वे न तो भारत माता को मानते हैं और न ही 'छठी मईया' को।



**सेंसेक्स** 84556.40
**निफ्टी** 25891.40



**सोना रु.** 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 155000
प्रति किलो



# भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौता फिलहाल नहीं

- दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली/ऑकलैंड।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौते पर पिफलहाल सहमति नहीं बनी है और दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले के बीच बुधवार को हुई बैठक के बाद दोनों मंत्रियों ने मीडिया से बात की। खास बात यह रही कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लेक्सन संसद में प्रश्नकाल छोड़कर खुद ऑकलैंड पहुंचे और प्रेस वार्ता के बीच में दोनों मंत्रियों के साथ शामिल होकर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दिया। ऑकलैंड रवाना होने से पहले उन्होंने हालांकि इन अटकलों को खारिज किया कि व्यापार वार्ता में कोई गतिरोध आया है, जिसके कारण उन्हें अचानक जाना पड़ रहा है। लेक्सन ने ऑकलैंड में व्यापार वार्ता की प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि गोयल तथा मैकक्ले दृढ़ रहने वाले वार्ताकार हैं और उन्हें ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के पास कापफी अवसर हैं। व्यापार के अलावा रक्षा में दोनों देश पहले से ही साथ काम कर रहे हैं। जनसंपर्क में काफी संभावनाएं हैं, खेल में दोनों देशों के बीच पुराने संबंध रहे हैं और भारतीय हॉकी टीम के ऐतिहासिक न्यूजीलैंड दौरे (साल 1926 में) को 100 साल होने वाले हैं। अमेरिका के दरवाजे बंद करने के बाद भारतीय छात्रों के लिए न्यूजीलैंड में काफी अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और ऐसे में भारत के साथ व्यापारिक संबंध न्यूजीलैंड के लिए महत्व रखता है। इससे पहले गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले काफी चर्चा होनी है। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह के व्यापार समझौते में समय लगता है और व्यापार वार्ताएं हमेशा चुनौतीपूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष समाधानों पर सहमत हुए हैं। न्यूजीलैंड के लिए भारत के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। व्यापार लक्ष्यों के बारे में पूछे जाने पर मैकक्ले ने कहा कि कोई भी लक्ष्य तय करने से पहले हम समय ले सकते हैं। न्यूजीलैंड का प्रतिनिधिमंडल इस साल मार्च में भारत गया था और 33 समझौतों तथा सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर हुए थे, जिनमें एयर इंडिया और एयर न्यूजीलैंड साल 2028 तक दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने पर सहमत हुई थीं। श्री मैकक्ले ने कहा कि उनका न्यूजीलैंड के लिए संतुलित अवसर तलाशना है। टाटा और महिंद्रा के वाहनों की न्यूजीलैंड में लंबे समय से उपस्थिति के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में बनी गाड़ियां न्यूजीलैंड में स्थानीय जैसी हैं और जब भी व्यापार समझौता होगा, देश में भारतीय वाहनों की बिक्री में कोई बाधा नहीं आएगी।

### अमूल, इफको को विश्व की शीर्ष सहकारी संस्था होने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** केंद्रींय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमूल और इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! अमूल और इपफको को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह अमूल से जुड़ी लाखों महिलाओं के अथक समर्पण और इपफको में योगदान देने वाले किसानों के लिए सम्मान बात है। यह सहकारी संस्थाओं में असीम संभावनाओं का भी प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के वैश्विक मॉडल के रूप में बढ़ावा दे रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी मजबूत खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमतों में मंदी रही, जबकि गेहूं के दाम बढ़ गए। चीनी में भी तेजी दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 34 रिंगिट फिसलकर 4,109 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.65 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपए घटकर 3,841.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं पांच रुपए की मजबूती के साथ 2,862.37 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी 12 रुपए चढ़कर 3,320.06 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 143 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल भी नौ रुपए सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 63 रुपए और सूरजमुखी तेल 90 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 31 रुपए और पाम ऑयल 59 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट



गयी। वहीं मसूर दाल में टिकाव रहा। चना दाल 10 रुपए और उड़द दाल 21 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल 36 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7882.59 रुपए, मसूर काली 8150.73 रुपए, मूंग दाल 10136.38 रुपए, उड़द दाल 10385.77 रुपए, तुअर दाल 10537.92 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.37 रुपए और चावल 3841.86 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4352.03 रुपए और गुड़ 5061.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मोदी से मिले हिमन्त, दो बड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन का निमंत्रण दिया

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य में दो बड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरमा ने मंगलवार शाम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा ने कल शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हरियाणा की तरह..**

स्वीटी, कभी सीमा तो कभी सरस्वती के नाम पर वोट डाले। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ब्राजीलियन मॉडल की फोटो दिखाई। राहुल ने सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन लड़की का क्या काम है। राहुल ने दावा किया कि मॉडल ने 22 बार वोट डाला। हरियाणा में पांच कैटेगरी में 25 लाख वोट चोरी हुए। एक अन्य महिला ने एक असेंबली में 100 बार वोट किया। राहुल गांधी ने ब्राजीलियन मॉडल का नाम नहीं बताया। हालांकि उसकी तस्वीर फोटोग्राफर मैथियस फेरेरो ने फ्री स्टाक इमेज प्लेटफॉर्म अपलोड की थी। राहुल गांधी ने यह तस्वीर वहीं से निकाली।

मॉडल की तस्वीर पहली बार 2 मार्च, 2017 को पब्लिश की गई थी और इसे न्देचर्सी लाइसेंस के तहत 5.9 करोड़ से ज्यादा बार देखा और 4 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार के जमुई से पांच लोगों को मंच पर बुलाया। उन्होंने बारी-बारी से बताया कि उनका वोटर लिस्ट से नाम कट गया है। दावा किया कि उनके गांव से करीब 300 लोगों को वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। एक वोटर ने राहुल से अपील की वह कुछ समाधान निकालें, ताकि अगले चुनाव में उनके साथ ऐसा न हो। राहुल ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में कई नाम ऐसे हैं जिनका हाउस नंबर 0 दिखाया गया। यानी कि वे लोग जिनका कोई घर नहीं है। इन्हीं में से एक नरेंद्र हैं, जिन्होंने वोट तो किया, लेकिन उनका घर नहीं है।

जैसा कि इन लोगों (भाजपा) ने मेरा घर छीन लिया था, वैसा ही नरेंद्र के साथ किया। दरअसल 2023 में सांसदी जाने पर राहुल गांधी का 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करा दिया गया था। उनका सामान मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास में शिफ्ट किया गया था। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई। राहुल ने कहा कि अब सुनते हैं ज्ञानेश का ज्ञान जो कहते हैं कि पुल के नीचे सड़क पर या लैंपपोस्ट के किनारे ऐसे लोगों का हाउस नंबर 0 होता है। ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाने के बाद राहुल ने कहा कि अब ये बेचारी बहुत ट्रोल होगी। राहुल गांधी का आरोप है कि महिला ने हरियाणा में 22 बार वोट किया। उसके कई नाम हैं जैसे सीमा, स्वीटी, सरस्वती, रश्मि, विमला। इस महिला ने 10 बूथ पर 22 बार वोट किया।

# 'राजा भैया' के खिलाफ बेंती आवास में शस्त्र पूजन की जांच पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विजयादशमी के मौके पर बेंती आवास परिसर में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ 'राजा भैया' के शस्त्र पूजन को लेकर आजाद अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा की गई शिकायत को पुलिस ने अपनी जांच में निराधार पाया है। शिकायत में उनके प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा स्थित आवासीय परिसर में कथित रूप से धार्मिक भावना भड़काने और अनुचित गतिविधियों के आरोप लगाए गए थे।

आईजीआरएस पोर्टल पर शस्त्र पूजन को लेकर की गई संख्या 60000250236632 को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्राधिकारी कुंडा ने



संबंधित स्थल का भौतिक निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों, स्थानीय निवासियों तथा पुलिस बल के सदस्यों के बयान दर्ज किए।

जांच में यह पाया गया कि आरोपित तिथि पर उक्त स्थान पर किसी प्रकार का विवादास्पद आयोजन या उत्तेजक गतिविधि नहीं हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजा भैया के महल परिसर के समीप स्थित धर्मशाला में केवल पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई थी, जो पूरी तरह से धार्मिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मौके पर कोई भी आपत्तिजनक भाषण, धार्मिक नारा या किसी समुदाय की भावना आहत करने वाला कार्य नहीं पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा लगाए गए आरोप असत्य, निराधार एवं मनगढ़ंत पाए गए हैं। जांच में ऐसा कोई भी तथ्य या प्रमाण नहीं मिला जिससे धार्मिक वैमनस्य या कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना सिद्ध हो। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में क्षेत्र पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। न तो किसी प्रकार की भीड़भाड़, न ही किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## मुख्यमंत्री ने किया प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का शुभारंभ

# प्रवासी उत्तराखंडी हैं देवभूमि के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर: धामी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को दून विश्वविद्यालय में राज्य स्थापना के रजत रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित "प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई आपदाओं में जान गंवाने वालों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप एक मिनट का मौन भी रखा गया।

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि की संस्कृति, परंपराओं और मातृभूमि के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की विशिष्ट लोक संस्कृति, भाषा और बोली में झलकने वाली आत्मीयता हमें विश्वभर में जोड़ती है। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी जहां भी रहते हैं, अपने साथ देवभूमि की संस्कृति और अपनी मिट्टी की सुगंध लेकर चलते हैं। राज्य सरकार ने प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन इसी उद्देश्य से किया है ताकि उनके सुझाव और अनुभव राज्य के विकास की मुख्यधारा में शामिल किए जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अनेक प्रवासी स्वयं अपने गांवों को गोद लेकर विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सरकार "विकसित भारत, विकसित



उत्तराखंड" के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। "एक जनपद दो उत्पाद", "हाउस ऑफ हिमालयाज", "स्टेट मिलेट मिशन", "नई पर्यटन नीति", "वेड इन उत्तराखंड" और "सौर स्वरोजगार योजना" जैसी योजनाओं से स्थानीय

**■ विकास भी विरासत भी के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है राज्य -सीएम**

अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने सतत विकास लक्ष्यों में नीति आयोग की रैंकिंग में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" में उत्तराखंड को "एचीवर्स" तथा "स्टार्टअप रैंकिंग" में "लीडर्स" श्रेणी प्राप्त होना राज्य के सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक मूल्यों और जनसांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य में देश का सबसे सख्त नकल-विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले चार वर्षों में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा प्राप्त हुई है।इस अवसर पर प्रवासी उत्तराखंडियों ने राज्य के विकास के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा राज्य के लिए किए जाने वाले संभावित योगदान की जानकारी साझा की। इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंद. रम, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल आदि मौजूद रहे।

### कहा - भ्रष्टाचार के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर कार्य कर रही है, जिसके तहत चार वर्षों में 200 से अधिक भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि स्वर्ण जयंती वर्ष तक उत्तराखंड ऐसा राज्य बने जहां हर युवा को सम्मानजनक रोजगार मिले, पलायन रुके और प्रवासियों की गौरवपूर्ण वापसी हो। "विकास भी, विरासत भी" की भावना के साथ राज्य सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंडियों से आह्वान किया कि वे भी राज्य के इस विकास अभियान में भागीदार बनें।

# युवा और महिला सशक्तिकरण से बनेगा विकसित भारत : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड और देश को विकसित बनाने में युवाओं और महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान रहेगा, इसलिए उनका सशक्तिकरण पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को विधानसभा के विशेष सत्र में यह बात कही । उन्होंने कुल सात विभागों की उपलब्धियां सदन के समक्ष रखी और 2047 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में राज्य किन लक्ष्यों को लेकर चल रहा है इस पर भी चर्चा की।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राज्य स्थापना के समय प्रदेश में कुल 4243 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित थे । 25 साल में इनकी संख्या बढ़कर 20067 हो गई है, जिनमें बड़ी संख्या में प्रदेश की महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिका के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इसी साल आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाओं की भर्ती में लगभग 7000 नियुक्तियां की गई है और यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही। उन्होंने कहा कि लैंगिक अनुपात के मामले में प्रदेश में 25 साल में बड़ी प्रगति की है।

2001 में लैंगिक अनुपात 1000 के सापेक्ष 962 था जो बढ़कर अब 984 तक पहुंच गया है। रेखा आर्या ने बताया कि कोविड से प्रभावित कुल 6544 बच्चों को राज्य सरकार 3000 प्रति माह आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में 30% आरक्षण देकर और समान नागरिक संहिता लागू करके बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

# यह कैसा विकास, 1488 विद्यालयों को बंद करने की योजना: तिवारी

**उत्तराखंड विस के विशेष सत्र का तीसरा दिन**

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन भी राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियां और भविष्य के रोड मैप पर चर्चा की गई, सत्ता पक्ष के विधायकों ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई तो विपक्षी विधायकों ने व्यवस्था पर सवाल खड़े किये।कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे बुनियादी सवाल हैं, जो आज भी खड़े हैं। राज्य की प्रगति की बात हो रही है। हम भविष्य की संभावना को तलाश रहे हैं। 1488 विद्यालयों को बंद करने की योजना है। शिक्षा के क्षेत्र में आज भी हालात चिंताजनक है।

**■ स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की जरूरत**

पहाड़ के स्कूलों में कोई प्रिंसिपल नहीं हैं। कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज को सरकार मॉडल कॉलेज के रूप में विकिसित करे। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि आज का दिन गर्व और भावना से भरा हुआ है। हम आज रजत जयंती मना रहे हैं। 25 साल में उत्तराखंड ने जो तरक्की की, वह देश के लिए मिसाल है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखंड ने नए आयाम छुए। पिछले पांच साल में हेल्थ बजट 16 प्रतिशत बढ़ा। भाजपा सरकार ने सुशासन और प्रगति की मिसाल कायम की है।

वहीं, विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि प्रदेश को बनाने में सबकी भूमिका रही। ढोल नगाड़ों के साथ लोगों को इकट्ठा करने वालों की भूमिका सबसे अहम रही। ढोल दमाऊ बजाने वालों को भी सम्मान दिया जाना चाहिए। हमारी सरकार ने 90 फीसदी सड़कें बना दी। हमें रोडमैप तैयार करना चाहिए कि उत्तराखंड और पहाड़ को किस चीज की जरूरत है। पहाड़ में रहने वाले अधिकारियों को पहाड़ के अनुरूप सम्मान देना पड़ेगा। हमें पहाड़ पर स्वास्थ्य और शिक्षा पर काम करना होगा।

हमारा मुख्यमंत्री युवा है, प्रदेश भी युवा है। वहीं, विधायक मुन्ना सिंह चौहान.ने सदन में गोल्डन कार्ड का मामला उठाया। भुगतान न होने के कारण अस्पतालों ने गोल्डन कार्ड लेना बंद कर दिया। इस मामले पर सरकार संज्ञान ले।

# गैरसैंण नही हो सकती स्थायी राजधानी:बेहड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक तिलक राज बेहड़ ने सदन में कहा कि उत्तराखंड की राजधानी अब गैरसैंण नहीं हो सकती है। तिलक राज बेहड़ ने कहा कि देहरादून में राजधानी बननी चाहिए।

बेहड़ ने खुलकर कहा गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया जा चुका है, अब ऐसे में उसे स्थायी राजधानी नहीं बनाया जा सकता है। कांग्रेस विधायक का यह बयान तब आया है जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पहले ही कह चुके है कि अगर 2027 में कांग्रेस की सरकार आती है तो कांग्रेस गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाएगी, ऐसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का गैरसैंण को लेकर दिया गया बयान एक बार फिर चर्चाओं में है।

वहीं, इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा ऐसे मामले में किसी एक व्यक्ति का बयान मायने नहीं रखता है, ऐसे मुद्दों पर पार्टी स्टैंड तय करती है। उन्होंने कहा गैरसैंण में आधारभूत अवस्थापना कार्यों को लेकर कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, तिलक राज बेहड़ के बयान को लेकर भाजपा के वरिष्ठ विधायक विनोद चमोली ने चुटकी ली। उन्होंने कहा तिलक राज बेहड़ हरीश रावत को अपना नेता नहीं मानते हैं या फिर कांग्रेस में हरीश रावत कुछ भी बयान दे देते हैं।

# संत समाज ने सीएम धामी को दिया आशीर्वाद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज मुख्यमंत्री आवास आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक सौहार्द का केंद्र बन गया, जब देशभर के प्रमुख संतों एवं धर्माचार्यों ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर राज्य की प्रगति, सांस्कृतिक संरक्षण और अध्यात्मिक समृद्धि के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की।

संत समाज ने प्रदेश के लिए सकारात्मक बदलाव, विरासत संरक्षण और धार्मिक-सांस्कृतिक मानकों को सुदृढ़ करने वाले निर्णयों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें "देवभूमि का धर्म-संरक्षक" बताया। संतों ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है।

### संत समाज ने की सीएम धामी की प्रशंसा

संतों ने कहा कि "मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला नेतृत्व प्रदान किया है। उनके प्रयासों से देवभूमि की मूल आत्मा और सनातन विरासत सुरक्षित और सुदृढ़ हुई है।"

मुख्यमंत्री आवास में आध्यात्मिक संगम में जगद्गुरु शंकराचार्य राजरा. जेश्वर महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी,परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी,अखाड़ा परिषद अध्यक्ष स्वामी रविंद्रपुरी महाराज, बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री,पतंजलि योगपीठ के आचार्य बालकृष्ण,प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता जया किशोरी,चिंतक और लेखक डॉ. कुमार विश्वास सहित अनेकों प्रतिष्ठित संत-महात्मा एवं धर्माचार्य भेंट करने वाले प्रमुख संत-महात्माओं में शामिल रहे ।

सभी संतों ने मुख्यमंत्री को रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए राज्य के सांस्कृतिक सम्मान और अध्यात्मिक धरोहर संरक्षण को लेकर उनके समर्पण की सराहना की।

# खिलाड़ी बनें उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर:रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राज्य स्थापना के रजत जयंती के उपलक्ष में बुधवार से देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में राज्य स्तरीय अंडर 17 बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता में 12 जनपदों दो स्पोर्ट्स कॉलेज और दो हॉस्टल की टीम हिस्सा ले रही है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि दुनिया मे उत्तराखंड की पहचान यहां के धार्मिक स्थलों की वजह से रही है लेकिन खिलाड़ियों को ऐसा प्रदर्शन करना होगा कि वह उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर के रूप में पहचाने जाएं। उन्होंने कहा कि देवभूमि को खेल भूमि बनाने के लिए राज्य



सरकार पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न नौकरी, सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण और अधिकतम नगद इनाम धनरा. शि दे रही है।

खेल मंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में आने वाले युवाओं के कैरियर और भविष्य की चिंता अब सरकार की जिम्मेदारी है।

**■ चार दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन, 12 जनपदों समेत कुल 16 टीम कर रही है शिरकत**

उन्होंने उद्घाटन मैच में पास का सिक्का उछाला और किक लगाकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। पहले दिन प्रतियोगिता में कुल 6 मुकाबले खेले गए। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रविंद्र भंडारी, फुटबॉलर राजेंद्र सिंह रावत, खेल प्रशिक्षक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**विकासनगर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई लगभग 5 लाख रूपये की ज्वैलरी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ लूट, चोरी, मादक पदार्थो की तस्करी सहित विभिन्न आपराधिक मामलों में 9 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वादी बृजमोहन डंग निवासी मुस्लिम बस्ती विकासनगर ने कोतवाली विकासनगर पर एक लिखित तहरीर दी कि 2 नवंबर को वो अपने परिवार सहित अपने एक परिचित के घर शादी समारोह में सम्मिलित होने रूडकी गये थे तथा देर रात्रि घर वापस आकर सो गये। 3 नवंबर की प्रात: जब वे उठे तो तो उन्होने देखा कि किसी अज्ञात चोर द्वारा उनकी आलमारी में रखी ज्वैलरी चोरी कर ली है। तहरीर के आधार पर कोतवाली विकासनगर पर धारा 305(ए) बीएनएस का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली विकासनगर पर पुलिस टीम गठित की गई। आज बुधवार को पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सेंट अरण्य पब्लिक स्कूल के बाग के पास से एक आरोपी दानिश उर्फ भोलू पुत्र राशिद निवासी मुस्लिम बस्ती विकासनगर को घटना में चोरी किये गए माल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसआई मंयक त्यागी, चौकी प्रभारी बाजार, सिपाही रजनीश, सुरेंद्र सिंह शामिल रहे।




# राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**विकासनगर।** उत्तराखंड रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा विभाग उत्तराखंड द्वारा समस्त तकनीकी संस्थानों के छात्रों के लिए जेबीआईटी में राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में जेबीआईटी सहित राज्य की विभिन्न तकनीकी संस्थानों से 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सचिव तकनीकी शिक्षा डॉ रंजीत कुमार सिंह, रजिस्ट्रार उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय डॉक्टर राजेश उपाध्याय, निदेशक आईटी संदीप सिंघल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# गैरोला ने गिनाई राज्य व केन्द्र सरकार की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड के 25वें स्थापना दिवस को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार जहां इसे उपलब्धियों का पर्व बता रही है, वहीं जनता अब भी पलायन, बेरोजगारी और बदलती डेमोग्राफी के सवालों के जवाब तलाश रही है।

विकासनगर में बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने प्रेस वार्ता कर राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की अहम भूमिका रही, और तब से लेकर अब तक प्रदेश ने स्वर्णिम 25



साल देखे हैं। गैरोला ने राज्य सरकार की योजनाओं जैसे नकल विरोधी कानून, भू-कानून और धर्मांतरण कानून को ऐतिहासिक बताया, वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता नारायण दत्त तिवारी के कार्यकाल की भी तारीफ की। लेकिन जब पत्रकारों ने पलायन, बेरोजगारी, नशा तस्करी, अवैध खनन और क्षेत्र की जमीनी समस्याओं पर सवाल उठाए तो वह जवाब देने से कतराते नजर आए

**■ राज्य मंत्री ज्योति प्रसाद ने विकास नगर में की पत्रकारवार्ता**

और उन्होंने जवाबों को उपलब्धियों तक ही सीमित रखा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मीता सिंह, जिला प्रभारी स्वराज विद्वान, जिला महामंत्री अमित डबराल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय तोमर, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत नेगी, प्रमोद कुमार, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, मंडल अध्यक्ष अनुज गुलरिया, मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को प्रदेश भर में मनाएगी भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने को प्रदेश भर में जनसहभागिता के साथ व्यापक स्वरूप में मनाने जा रही है। जिसके तहत मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी शिक्षण एवं सरकारी संस्थानों और विधानसभा स्तर पर मूल स्वरूप में वंदेमातरम गायन किया जाएगा।

इसका उद्देश्य वंदे मातरम में निहित प्रबल राष्ट्रीय भावना और इसके प्रेरक प्रभाव को प्रतिध्वनित कर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाना है।आगामी 7 से 26 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के समन्वय के लिए प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत को प्रदेश टोली में संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके सहयोग के लिए प्रदेश मंत्री गौरव पाण्डे एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष



युवा मोर्चा शंशाक रावत सह-संयोजक के रूप में कार्य देखेंगे। ये अभियान प्रदेश में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत श्वंदे मातरम्श के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में उत्सव मनाने के क्रम में मनाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इसके 150वें वर्ष के स्मरणार्थ राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम के संबंध मे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वंदे मातरम देशभर में विभाजन के विरोध में हुए आंदोलना ें के दौरान वंदे मातरम् राष्ट्रवाद, एकता और ब्रिटिश शासन के विरूद्ध प्रतिरोध का सशक्त प्रतीक था। आज भी इसमें निहित प्रबल राष्ट्रीय भावना और इसके प्रेरक प्रभाव को फिर से भारतीय समाज में प्रतिध्वनित करने के उद्देश्य ये अभियान प्रदेश में भी विधानसभा स्तर पर चलाया जाएगा।

ष्वंदे मातरम् /150ष नाम से होने वाले अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों में 7 नवम्बर को गढ़वाल संभाग में मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी की उपस्थिति में देहरादून स्थित पुलिस लाईन में सामूहिक श्वंदे मातरम्श का गायन किया जाएगा। वहीं इसी दिन कुमांऊ संभाग में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की उपस्थिति में हल्द्वानी स्थित एम.बी.पी.जी. कॉलेज में सामूहिक श्वंदे मातरम्श गायन किया जायेगा। इसी क्रम में 8 नवम्बर से प्रदेश सरकार एवं शहरी-ग्रामीण

**■ जन सहभागिता के साथ 7 से 26 नवंबर तक चलेगा अभियान, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत को संयोजक की जिम्मेदारी**

स्थानीय निकाय, जैसे जिला पंचायत, ब्लॉक मुख्यालयों, नगर निगम, नगर पालिका पर श्वंदे मातरम्श मूल रूप में का सामूहिक वाचन करने के साथ स्वदेशी संकल्प लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त सभी निजी व सरकारी महाविद्यालयों, विद्यालयों में 7 नवम्बर से संविधान दिवस 26 नवम्बर तक वंदे मातरम का सामूहिक वाचन हो तथा स्वदेशी संकल्प लिया जाएगा। वहीं सभी जिला मुख्यालयों में सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बैंड द्वारा श्वंदे मातरम्श एवं अन्य देशभक्ति गीतों का वादन किया जाएगा।

# फर्जी तरीके से लिया लोन लोनिवि कर्मी पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक में फर्जी ऋण का एक मामला सामने आया है। आरोपी लोनिवि कर्मचारी ने स्वयं को फर्जी दस्तावेजों के जरीये अल्मोड़ा दिखा दिया और लाखों रुपये का कर्मचारी ऋण योजना से लोन ले लिया। अब बैंक ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक शाखा अल्मोड़ा के प्रबंधक समीर भटनागर ने तहरीर कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि हिमांशु कुमार पुत्र रतन सिंह, निवासी मानपुर पश्चिम देवलचौड़ हल्द्वानी वर्तमान में लोनिवि लोहाघाट में तैनात हैं। आरोपी ने स्वयं को फर्जी दस्तावेजों में अधीक्षण अभियंता प्रथम वृत्त लो.निवि अल्मोड़ा दिखाकर अल्मोड़ा शाखा से कर्मचारी ऋण योजना के तहत 31 मई 2025 को 19 लाख रुपये की ऋण सीमा प्राप्त की। किश्त का भुगतान आरोपी के वेतन खाते से होना था। इस बीच 20 सितंबर को काशीपुर शाखा से जानकारी मिली कि आरोपी इससे पूर्व 18.50 लाख रुपये का ऋण स्थानीय शाखा से ले चुका है। उस दौरान उसका वेतन काशीपुर शाखा से आहरित होता था। जांच हुई तो सामने आया कि आरोपी ने पहले सहकर्मियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज बना स्वयं को अल्मोड़ा में तैनात दिखाया। इसके बाद फर्जी दस्तावेजों से वेतन खाता अल्मोड़ा स्थानांतरित कर 19 लाख रुपये का ऋण ले लिया। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रबंधक की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# लोक अदालत का लाभ उठाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा के निर्देशन पर बुधवार को अधिकार मित्रों द्वारा जनपद अल्मोड़ा के ग्राम तुमडी, लखनाडी, तिवारीखोला, जुगडधार, आगर, मैनोली, धूराफाट, दामोधारा, कनवावधूरा, लाखट, कासखेत, नबाखली, पीपलकोट, काफली, दीपाकोट, भुलुड, मुसीध्यौ, चकरखोला, जोशाडा, बुग्गाशाला, पनुवाधोखन, कोटा, जाख, धगलोली, चनौदा, डोबाव तीनरेगैर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2016, जनजातीय लोगों के लिए नालसा (जनजातीय अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन) योजना 2015, आपदा पीड़ितों, वरिष्ठ नागरिकों, यौन शोषित पीड़ितों और मानसिक व शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के अधिकार,



ई-टू कॉपी मॉड्यूल, ई-सेवा केन्द्र, ई-फाइलिंग, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई। साथ ही आगामी 13 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की गई। यहां रंजीता, दीप चन्द्र, नीमा बिनवाल, विनीता आर्या, एडवीन व्हीलर, हिमानी खोलिया, भाष्कर जोशी, कैलाश जोशी, बबिता जोशी, यमुना प्रसाद, विजय टम्टा नन्दन सिंह फर्त्याल, महेन्द्र सिंह, योगेश कुमार, ललित कुमार आर्या, बीना पवार, प्रकाश राम, नीमा कोहली, कुसुम, किरन रावत, कमला उपाध्याय, सोनिया गोस्वामी, मनोज गिरि, हेमा पांडे, पूजा साह, दीपक कुमार पांडेय, दीप चंद्र, दीपा चौधरी, सीमा, गिरीश चंद्र, किरन बाला, बबीता साह, दीपा बिष्ट, ममता तिवारी, रेखा पंत, हेमा खाती एवं रजनी आदि मौजूद रहे।

## छात्र नेता के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

**बागेश्वर।** जनपद में बढ़ती अपराधिक घटनाओं के विरोध में और छात्र नेता अंकुर उपाध्याय पर घात लगा कर जानलेवा हमला करने वाले हिस्ट्रीशीटेंरो की गिरफ्तारी और मुकदमे में उचित धराएं लगाए जाने की मांग को लेकर संघर्ष वाहिनी बागेश्वर ने नगर कोतवाल से मुलाकात की। मुलाकात में उन्होंने आरोपियों को कठोर धाराएं लगाते हुए सजा दिलाए जाने की बात कही। बुधवार को कोतवाली में पहुंचे संगठन के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोतवाल उपाध्याय से वार्ता की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने बताया की जीवन कनौली, पवन दानू, विनोद दानू और अन्य 1 आरोपी के खिलाफ धारा 118 (1), 351, (2) 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। जिसमे मेडिकल रिपोट के बाद धारा 325 और बढ़ा दी गयी हैं और राम मूर्ति बरेली की मेडिकल के रिपोर्ट आने के बाद और धाराएं बढ़ाई जा सकती है। और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके घरो और अन्य जगहों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। कार्यकर्ताओं नेकहा की मामले की किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही जल्द गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतवानी दी है। इस मौके पर कवि जोशी जिलाध्यक्ष संघर्ष वाहिनी बागेश्वर, सुनील पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष, नवनीत बिष्ट जिला महासचिव, पंकज परिहार जिला उपाध्यक्ष, विनोद थापा सोशल मीडिया प्रभारी, नागेंद्र मनवाल जिलाध्यक्ष सचिव, विजय परिहार, संजय उपाध्याय, संजय कुमार, मौली थापा, आशीष, धीरज उपाध्याय, जुनेद मोहम्मद, रिजवान खान, आशीष अंडोला, मनोज जोशी, मोनिश खान, राहुल वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, अनिल चौबे, विशाल रावत आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण तीसरे दिन भी

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण तीसरे दिन भी जारी रहा। कार्यकम प्रभारी डॉ. संदीप कुमार जोशी ने बताया कि तृतीय दिवस में दक्षता आधारित आकलन हेतु प्राप्त निर्देशों के अनुरुप भाषा एवं गणित के प्रश्नपत्रों का निर्माण किया गया। इस प्रकार के प्रश्नपत्रों का निर्माण कर शिक्षकों द्वारा विद्यालय में प्रति सप्ताह बच्चों का मल्यांकन किया जाएगा, जिससे बच्चे सत्र 2026-27 की परख परीक्षा हेतु तैयार हो सकें। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार तथा डायट प्राचार्य, चक्षुष्पति अवस्थी ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। इस अवसर पर डा. मनोज कुमार पाण्डे, बलवन्त कालाकोटी, संजय पूना, सुरक्षा व विजय नौटियाल उपस्थित रहे।

### कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन कल से

**बागेश्वर।** 17 वाँ राष्ट्रीय कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन विगत वर्षो की तरह इस वर्ष जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रुद्रपुर उधमसिंह नगर में 7, 8 एवं 9 नवम्बर तक आयोजित होगा सम्मेलन में राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर के कुमाउनी भाषाविद्, लेखक, नवोदित कवि साहित्यकारों की उपस्थिति में कुमाऊंनी भाषा को सविधान की आठवी अनुसूची में शामिल करने, उत्तराखंड के सभी विधालयों में एक विषय के रूप में लागू कराने का प्रस्ताव पारित कर शासन प्रशासन को भेजा जायेगा तीन दिनों तक चलने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सभी भाषा प्रेमियों से सादर अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपना सहयोग प्रदान करेंगे उक्त के संदर्भ में आज बागेश्वर जनपद के संयोजक किशन सिंह मलड़ा, रमेश पर्वतीय, डा के एस रावत, डा. हेम चंद्र दुबे, डा. पिंकी पांडेय, डा. नेहा पालनी भाकुनी, चरण सिंह बघरी, सुनीता टम्टा, गीता रावल, शैलेंद्र चौहान, नवल किशोर टम्टा, राजेंद्र सिंह आदि भाषा प्रेमियों ने चर्चा कर अधिक से अधिक संख्या में अपनी गरिमामय उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई

### वैपकोस अभियंता को कारण बताओ नोटिस

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी ने पिंडर नदी पुल निर्माण में देरी पर वैपकोस अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। लंबे समय से पिंडर नदी पर वैपकोस द्वारा बनाए जा रहे पुल का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता, वैपकोस को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि उनके द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर भी पुल निर्माण कार्य क्यों पूर्ण नहीं किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की लापरवाही जनहित के कार्यों में अनावश्यक विलंब उत्पन्न करती है। उन्होंने अभियंता से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो अधिशासी अभियंता वैपकोस के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्यवाही की जाएगी।पिंडर नदी पर मोटर पुल बनाने के लिए वर्ष 2021 में टेंडर लगा दिए गए थे। कार्यदायी संस्था वॉप्कोश ने फरवरी 2024 तक पुल का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा था।

### विवेकानंद इंटर कॉलेज में सप्तशक्ति संगम

**बागेश्वर।** बुधवार को विवेकानन्द विद्या मन्दिर इण्टर कालेज मण्डलसेरा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदेश्य मातृ शक्ति के गौरव संस्कृति संरक्षण एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षा चेतना गढ़िया प्रधानाचार्या इण्टर कालेज दफौट के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया मुख्य वक्ता शीला कर्मयाल सामाजिक कार्यकर्ता ने भारत के विकास महिलाओं का योगदान तथा ललिता रावत अध्यापिका ने कुटुम्ब प्रबोधन की भारतीय दृष्टि और पर्यावरण के सम्बन्ध में भास्तीय दर्शन और व्यवहार पर विषय रखा गया तथा ममता मेहरा जिला संयोजिका बागेश्वर द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गयी।

### गंगा स्नान पर्व पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित

**काशीपुर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आज तृतीय पखवाड़ा दिवस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के निर्देशानुसार महानगर कांग्रेस कमेटी, काशीपुर के अध्यक्ष मुशर्रु हुसैन के नेतृत्व में श्री गंगे बाबा मंदिर पर गुरु पर्व/गंगा स्नान के पवित्र पर्व पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खिचड़ी वितरण कर प्यार और स्नेह संदेश देते हुए गुरु नानक जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा, पीसीसी सदस्य एवं उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल, पीसीसी सचिव जितेंद्र सरस्वती, आई टी सेल संयोजक शादान इकबाल, मंसूर अली मंसूरी, गौरव चौधरी, अजीता शर्मा, सीमा नेगी, मो. आरिफ सैफी, राकेश भगत, संजीव शर्मा, तरुण लोहनी, परम सिद्धू, रमन दीप सिंह आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर गंगा स्नान पर्व के अवसर पर आज यहां विभिन्न मंदिरों में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

# खनन न्यास निधि से दूर की जायेंगी बुनियादी समस्याएंः डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** खनन न्यास प्रबंध समिति की बैठक जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में निधि के माध्यम से जनपद में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि खनन न्यास निधि का उपयोग ऐसे कार्यों में किया जाएगा जो सीधे जनसामान्य के जीवन से जुड़े हों। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में अवस्थापना सुविधाओं की कमी दूर करना, विद्यालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना और पेयजल आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से प्राथमिक आवश्यकताओं वाले क्षेत्रों की पहचान करें, ताकि निधि का अधिकतम और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद में विकास योजनाएँ तभी सार्थक होंगी जब स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों पर ठोस सुधार दिखाई दे। बैठक में सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एडीएम युक्ता मिश्र, सीएमओ डा. नवीन चंद्र तिवारी, खनन अधिकारी राहुल रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया प्रकाशोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव बुधवार को बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लिंक रोड स्थित गुरुद्वारे में शबद कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारे में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और गुरु बाणी के माध्यम से गुरु नानक देव जी के उपदेशों का स्मरण किया। कीर्तन के दौरान संगत ने गुरु जी के बताए रास्ते पर चलने, मेहनत और जनसेवा का संकल्प लिया। वहीं, गुरुद्वारे पहुंचे लोगों ने कहा कि गुरु नानक देव सिखों के प्रथम गुरु थे। उन्होंने समाज के लिए कई कार्य किए। कहा कि समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए जनसेवा का मार्ग अपनाना जरूरी है। इस अवसर पर कुलदीप सिंह बवेजा, सुनील सजदेवा, रवि सजदेवा, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, अमरजीत कौर, उषा सजदेवा, संविंदर कौर समेत बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग मौजूद रहे।



## स्कूटी से फर्राटा भर रहा नशेड़ी चालक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा जनपद पुलिस को नशेड़ी चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह व सीओ गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी धारानौला प्रभारी आनंद बल्लभ कश्मीरा द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यूके 04 एच 7210 का चालक सूरज लाल निवासी अल्मोड़ा नशे में स्कूटी चलाता पाया गया। जिसे तत्काल मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज करते हुए 14,500 रुपये की कोर्ट चालानी कार्यवाही की गई।

# मेयर साहब ज़रा इधर ध्यान दीजिए

## नाले के स्लैब टूटे होने से आये दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महाराणा प्रताप चौक के निकट आरओबी की सर्विस रोड पर जगह-जगह नाला खुला होने के कारण आये दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। नाले के पास से गुजरने पर कई दोपहिया वाहन चालक इसमें गिर चुके हैं और चौपहिया वाहन का भी पहिया इसमें गिरकर वाहन फंस चुके हैं। गत दिवस भी एक बाइक सवार इस स्लैब टूटे नाले में गिरकर चोटिल हो गया। नाले में गिरे उस युवक को वहां से गुजर रहे दो युवकों ने खींचकर बाहर निकाला। यहां के दुकानदारों का कहना है कि लगभग चार-पांच माह पूर्व नाले की सफाई के लिए इसके ऊपर डाले गये स्लैब जगह-जगह से तोड़े गये थे और आधी-अधूरी सफाई के बाद उन स्लैबों को ऐसे ही टूटा हुआ छोड़ दिया गया है। आये दिन लोग इनमें गिरकर घायल हो रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि बरसात में तो स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है रोड पर पानी भरने के बाद पता ही नहीं चलता कि नाला कहां है और सड़क कहां है। उन्होंने मेयर दीपक बाली से मांग की है कि वे शीघ्र ही इस समस्या का संज्ञान लेकर नाले के टूटे हुए स्लैबों के स्थान पर लोहे के जाल बनवाकर लगवा दें ताकि आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं से छुटकारा मिल सके।



# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक मकान व चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को दो बेटियों के साथ घर से निकाल दिया। आरोप है कि पति ने धमकी दी है कि उसकी डिमांड पूरी नहीं हुई तो वह दूसरी शादी कर लेगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। छीना फार्म ढकिया गुलाबो रोड टांडा उज्जैन निवासी रमनदीप कौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग 5 वर्ष पूर्व उसका विवाह घटिया फार्म सितारगंज उधम सिंह नगर निवासी गुरमेज सिंह पुत्र जगजीत सिंह के साथ हुआ था। पति की सोहबत से उसने दो पुत्री को जन्म दिया। उसकी एक पुत्री 4 वर्ष की है और दूसरी एक वर्ष की है। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि उसके पति के अन्य महिला से अवैध संबंध हैं। अवैध संबंधों का विरोध करने पर 3 दिन पूर्व पति द्वारा उसे मासूम बेटियों के साथ धक्के मार कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि इस षड्यंत्र में उसकी सास, जेठ, ननद पूरी तरह हमसाज हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह चार माह के गर्भ से है। पति ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया है। पीड़िता का आरोप है कि वापस ससुराल जाने के नाम पर एक मकान और चार पहिया गाड़ी की मांग की जा रही है।

# भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैः डा. अनिल डब्बू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंडी समिति अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। वे यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाएँ जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, सड़क एवं सिंचाई परियोजनाएं प्रदेश के हर जिले में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी सशक्त हो रही है। डा. डब्बू ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि विकास का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक पहुँचे। उन्होंने बताया कि आगामी समय में क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में कई नई परियोजनाएं प्रारंभ की जायेंगी। इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए सतत प्रयासरत है और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए दूरदर्शी नीतियां लागू कर रही है। प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुरविन्दर सिंह चण्डोक, काशीपुर जिला प्रभारी जगवीर सिंह, कार्यालय प्रभारी रिकी मनरान आदि मौजूद थे।



## कैंट होते हुए डोलीडाना तक ट्रेकिंग में जुटे लोग

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पर्यटन विभाग की ओर से ट्रेक एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने ट्रेकिंग में हिस्सा लेकर स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूक किया। बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर अजय वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद ट्रेक की शुरुआत पर्यटन कार्यालय से कैंट क्षेत्र से होकर डोलीडाना पहाड़ी की परिक्रमा करते हुए वापस करबला में संपन्न हुआ। पूरे रूट पर सफाई अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया। डोलीडाना खेल मैदान की सफाई की गई और कूड़े को एकत्र कर निस्तारण किया।

# सतर्कता जागरूकता में तेजस प्रथम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सतर्कता विभाग उत्तराखण्ड द्वारा 27 अकटूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया जिसकी थीम सतर्कता हमारी साझा जिमेदारी था। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत बुधवार को ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस भीमताल में निदेशक सतर्कता की उपस्थिति एवं निर्देशन में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक सतर्कता डा. वी. मुरूगेशन द्वारा छात्रों एवं उपस्थित अधिकारियों व अध्यापकों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के संबन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा इस संबन्ध में छात्रों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिये गये साथ ही कार्यकम में उपस्थित सभी अधिकारियों समेत विश्वविद्यालय के छात्रों एवं अध्यापकों को भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठा शपथ दिलायी गयी। छात्रों द्वारा कार्यक्रम की थीम सतर्कता हमारी साझा जिमेदारी पर लघु फिल्म बनायी गयी जिसमें तेजस उप्रेती ने प्रथम तथा साहिल सिंह ने द्वितीय तथा अभिनव खर्कवाल द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें पुरस्कृत किया गया। इसी थीम पर डा. फराह खान के निर्देशन में छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित किये गये। कार्यक्रम के दौरान ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के निदेशक सेवानिवृत कर्नल एके नायर द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक सतर्कता डा. वी. मुरूगेशन, निदेशक ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी सेवानिवृत कर्नल एके नायर व युनिवर्सिटी तथा सतर्कता विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# ब्रायलर फार्म योजना की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सीडीओ रामजीशरण शर्मा ने बुधवार को ब्रायलर फार्म योजना के अंतर्गत समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने चयनित लाभार्थियों को योजना का लाभ शीघ्र प्रदान किया जाने निर्देश दिए। विकास भवन में आयोजित बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. योगेश अग्रवाल द्वारा जनपद को प्राप्त आवेदनों का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिन्हें जिला स्तरीय समिति के समक्ष रखा गया। समिति द्वारा परीक्षण उपरांत 66 आवेदनों को अनुमोदित किया गया। बैठक में सीडीओ ने कहा कि योजना का उद्देश्य पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ब्रायलर फार्म योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 500 ब्रायलर (एक दिवसीय चूजों) के 6 बैच पालने पर 60 हजार का अनुदान प्रदान किया जाता है। बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा जनपद में अन्य कुकुट पालन योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। जिनका उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर आयवृद्धि और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले कैडेट्स

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** एक अत्यंत गौरवपूर्ण एवं सम्मानजनक क्षण में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के कैडेट्स के एक दल को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से उनकी देवभूमि उत्तराखंड यात्रा के दौरान मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। यह मुलाकात स्कूल के हीरक जयंती समारोह का एक महत्वपूर्ण भाग रहा। बता दें कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल जो देश का 15वाँ सैनिक स्कूल है और उत्तराखंड का एकमात्र सैनिक स्कूल है जो वर्ष 1966 में स्थापित किया गया था।

यह विद्यालय भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है और सैनिक स्कूल्स सोसाइटी के अधीन कार्य करता है। यह विद्यालय उन युवा विद्यार्थियों का स्वप्न स्थल है जो राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में प्रवेश का लक्ष्य रखते हैं। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल अब तक 10 बार रक्षा मंत्री ट्राफी प्राप्त कर चुका है।



सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के कैडेट्स की भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से हुई यह भेंट विद्यालय की गौरवशाली यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलबधि के रूप में दर्ज हुई है। पिछले साठ वर्षो से यह संस्थान देश के भावी नेतृत्वकर्ताओं को गढने में अग्रणी रहा है। कैडेट्स के साथ विद्यालय के प्राचार्य गुप कैप्टन विजय सिंह डंगवाल व शिक्षकगण भी उपस्थित थे। यह अवसर संपूर्ण घोड़ाखाल के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बना। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च सेनानायक से हुई यह भेंट कैडेट्स की स्मृतियों में सदैव अंकित रहेगी और उन्हें राष्ट्र सेवा में और ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## भारत की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही सरकारः टम्टा

**बागेश्वर।** पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि अग्निवीर भर्ती कर भाजपा सरकार ने भारत की सुरक्षा पर खिलवाड़ करने का काम किया है। कुमाऊं और गढ़वाल रेजीमेंट को खत्म करने का काम सरकार कर रही है। युवाओं को भ्रमित करने का काम भी सरकार ने किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ के हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से बुलाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के माध्यम से सैनिकों को बुलाए। पार्टी कार्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात की। उन्होंने कहा कि ऐसे में हल्द्वानी में रक्षा मंत्री का कार्यक्रम करना कांग्रेस की समझ से परे है। पूर्व सैनिकों को अपने राजनैतिक मंच में बुलाकर उन्हें भ्रमित करने का काम किया है।

# एएमपीएस में धूमधाम से मनाई गई गुरु नानक जयंती



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नयागांव स्थित अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रथम सिख गुरु गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना और गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के साथ हुई। चूनाखान गुरुद्वारे के ग्रंथि बाबा बलवीर सिंह ने पवित्र पाठ का वाचन किया और बच्चों को गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।विद्यालय प्रबंधक टीना खन्ना ने कहा कि गुरु नानक जी का जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है, और उनकी बताई राह पर चलकर ही सच्ची शांति और सद्भावना स्थापित की जा सकती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्रों ने एक-दूसरे को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं।


# डीएम ने किया नारायणी नक्षत्र पौधशाला का निरीक्षण

■ डीएम बोलीं: नैनबाग क्षेत्र में बागवानी से बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसानों को अपनानी होगी नई तकनीक
राज्य में बागवानी के बड़े अवसर, डीएम नितिका खंडेलवाल ने कहा कृफलों की पैदावार और बाजार दोनों में संभावनाएं अपार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने मंगलवार को ग्राम पांव, नैनबाग स्थित नारायणी नक्षत्र पौधशाला का निरीक्षण किया और पौधशाला में की जा रही उन्नत बाग. वानी गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बागवानी के क्षेत्र में संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में मौसमी और विदेशी फलों की खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं, जिनकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्यापक मांग है।
उन्होंने कहा कि नैनबाग बेल्ट की उर्वर भूमि और अनुकूल जलवायु का लाभ उठाते हुए यहां बागवानी को नई तकनीकों के साथ बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे न केवल फलों की पैदावार में वृद्धि होगी बल्कि बाजार का विस्तार भी होगा, जिससे स्थानीय किसानों और युवाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि ग्रामोत्थान रीप परियोजना के तहत बागवानी को प्रोत्साहित करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें।
पौधशाला का संचालन कर रहे कुंदन सिंह पंवार ने बताया कि वे वर्ष 1998 से बागवानी कार्यों में सक्रिय हैं और अब तक कीवी, आड़ू, पुलम, खुबानी, वॉलनट, आम और सेब जैसी कई प्रजातियों की खेती कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने तकनीकी रूप से पारंपरिक सेब की जगह अब खुबानी की रंगीन प्रजातियों को लगाया है। इसके अलावा पुलम की ग्रीनगेज और रेडब्यूट जैसी उन्नत किस्मों का भी सफल उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नैनबाग की निकटता कैंपटी और मसूरी जैसे पर्यटक स्थलों से होने के कारण अब यहां पर्यटन की दृष्टि से भी फलों की खेती को जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है।
कुंदन सिंह पंवार के पुत्र राहुल पंवार, जिन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय से हॉर्टिकल्चर में बीएससी की पढ़ाई की है, ने बताया कि वे गांव में रहकर ही स्वरोजगार अपनाने और अपने पिता की तरह बागवानी को टूरिज्म से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और नवाचार के माध्यम से बागवानी को न केवल लाभकारी बनाया जा सकता है, बल्कि इसे स्थानीय रोजगार का मजबूत माध्यम भी स्थापित किया जा सकता है।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पौधशाला में लगाए गए विभिन्न पौधों, उनके रखरखाव और विपणन प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ जिले के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।
इस मौके पर डीडीओ मो. असलम, तहसीलदार वीरम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पौधशाला में चल रहे कार्यों की जिलाधिकारी ने सराहना की और कहा कि इस तरह की पहलें पूरे जनपद के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# चिन्यालीसौड़ में आधार केंद्र बंद, लोग परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चिन्यालीसौड़ ( उत्तरकाशी ) :** विकासखंड चिन्यालीसौड़्ध का आधार केंद्र पिछले तीन माह से बंद पड़ा हुआ है। आधार केंद्र बंद होने से स्थानीय लोगों को आधार से जुड़ी कार्यवाही करवाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अब आधार कार्ड बनवाने या संशोधन कराने के लिए उत्तरकाशी जिला मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे लेकिन जिला मुख्यालय में भी लंबी कतारें लगी रहती है ।
जिससे लोगों का समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।
पूर्व कनिष्ठ उप प्रमुख उर्मिला रांगड़ ने प्रशासन से मांग की है कि ब्लॉक मुख्यालय पर बंद पड़े आधार केंद्र को शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। वहीं ब्लॉक प्रमुख रणबीर महंत ने बताया कि हाल ही में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर के दौरान उन्होंने इस समस्या को जिलाधिकारी उत्तरकाशी के समक्ष रखा था। जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि बंद पड़े आधार केंद्र को जल्द ही फिर से संचालित किया जाएगा।

## खिर्सू में दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम संपन्न

**कोटद्वार ।** राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पर्यटन विभाग द्वारा विकासखंड खिर्सू के आसपास के जंगलों में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों सहित कुल 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध बर्ड वॉचर अजय शर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की पक्षियों की पहचान, उनके आवास (हैबिटेट) और व्यवहार के आधार पर पहचान करने की जानकारी दी। बच्चों ने दूरबीन के माध्यम से पक्षियों को निहारा और उनकी आवाज, रंग और उड़ान शैली को समझने का प्रयास किया। इस दौरान स्कूली बच्चे काफी उत्साहित नजर आए।

# टिहरी झील में वॉटर स्पोर्ट्स का रोमांच, रजत जयंती पर कराया आयोजन

■ राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर टिहरी झील में दिखा रोमांच का रंग, पर्यटक हुए मंत्रमुग्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई टिहरी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती वर्ष) के उपलक्ष्य में पर्यटन विभाग द्वारा 1 नवंबर से 9 नवंबर 2025 तक राज्यभर में विविध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में बुधवार को टिहरी झील में रोमांचक वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का भव्य आयोजन हुआ, जिसने पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को उत्साह से भर दिया।
कार्यक्रम के दौरान टिहरी झील की नीली लहरों पर बोटिंग, कयाकिंग, पैरासेलिंग और अन्य एडवेंचर गति. विधियों का रोमांचक प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने इन गतिविधियों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। झील किनारे उपस्थित दर्शक इन मनमोहक दृश्यों को देखकर उत्साहित नजर आए।
जिला पर्यटन विकास अधिकारी सोबत सिंह राणा ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पर्यटन विभाग पूरे राज्य में पर्यटन जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इन कार्यक्रमों में स्वच्छता अभियान, पर्यटन गोष्ठियाँ, एरो स्पोर्ट्स, वॉटर स्पोर्ट्स प्रदर्शन, एमटीवी साइकिल रैली और सांस्कृतिक आयोजन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश में स्वच्छ, सुरक्षित और जिम्मेदार पर्यटन की भावना को बढ़ावा देना है, साथ ही युवाओं को रोमांचक पर्यटन गतिविधियों से जोड़ना भी इसका मुख्य लक्ष्य है।
उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य और रोमांचक पर्यटन की असीम संभावनाओं से भरा प्रदेश है, और ऐसे आयोजनों से राज्य की छवि एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में और अधिक सशक्त होगी।
कार्यक्रम में बोट यूनियन के अध्यक्ष वीरेंद्र नेगी, सचिव मनीष रावत, उपाध्यक्ष नीरज, कोषाध्यक्ष अनूप पंवार, सुरेश पैन्यूली, सुमेर रावत, मनोज बिजलवान, उम्मेद राणा, गीता चौहान और दरमियान सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में पर्यटक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा, और झील क्षेत्र पर्यटकों के उल्लास व रोमांच से गूंजता रहा।

**एक नजर .......**

## परेड़ में सेंट थेरेसास और झांकी में मार्शल स्कूल विजेता

**श्रीनगर।** बैकुंठ चतुर्दशी मेले में आयोजित परेड प्रतियोगिता के एनसीसी वर्ग में राजकीय पालिटेक्निक श्रीनगर ने प्रथम, गढ़वाल विवि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एनएसएस में गढ़वाल विवि श्रीनगर ने प्रथम, रेनबो पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, सीनियर वर्ग में सेंट थेरेसास स्कूल ने प्रथम, रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास ने द्वितीय, जूनियर वर्ग में द मार्शल स्कूल श्रीनगर ने प्रथम, आरसी मैमोरियल पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, प्राथमिक वर्ग में शारदा बाल एकेडमी आंचल डेयरी ने प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। झांकि प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में मार्शल पब्लिक स्कूल प्रथम, जूनियर वर्ग में रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास ने द्वितीय और सीनियर वर्ग में सेंट थेरेसास स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता टीमों को महापौर आरती भंडारी ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।

## श्रीफल और आर्शीवाद देकर दंपतियों को किया विदा

**श्रीनगर।** बैकुंठ चतुर्दशी (कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी) की सुबह कमलेश्वर महादेव मंदिर में खड़ा दीया अनुष्ठान में भाग लेने वाले संतान प्राप्ति की कामना के लिए खड़ा दीया करने वाले दंपतियों ने श्रीफल लेकर व्रत तोड़ा। मंदिर के महंत आशुतोष पुरी ने बुधवार को दंपतियों को संतान प्राप्ति और खुशहाली का आशीर्वाद देकर विदा किया। इस मौके पर कमलेश्वर के महंत आशुतोष पुरी ने 1008 कमल पुष्प भगवान कमलेश्वर को अर्पित किए। मंगलवार को गोधुलि वेला में खड़ा दीया अनुष्ठान शुरू हुआ था, जिसमें 190 दंपती शामिल हुए। बुधवार सुबह पूजा के बाद दंपतियों ने महंत आशुतोष पुरी को शिव का प्रतिनिधि मानते हुए दीपक उनके हाथ में सौंप दिया। गंगा स्नान करने के पश्चात हवन व गौ दान कर महंत के हाथों श्रीफल लेकर दंपतियों ने उपवास खोला। रात्री लगभग 4 बजे कमल पुष्प चढ़ाकर भगवान शिव की विशेष पूजा की गई। इस मौके पर दीपिका पुरी ने भगवान शंकर को भोग बनाया। मौके पर दुर्गा प्रसाद बमराडा,प्रदीम फोंदणी, शिवम नैथानी, जगदीश नैथानी सहित आदि मौजूद थे।

## ओवरटेक को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत श्रीकोट के समीप ओवरटेक मामले को लेकर गहमागहमी हो गयी। मामला इतना बढ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी। बाद में दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे, जहां करीब तीन घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पुलिस की काफी समझाने के बाद देर रात दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को श्रीकोट की ओर से श्रीनगर आ रहे एक व्यापारी और कुछ स्थानीय युवाओं के बीच वाहन ओवरटेक करने को लेकर बहस छिड़ गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ने पर दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे, जहां भी बहस जारी रही। मौके पर पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया और बातचीत के माध्यम से विवाद सुलझाने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि ओवरटेक के विवाद को लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे, लेकिन किसी भी पक्ष द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई। दोनों पक्ष आपसी सहमति से राजीनामा कर चुके हैं।

## बीएड के छात्रों ने बताये गंगा संरक्षण के सूत्र

कोटद्वार। मालिनी वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोटद्वार में गंगा दिवस के अवसर पर गंगा के महात्म्य एवं संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं नूतन कुकरेती के निर्देशन में गंगा आरती गायन से हुआ। प्रकाश चन्द्र के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। चेयरमैन योगम्बर सिंह ने बताया कि 4 नवंबर के ही दिन गंगा राष्ट्रीय नदी घोषित हुई थी और भारत सरकार ने गंगा की सफाई के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें एक नमामी गंगे है। नगर निगम कोटद्वार से आये सपना एवं विपुल ने बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड, युट्रोफिकेशन आदि विषयों पर जानकारी दी। छात्रों में सिद्धार्थ, अनु, अभिषेक, असमा, प्रखर, सर्वज्ञ, आयुष, रेखा, प्रियंका ने गंगा संरक्षण पर बनाये चित्र, स्लोगन एवं निबंध प्रस्तुत किये। आकांक्षा और नेहा ने मनमो. हक नृत्य प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ प्रभा जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए उत्तराखंड में गंगा के उद्गम एवं लोक मान्यताओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में डॉ रुनुमी शर्मा, मानसी, एवं सुश्री स्वेता रावत भी उपस्थित थे।

# सरकार से उपेक्षित गुरिल्लाओं ने दी आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक के एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्लाओं ने अपनी वर्षों पुरानी मांगों की अनदेखी पर प्रदेश सरकार के प्रति गहरा रोष प्रकट किया है। बुधवार को घनसाली स्थित गैस गोदाम में आयोजित संगठन की बैठक में गुरिल्लाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज मांगों पर सरकार ने शीघ्र और ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वे व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।
बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला ने की। उन्होंने कहा कि एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला लंबे समय से अपने अधिकारों और हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक केवल खोखले आश्वासन ही दिए हैं। उन्होंने बताया कि दिसम्बर 2023 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरिल्ला हितों पर चर्चा के लिए 18 सचिवों के साथ बैठक बुलाई थी, लेकिन लगभग दो वर्ष बीत जाने के बावजूद उस बैठक के निर्णयों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे यह साफ झलकता है कि सरकार प्रशिक्षित गुरिल्लाओं की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है।
गैरोला ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही वर्ष 2016 में सभी राज्यों को प्रशिक्षित गुरिल्लाओं के हित में आवश्यक निर्देश भेजे थे, लेकिन प्रदेश सरकार ने अब तक उन्हें लागू नहीं किया। इस उपेक्षा से प्रशिक्षितों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगेंकृनौकरी, पेंशन, तथा आश्रितों को लाभकृजल्द पूरी नहीं कीं, तो संगठन सड़कों पर उतरकर चक्का जाम, सचिवालय कूच और मुख्यमंत्री आवास घेराव जैसे बड़े आंदोलन करने को मजबूर होगा।
प्रशासनिक मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने कहा कि सरकार बार-बार वादे कर जनता को गुमराह कर रही है। गुरिल्ला समाज अब चुप नहीं बैठेगा और अपने अधिकारों की लड़ाई को निर्णायक रूप देगा। बैठक में ब्लॉक महासि. चव जगदीश प्रसाद सेमवाल, मोर सिंह झिरवाण, प्रेम सिंह कलोड़ा, सत्येंद्र सिंह भंडारी, सूरत सिंह बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद सेमवाल, दिलवर चंद्र रमोला, अरविंद रावत, कुसुम सेमवाल, अनीता देवी, कविता देवी और गीता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।
बैठक का समापन सरकार के खिलाफ तीखे स्वर और एकजुटता के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी गुरिल्लाओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

## गढ़वाल विवि के डा. कपिल गंगा सेवा सम्मान से नवाजे गये

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय गंगा नदी दिवस के अवसर पर गंगा विश्व धरोहर मंच एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय नदी गंगा पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई इस संगोष्ठी में गंगा के आध्यात्मिक, सामाजिक, साहित्यक आदि पहलुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पद्मश्री तथा रमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी. मेहता के द्वारा गढ़वाल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सह-आचार्य डॉ. कपिल देव पंवार को गंगा सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

## पुलिस आमजन को जागरूक करने के लिए कर रही है प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सतपुली ।** महिला सुरक्षा केवल कानून की परिधि तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से एसएसपी पौड़ी के निर्देशन में पौड़ी पुलिस द्वारा जनपद में लगातार जन-जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहे है।
बुधवार को थाना सतपुली पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर ग्रीन पब्लिक स्कूल, सतपुली में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 1930 साइबर फ्रॉड, 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात सहायता के बारे में बताने के साथ ही सभी को सतर्क और जागरूक रहने और अपने आस पास भी जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया। गौरा शक्ति ऐप के उपयोग की जानकारी दी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सके। इस दौरान जन-जागरूकता पंपलेट वितरित कर हर नागरिक को सुरक्षित, सतर्क और जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

## पुरानी पेंशन समर्थक निकालेंगे धारी देवी तक पदयात्रा

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की एक आम बैठक आयोजित हुई। बैठक में पेंशन बहाली की मांग को लेकर ठोस रणनीति बनाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान कीर्तिनगर से धारी देवी मंदिर तक परिवार सहित कर्मचारियों द्वारा पैदल मार्च निक. ाले जाने का निर्णय लिया गया। बुधवार को कीर्तिनगर विकासखंड में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के टिहारी जनपद अध्यक्ष राजीव उनियाल ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज करने को लेकर अपने विचार रखे व आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

# केदारपुरी ने ओढ़ी बर्फ की चादर

■ बर्फ ने किए वाहनों के पहिए जाम, माइनस तापमान में कट रहा जीवन, आईटीबीपी के जवान मंदिर की सुरक्षा में जुटे,

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई है। अत्यधिक मात्रा में बर्फबारी होने से पुनर्निर्माण कार्यों पर भी ब्रेक लग गया है। बर्फबारी ने भारी वाहनों के पहिए भी जाम कर दिए हैं। ऐसे में धाम में अब निर्माण कार्यों को करना आसान नहीं है। वहीं, आईटीबीपी के जवान माइनस तापमान में भी धाम की सुरक्षा में जुटे हुए हैं।
केदारनाथ धाम में बर्फबारी होने से जहां धाम का तापमान माइनस में जाने लगा है, वहीं निचले इलाकों में भी ठंड बढ़ने लगी है। लोग सुबह और शाम के समय गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करने लगे हैं। केदारपुरी ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। दो दिनों से धाम में बर्फबारी हो रही है। यहां एक फीट तक बर्फ जम गई है, जिस कारण पुनर्निर्माण कार्यों पर भी ब्रेक लग गया है। निर्माण कार्यों में लगे वाहनों के पहिये भी बर्फ में जाम हो गए हैं। धाम में ठंड का अत्यधिक प्रकोप भी बढ़ने लगा है। कपाट बंद होने के बाद धाम में पुनर्निर्माण कार्यों में जुटे मजदूरों के साथ ही सुरक्षा ड्यूटी में लगे आईटीबीपी के जवानों के अलावा कुछ साधु संत मौजूद हैं। अगर धाम में बर्फबारी का दौर लगातार जारी रहेगा तो पुनर्निर्माण कार्यों में जुटे मजदर नीचे सोनप्रयाग लौट आयेंगे और फिर अगले वर्ष निर्माण कार्यों को किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि केदारपुरी की सुरक्षा में आईटीबीपी के जवान जुटे हुए हैं।
धाम में दो दिनों से बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण ठंड भी अत्यधिक बढ़ गई है। सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सभी व्यवस्थाओं के साथ ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं। इनके लिए धाम में सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। वहीं पुनर्निर्माण कार्यों में जुटे मजदूरों को भी सभी आवश्यक चीजों को दिया गया है, जिससे वे अपनी सुरक्षा कर सकें। उन्होंने बताया कि धाम में बर्फबारी ज्यादा होने पर मजदूर सोनप्रयाग लौट आयेंगे।

# राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को साकार कर रही सरकार : डॉ.सैनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**उत्तरकाशी।** रजत जयंती सप्ताह का तीसरा दिन राज्य की विकास गाथा, कला, संस्कृति और लोक संवाद का अद्भुत संगम लेकर आया। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मसीह दिलासा स्कूल तिलोथ,राइंका मातली एवं सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग उत्तरकाशी के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता।
साथ ही विभागों के आकर्षक स्टॉलों में किसान,बागवान व पशुपालकों को और पुस्तक प्रदर्शनी में आगंतुकों की रुचि को जगाया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद डॉ.कल्पना सैनी ने प्रतिभाग किया।
कार्यक्रम में कलाकारों ने लोकनाट्य,लोकगीत,संगीत एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत कर दिया। मंच पर प्रस्तुत गढ़वाली,कुमाऊनी और हिमाचली गीतों और लोकनृत्यों ने उपस्थित जनसमूह को थिरकने पर विवश कर दिया।
रजत जयंती सप्ताह के तीसरे दिन भी कृषि,उद्यान,उद्योग,पशुपालन,मत्स्य, बाल विकास सहित अनेक विभागों के स्टॉलों पर बड़ी संख्या में किसान, बागवान और पशुपालक पहुंच रहे हैं। राज्यसभा सांसद डॉ.कल्पना सैनी ने सम्बोधित करते हुए प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना रजत जयंती की शुभकामनाए दी तथा शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन किया। ।
इस अवसर पर राज्य सभा सांसद एवं अपर जिलाधिकारी ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी,अजय नौटियाल,मनवीर रावत ने किया।
इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नागेन्द्र चौहान,प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा चंडी प्रसाद बेलवाल,जिला पंचायत सदस्य दीपेंद्र कोहली, जिला महामंत्री भाजपा महावीर नेगी,ओंकार नेगी, विक्रम सिंह,क्षेत्र पंचायत सदस्य बाल शेखर नौटियाल,व्यापार मंडल रमेश चौहान,होटल एसोसिएशन सचिव सुभाष कुमाई,अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र, उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा,पुलिस उपाधीक्षक जनक पंवार,सीएमओ डॉ.बीएस रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल,पीडी अजय सिंह,जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्र, उद्योग महाप्रबंधक शैली डबराल,मुख्य कृषि अधिकारी एसएस बर्मा,पर्यावरण विशेषज्ञ स्वजल प्रताप मट्ुड़ा,सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण,जनप्रति. निधि एवं स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# घनसाली में बेहतर स्वास्थ्य सुविधओं को लेकर विधायक ने सीएम से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई टिहरी।** घनसाली क्षेत्र में लगातार उठ रही स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शनों के बीच क्षेत्र की जनता को बड़ी उम्मीद मिली है। क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह ने विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर घनसाली सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने से संबंधित ज्ञापन सौंपा।
उन्होंने विशेष रूप से सीएचसी बेलेश्वर या पीएचसी पिलखी को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा देने की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए संबंधित सचिव को प्रस्ताव को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने के निर्देश दिए।विधायक शाह ने मुख्यमंत्री को बताया कि घनसाली ब्लॉक के बेलेश्वर और पिलखी जैसे दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अब भी बेहद कमजोर है। यहां न तो पर्याप्त चिकित्सक उपलब्ध हैं, न ही आधुनिक चिकित्सा उपकरण। आपातकालीन स्थिति या गंभीर बीमा. रियों की स्थिति में लोगों को नई टिहरी, श्रीनगर या देहरादून जैसे दूरस्थ स्थलों तक जाना पड़ता है, जिससे कई बार मरीजों की जान तक खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने कहा कि यदि पिलखी या बेलेश्वर में उप जिला चिकित्सालय की स्थापना की जाती है, तो स्थानीय जनता को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं घर के समीप ही मिल सकेंगी।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सचिव को निर्देश दिए कि इसे प्राथमिकता के साथ मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य के अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

# संघर्ष, संकल्प और सतत विकास की कहानी हैं उत्तराखंड के 25 वर्ष : सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश की जनता को उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे रजत जयंती उत्सव की शुभकामनाएं दी और कहा कि उत्तराखंड के 25 वर्ष संघर्ष, संकल्प और सतत विकास की कहानी हैं। आंदोलन और संघर्ष से अलग राज्य बने उत्तराखंड ने विकास, पर्यटन और आत्मनिर्भरता सहित सभी मोर्चों पर तरक्की की है। प्रैस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि स्थापना के 25 वर्षों में उत्तराखंड में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। अधिकांश गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ा गया है। रेल परिवहन और हवाई सेवाएं बेहतर हुई हैं। सेवाओं का विस्तार हुआ है। जल्द ही ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल सेवा शुरू होने से पहाड़ में रेल चलने का सपना भी साकार होने वाला है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि 2017 में उनकी सरकार ने हर गांव और हर घर को बिजली लाइन से जोड़ा। प्रत्येक घर में बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलसुविधा उपलब्ध करायी गयी। उत्तराखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जो एक रुपए में पानी का कनेक्शन लोगों को दे रहा है। एयर एम्बुलेंस और ड्रोन से दवाओं की डिलीवरी की योजना उत्तराखंड में ही शुरू की गई। जिससे सैकड़ों लोगों का जीवन बच रहा है। किसानों को जीरो प्रतिशत की दर से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। फूलों की खेती उत्तराखंड में एक बड़ा व्यवसाय बन गया है। 16 में से 14 क्लाइमेटिक जोन्स उत्तराखंड में है और राज्य के किसान उसका फायदा भी उठा रहे हैं। चारधामों सहित सभी धार्मिक स्थलों को विकसित करने का कार्य किया गया है। पुराने मंदिरों के पुनर्निर्माण का कार्य उनकी सरकार ने किया है। एडवेंचर टूरिज्म पर फोकस किया गया और टिहरी झील को केंद्र बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया गया। उत्तराखंड में पैराग्लाइडिंग की ट्रेनिंग लेने के लिए बाहर से लोग आ रहे हैं। पीएम मोदी ने यहां वेडिंग डेस्टिनेशन को बढ़ावा दिया और बाहर के लोग भी इसका फायदा उठा रहे हैं। उत्तराखंड में उनकी सरकार ने ही पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया और होम स्टे जैसी योजनाएं चलाई गई। अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना से हर परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच देने का काम उनकी सरकार ने किया है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रें में प्रतिवर्ष गुलदार, सांप या फिर अन्य दुर्घटनाओं के कारण लोगों की मौतें हो जाती हैं। मरने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। इसके देखते हुए घसियारी कल्याण योजना चलाकर बहुत कम दाम पर लोगों को चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में सड़क संपर्क मार्ग, रिंग रोड, सरकारी मेडिकल कालेज, ईएसआईसी हॉस्पिटल, भूमिगत बिजली लाइन, भूमिगत गैस पाइप लाइन, महिला चिकित्सालय का उच्चीकरण और भूपतवाला में सरकारी हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं भाजपा सरकार के राज में दी गई। बंद सड़कों को शुरू करने के लिए उन्होंने केंद्र सरकार से एक साथ 237 पुल मंजूर कराए। पुल बनने के बाद बंद सड़कों को चालू कराया गया। पिछले 25 सालों में ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण, महिला समूहों को ऋण, लखपति दीदी योजना, औद्योगिक विकास जैसे अभूतपूर्व कार्य हुए। फार्मा उद्योग में आज बीस प्रतिशत उत्पादन उत्तराखंड में हो रहा है। आज 40 लाख से ज्यादा वाहन उत्तराखंड में है। पच्चीस सालों में 800 करोड़ का बजट आज एक लाख करोड़ से ऊपर है। विधानसभा में चर्चा के दौरान पहाड़ मैदान को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने कहा कि पहाड़ मैदान का मुद्दा उचित नहीं है। सभी को मिलकर राज्य के विकास पर चर्चा करनी चाहिए। प्रैसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, प्रदेश मीडिया सहसंयोजक विकास तिवारी, पूर्व दर्जाधारी विमल कुमार, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट और जिला मीडिया संयोजक धर्मेंद्र चौहान आदि भी मौजूद रहे।

# सभी को गुरूनानक देव के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए : श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह

■ **निर्मल अखाड़े ने धूमधाम से मनाया गुरूनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में गुरूनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अखाड़े में स्थित गुरूद्वारे में शबद कीर्तन, गुरूवाणी का आयोजन और अरदास की गयी। अखाड़े के कोठारी महंत जसविन्दर सिंह महाराज के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में सभी 13 अखाड़ों के संतों ने गुरूनानक देव को नमन किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि गुरूनानक देव ने समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाने के साथ ऊंच, नीच जैसी बुराईयों को समाप्त कर समरसता का संदेश दिया। सभी को गुरूनानक देव के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कोठारी महंत जसविन्दर सिंह महाराज ने कहा कि गुरूनानक देव ने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित किया और समाज को एकता और भाइचारे की राह दिखायी। गुरूनानक देव की शिक्षाएं और विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। सभी को उनकी शिक्षाओं और विचारों का अनुसरण करते हुए धर्म व राष्ट्र सेवा में योगदान करना चाहिए। महंत खेमसिंह व महंत रंजय सिंह ने कहा कि श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल गुरूनानक देव द्वारा स्थापित परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मानव कल्याण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर महंत खेम सिंह, महंत निर्भय सिंह, महंत रघुवीर दास, महंत सूरज दास, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंददास, महंत हरभजन सिंह, महंत मलकियत सिंह, महंत रंजय सिंह, बीवी विनिंदर कौर सौढ़ी, महंत जनरैल सिंह, स्वामी केशवानंद, स्वामी महेशानंद, स्वामी सुधीर गिरी, स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी दिनेश दास, समाज सेवी अतुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर नवीन शिलापट का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शांतिकुंज एवं देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थापित नवीन शिलापट का आज आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद, हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, शांतिकुंज के मार्गदर्शक चिन्मय पंडया, शेफाली पंडया के करकमलों द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि शांतिकुंज केवल आध्यात्मिक केन्द्र नहीं, बल्कि युग परिवर्तन, समाज निर्माण और मानवीय मूल्यों के संवर्धन का वैश्विक केंद्र है। उन्होंने कहा कि देवसंस्कृति विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं में संस्कार, सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित होती है, जो उत्तराखंड ही नहीं, पूरे राष्ट्र की शक्ति है। रावत ने कहा कि यह शिलापट देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के उद्देश्य और दर्शन का जीवंत प्रतीक है। रावत ने इस द्वार को वसुधैव कुटुम्बकम् – विश्व एक परिवार है, की भावना का साकार रूप बताया और कहा कि यह द्वार संस्कार, सेवा और सकारात्मक परिवर्तन की ओर एक नई यात्रा का प्रतीक बनेगा। सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शांतिकुंज परिवार द्वारा समाज, संस्कार और सेवा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में शिक्षा केवल कक्षाओं में नहीं, बल्कि व्यवहार और जीवन मूल्यों में दी जाती है- यही इसकी विशेष पहचान है।



# दुकान से गीजर चोरी कर फरार हुआ चोर गिरफ्तार


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 3 नवंबर 2025 को वादी विपिन गोयल निवासी गोयल इंटरप्राइजेज नाथ नगर कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार की तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 1 नवंबर को वादी की दुकान नाथ नगर ज्वालापुर के बाहर से दो गीजर चोरी कर ले जाने के संबध में कोतवाली ज्वालापुर पर मुकदमा धारा 303(2) BNS पंजीकृत किया गया। जिसपर कार्यवाही करते हुए गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एकत्र कर चोर को चिन्हित किया गया मुखबिर तंत्र को क्षेत्र में मामूर किया गया कड़ी सुरागरसी पतारसी कर मुखवीर खास की सूचना पर अभियुक्त आकाश पुत्र राजकुमार निवासी मन्नूगंज खुडबुडा थाना कोतवाली नगर जनपद देहरादून को मय चोरी के सामान के साथ लालपुर के पास नहर पटरी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी नशे का आदी है अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देता है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

# कार्तिक पूर्णिमा पर 27 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में किया आस्था का स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कल श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा, हरकी पैड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया। धर्मनगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर कल सुबह तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी समेत सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की काफी संख्या में आवागमन देखने को मिला अनेकों राज्य से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है एवं श्रद्धालुओं को सुख, समृद्धि तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।



# हरिद्वार अधिकारी सीट पर नहीं, फिर भी जल रही हैं ऑफिस की लाइटें

## सरकारी लापरवाही उजागर

**रोहन कुमार / शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** हरिद्वार में सरकारी दफ्तरों की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। मंगलवार को कई विभागों के कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति के बावजूद कमरों की लाइटें जलती मिलीं। यह न केवल बिजली की बर्बादी है, बल्कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का भी उदाहरण है। मिली जानकारी के अनुसार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार पुरोहित, उप श्रम आयुक्त विपिन कुमार, और असिस्टेंट लेबर कमिश्नर प्रशांत कुमार के कार्यालयों में यह स्थिति देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अधिकारी अपने कक्षों में मौजूद नहीं होते, तब भी लाइटें और पंखे चलते रहते हैं। इससे न केवल ऊर्जा की बर्बादी होती है बल्कि जनता के पैसे की भी हानि होती है।लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग इस तरह की लापरवाही पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए और कार्यालयों में ऊर्जा बचत के नियमों का पालन सुनिश्चित करे।

# ई-रिक्शा में छूटा मोबाइल ज्वालापुर पुलिस ने ढूंढकर वापस लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में रुद्रपुर निवासी एक व्यक्ति का मोबाइल फोन ई-रिक्शा में छूटा गया था।पुलिस ने फोन को ढूंढकर मालिक को वापस सौंप दिया। फोन वापस पाकर ज्वालापुर पुलिस का आभार व्यक्त किया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि रुद्रपुर निवासी अनिल कुमार मिश्रा ने कोतवाली ज्वालापुर में सूचना दी कि रोडवेज बस अड्डा हरिद्वार से जटवाड़ा पुल आते समय उनका सैमसंग एस54 (काला रंग) मोबाइल फोन ई-रिक्शा में छूट गया है। उन्होंने बताया कि वे रुड़की अपने बच्चे का एडमिशन कराने जा रहे थे और एडमिशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मोबाइल में मौजूद थी। सूचना मिलते ही ज्वालापुर पुलिस सक्रिय हुई। कांस्टेबल संदीप कुमार ने जटवाड़ा पुल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया और ई-रिक्शा चालक किरन निवासी शिवलोक कॉलोनी, कोतवाली रानीपुर से संपर्क किया। चालक ने मोबाइल मिलने की पुष्टि की, जिसके बाद उसे कोतवाली ज्वालापुर बुलाया कर मोबाइल फोन अनिल कुमार के सुपुर्द कर दिया। खोया फोन वापस पाकर मुस्कुरा कर ज्वालापुर पुलिस का धन्यवाद किया है।

# खिलाड़ियों के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव : खेल मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने हरिद्वार रोशनाबाद के वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित हो रही है इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से कुल चौदह टीम हिस्सा ले रही है। खेल मंत्री ने कहा कि खिलाड़ी देश को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य तय करें और फिर इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए तन मन से जुट जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति बहुत तेजी से विकसित हुई है और अब खेल व खिलाड़ियों के प्रति समाज की सोच में बड़ा सकारात्मक बदलाव आ चुका है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पदक जीतने पर अधिकतम नगद इनाम राशि, सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण और आउट ऑफ टर्न जॉब देने की व्यवस्था पहले ही कर चुकी है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि 2036 का ओलंपिक, जो संभव है की भारत में आयोजित होगा, उसके लिए खुद को अभी से तैयार करे। इस अवसर पर उत्तराखंड के परंपरागत खेल पिठू के भी एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल गर्ग, मंडल अध्यक्ष बिंदर पाल, सीडीओ ललित नारायण मिश्रा, जिला खेल अधिकारी शबाली गुरुंग आदि उपस्थित रहे।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने रोशनाबाद खेल परिसर में स्थित मल्टीपरपज योगस्थली स्पोर्टस कांप्लेक्स में बुधवार को हेमलता कोहली मेमोरियल उत्तराखंड स्टेट टेबल टेनिस चौंपियनशिप का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अपना हुनर निखारने के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही खेल सुविधाओं का नियमित रूप से लाभ उठाने के लिए कहा।



# दौरा पड़ने से गिरे श्रद्धालु को कांस्टेबल ने पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** । धर्मनगरी हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर डयूटी पर तैनात दो जांबाज पुलिसकर्मियों की सूझबूझ और तत्परता ने एक श्रद्धालु की जान बचा ली। दौरा पड़ने से अचानक मार्ग पर गिरे इस व्यक्ति को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर, दोनों पुलिसकर्मियों ने अपनी डयूटी की एक मिसाल पेश की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी सिटी अभय प्रताप ने बताया कि गुरुवार को मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर दर्शन के लिए जा रहे एक श्रद्धालु को अचानक दौरा पड़ा और वह वहीं गिरकर अचेत हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पास में ही डयूटी पर तैनात कांस्टेबल निर्देश शाह और कांस्टेबल सतेंद्र बिष्ट ने बिना एक पल की देरी किए फौरन उस श्रद्धालु को स्ट्रेचर पर उठाया। दुर्गम पहाड़ी मार्ग से ट्रॉली के माध्यम से उन्हें नीचे मुख्य मार्ग तक लाए।नीचे पहुँचते ही बिना समय गंवाए उस व्यक्ति को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए ऑटो रिक्शा से नजदीकी अस्पताल रवाना किया गया। कांस्टेबल निर्देश शाह और सतेंद्र बिष्ट की यह त्वरित कार्रवाई बेहद महत्वपूर्ण रही, क्योंकि समय पर उपचार मिलने से श्रद्धालु की जान बच सकी। परिजनों ने किया पुलिस का धन्यवाद



# आंदोलनकारियों को नजर अंदाज किया : धीरेंद्र प्रताप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा ने हमेशा राज्य आंदोलनकारियों को किया नजर अंदाज रू धीरेंद्र प्रताप


हरिद्वार। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि पार्टी की और से उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती धूमधाम से मनायी जाएगी। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि 6 नवम्बर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और एआईसीसी सदस्य स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता रामपुर तिराहा स्थित शहीद स्मारक पर राज्य निर्माण आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि इस अवसर पर 2 अक्टूबर 1994 को घटित हुए मुजफ्फरनगर कांड के दौरान उत्तराखंड के लोगों की मदद करने वाले मुजफ्फरनगर के सिसौना, रामपुर व अन्य गांव के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि भाजपा ने हमेशा राज्य आंदोलनकारियों को नजरअंदाज किया है। जबकि कांग्रेस ने राज्य आंदोलनकारियों को सम्मान, नौकरी और पेंशन दी। केंद्र, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की सरकारें हैं। इसके बावजूद रामपुर तिराहा कांड के दोषियों को 31 साल बाद भी सजा नहीं मिल पायी है। भाजपा कांग्रेस पर रामपुर तिराहा कांड के दोषियों को सजा नहीं दिला पाने का आरोप लगाती रही है। लेकिन जब कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाया तो सरकार सक्रिय हुई। धीरेंद्र प्रताप ने सरकार पर पहाड़ मैदान का विवाद खड़ा करने का आरोप भी लगाया और कहा कि भाजपा नेतृत्व और सरकार को विधानसभा मे चर्चा के दौरान पहाड़ और मैदान का विवाद खड़ा करने वाले भाजपा विधायक विनोद चमोली पर कार्रवाई करनी चाहिए और उन्हें पार्टी से बाहर करना चाहिए। प्रैसवार्ता में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर, महेश प्रताप सिंह राणा, लता जोशी, अंजू द्विवेदी, जयप्रकाश सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# श्री हरि को समर्पित है पवित्र कार्तिक मास : स्वामी भास्करानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्रद्धालु भक्तों को कार्तिक पूर्णिमा के महत्व से अवगत कराते हुए अखण्ड दयाधाम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज ने कहा कि श्री हरि को समर्पित कार्तिक मास सनातन हिंदू धर्म का सबसे पवित्र महीना है। शास्त्रें में बताया गया है कि कार्तिक मास के समान कोई महीना नहीं, सतयुग के समान कोई युग नहीं, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं और गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं है। कार्तिक मास में किए गए सभी शुभ कार्य स्नान, दान, व्रत और दीपदान को भगवान नारायण स्वयं स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि सावन में भगवान शिव को सृष्टि का भार सौंपकर क्षीर सागर में योग निद्रा पर जाने के बाद भगवान विष्णु कार्तिक मास में जागते हैं और सृष्टि संचालन का दायित्व पुनः संभालते हैं। भक्तों को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज ने कहा कि कार्तिक मास में गगा स्नान, दीपदान और तुलसी पूजा का विशेष महत्व है। पवित्र कार्तिक मास में गंगा स्नान, दान, व्रत और सात्विक भोजन करने से जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। स्वामी भास्करानंद महाराज ने बताया कि कार्तिक मास को दामोदर मास के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु को तुलसी अत्यन्त प्रिय है। कार्तिक मास में सुबह-शाम तुलसी के समक्ष दीपक जलाने से पुण्य मिलता है। कार्तिक पूर्णिमा को तुलसी विवाह का आयोजन करने से भगवान नारायण अत्यन्त प्रसन्न होते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के शिष्य अमित वालिया ने बताया कि समाज को ज्ञान की भक्ति की प्रेरणा दे रहे स्वामी भास्करानंद महाराज उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी में नीलाद्री भक्त निवास में श्याम अग्रवाल इंदौर, प्रदीप कुमार अग्रवाल गिरडीह, प्रभाकर बागरिया कलकत्ता के संयोजन मे 5 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों पर अमृतज्ञान की वर्षा करेंगे।



# हरिद्वार पुलिस का गौरव बढ़ा डी.जी.पी ने प्रशस्ति डिस्क से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती से पूर्व आयोजित रितिक परेड की फाइनल रिहर्सल के दौरान हरिद्वार पुलिस के इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया। राज्य के पुलिस महानिदेशक डी.जी.पी दीपम सेठ ने आज पुलिस लाइन परेड मैदान देहरादून में हरिद्वार पुलिस के चुनिंदा, कर्मठ और ऊर्जावान जवानों को "पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क पदक" पहनाकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी सराहनीय सेवा, विशिष्ट कार्य, और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। डीजीपी दीपम सेठ के कर कमलों से मेडल प्राप्त करने वाले इन अधिकारियों और जवानों को भविष्य में और भी बेहतर सेवा करने के लिए शुभकामनाएं दी गई। यह सम्मान राज्य पुलिस बल में उत्कृष्ट कार्य के प्रति प्रेरणा और समर्पण को बढ़ावा देगा। हरिद्वार पुलिस के कुल 12 सदस्यों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिस अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारीयो की सूची इस प्रकार है। मुख्य आरक्षी फिरोज खान, आरक्षीए गिरीश चन्द्र सती, पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड, 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग कर पदक अर्जित करने वाले, मुख्य आरक्षी विरेन्द्र सिंह, पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर निरीक्षक सी.पी.यू. हितेश कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर, एसपी ट्रैफिक/क्राइम जितेंद्र मेहरा, सीओ मंगलौर विवेक कुमार, सीओ लक्सर नताशा सिंह, मुख्य आरक्षी विजय राणा, अपर उप निरीक्षक मनोज शमा, मुख्य आरक्षी खेपाराम चौहान , मुख्य आरक्षी गीतम सिंह, आरक्षी राकेश राणा।



**हरिद्वार मे समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :**

**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
**मो.: 9411100741**

# कृषि मंत्री जोशी ने कृषक सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा



**पंतनगर में 7 नवंबर को होगा आयोजन, सम्मेलन में मुख्यमंत्री धामी सहित हजारों किसान होंगे शामिल**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**रुद्रपुर।** उधमसिंह नगर जनपद प्रभारी एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी बुधवार को पंतनगर पहुंचे। जहां उन्होंने उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती समारोह के तहत आगामी 7 नवम्बर को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में होने वाले भव्य किसान सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया।

मंत्री जोशी ने अधिकारियों के साथ पंतनगर विश्वविद्यालय स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर चल रही व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन राज्य के किसानों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों, नवाचारों और योजनाओं की जानक. ारी किसानों को मिलेगी।

मंत्री जोशी ने बताया कि किसान सम्मेलन का आयोजन कृषि, उद्यान, ग्राम्य विकास, मत्स्य, डेयरी, सहका. रिता, पशुपालन, मंडी परिषद तथा पंतनगर विश्वविद्यालय के संयुक्त समन्वय से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट प्रगतिशील किसान और बड़ी संख्या में कृषक भाग लेंगे।

कृषि मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सम्मेलन में लगभग 25 से 30 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर कृषि एवं संबंधित विभागों की वृहद प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों, बीजों और योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस सम्मेलन को किसानों के हित में उपयोगी और प्रेरणादायक बनाने के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा और अन्य सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# अराजकों पर हो सख्त कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल का एक शिष्टमंडल बुधवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी से मिले और महानगर की कानून-व्यवस्था, यातायात और जनसमस्याओं से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर उन्हें अवगत कराया। संगठन द्वारा एसएसपी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि शहर में नशे की बिक्री करने वालों और कानून को अपने हाथ में लेने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा आम जनता को प्रतिदिन लगने वाले जाम से राहत दिलाई जाए। इसके साथ ही व्यापारियों ने जिलेभर में सरलता से सत्यापन अभियान चलाने, कानून और संविधान पर जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए अपराधियों



और असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने, युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए जिलेभर में अभियान चलाकर नशा बेचने वालों को जेल भेजने, पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए चौकियों पर जनचौपालें आयोजित करने, काठगोदाम से तीनपानी, कालाढूंगी चौराहा से ऊंचापुल, और रामपुर रोड से ट्रांसपोर्ट नगर तक लगने वाले जाम से आम जनता को राहत दिलाने के साथ ही शादी-विवाह सीजन को देखते हुए रात्रि गश्त को मजबूत किया जाए। एसएसपी से मिलने वालों में राजीव अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र फर्स्वाण, भगवान सहाय, प्रज्ञान भारद्वाज, ऋषभ पाठक, कुंदन रावत, ललित जायसवाल, पूरन लाल साह, राजकुमार अग्रवाल, प्रभजोत चंडोक, निलेश भारद्वाज, संजय वर्मा, चमन गुप्ता, अश्मित गुजराल, मानस अग्रवाल और राहुल सागर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### राइट्स इश्यू की अवधि बढ़ाने की घोषणा

**देहरादून।** मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड, एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने अपने राइट्स इश्यू की अवधि बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी का राइट्स इश्यू वर्तमान में खुला है और 14 नवंबर 2025 को बंद होगा। यह राइट्स इश्यू 1 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 48,08,21,750 इक्विटी शेयरों का है, जिसकी कुल राशि लगभग 48.08 करोड़ रुपये है।

राइट्स इश्यू से प्राप्त शुद्ध धन का उपयोग कंपनी अपने पूंजी आधार को मजबूत करने और अपने एनबीएफसी कारोबार से जुड़ी संचालन क्षमताओं के विस्तार के लिए करेगी।इससे पहले, कंपनी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान को वित्तपोषित करने के लिए अपनी नई ष्फ्लीट फाइनेंसिंगष पहल की घोषणा की थी। कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में उठाए गए इस कदम के तहत, एमआईएफएल देशभर के इलेक्ट्रिक वाहन फ्लीट ऑपरेटरों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड एक प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाता है, जो अनेक क्षेत्रों में अपने नवाचारपूर्ण वित्तीय समाधानों के लिए जानी जाती है।

### राज्य स्थापना दिवस पर महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग ने मनाई रजत जयंती

**चकराता।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को ब्लॉक सभागार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आशा देवी ने की। कार्यक्रम में पशुपालन, उद्यान, कृषि और स्वास्थ्य विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाए गए। इस अवसर पर 10 किशोरियों को किशोरी किट और 6 धात्री माताओं को हिमालया बेबी किट वितरित की गईं। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ नीलम जसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुप. रवाइजर अनिता कंबोज, सुशीला राणा, कमला, फिरदौस, एनआरएलएम पूजा गौड सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायतों की बैठकों में अधिकांश विभागों के अधिकारी रहते हैं नदारद

चकराता। विकास खंड चकराता के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली खुली बैठकों में सरकारी विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। इसी संबंध में ग्राम डेरियो के प्रधान सुरेन्द्र सिंह चौहान ने बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

प्रधान चौहान ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जनपद देहरादून के अंतर्गत आने वाले 29 विभागों में से केवल पंचायती राज विभाग का सचिव या प्रतिनिधि ही पंचायत बैठकों में उपस्थित रहता है, जबकि अन्य 28 विभागों के अधिकारी लगातार अनुपस्थित रहते हैं। उनके न आने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती और ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों पर संबंधित विभागों के हस्ताक्षर भी नहीं हो पाते।

# नवाचार को बढ़ावा देगी हाइड्रोपोनिक्स तकनीक



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर में बुधवार को एक उल्लेखनीय वैज्ञानिक उपलब्धि दर्ज करते हुए हाइड्रोपोनिक्स तकनीक एवं बायो ब्लॉक फिश तकनीक प्रयोगशालाओं का लोकार्पण उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया।

अपने संबोधन में डा. धन सिंह रावत ने कहा कि ये दोनों तकनीकें न केवल कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के लिए बल्कि पूरे उत्तराखंड राज्य के लिए मील का पत्थर सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हाइड्रोपोनिक्स खेती और बायो बलॉक मत्स्य पालन जैसी आधु. निक तकनीकों के माध्यम से हमारे युवा कृषि एवं मत्स्य उत्पादन में नवाचार लाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। डा. धन सिंह रावत ने इन दोनों प्रयोगशालाओं को सतत विकास तथा वैज्ञानिक नवाचार और रोजगार सृजन के उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि हाइड्रोपोनिक्स तकनीक मिट्टी के बिना खेती की एक उन्नत प्रणाली है जिसमें पौधों को पोषक तत्वों से युक्त जल में उगाया जाता है। यह तकनीक कम पानी तथा अधिक उत्पादन और सीमित भूमि में खेती के लिए अत्यंत उपयोगी है वहीं बायो ब्लॉक तकनीक जल संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण तथा मछली उत्पादन में वृद्धि की दिशा में एक आधुनिक और पर्यावरण संवे. दनशील विधि है। डा. धन सिंह रावत ने विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय में हो रहे ये नवाचार उत्तराखंड को हरित तथा आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने बताया कि ये प्रयोगशालाएं एक राज्य सहायता निधि और दूसरी विश्वविद्यालय निधि के अंतर्गत स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि ये पहल न केवल विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुसंधान का अवसर प्रदान करेंगी बल्कि उन्हें वैज्ञानिक नवाचार और उद्यमिता की दिशा में भी प्रेरित करेंगी। कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया जबकि कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर नीति बोरा शर्मा (निदेशक डीएसबी परिसर नैनीताल) समेत प्रो. एचसीएस बिष्ट (अध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग), प्रो. सुषमा टम्टा व प्रो. रीतेश शाह तथा प्रो. मनोज कुमार आर्य व प्रो. दीपिका गोस्वामी तथा डा. हिमांशु लोहानी व डा. दीपक मेलकानी समेत डा. नेत्रपाल शर्मा व डा. संदीप मंडोली व प्रो. महेंद्र सिंह राणा तथा दोनों विभागों के शोधार्थी एवं शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संत समाज ने मुख्यमंत्री धामी को दिया आशीर्वाद

## 'देवभूमि के धर्म-संरक्षक' की उपाधि से नवाजा

**उत्तराखंड रजत जयंती वर्षरू देशभर के संतों ने की धामी सरकार के सांस्कृतिक संरक्षण व विकास कार्यों की सराहना मुख्यमंत्री आवास में आध्यात्मिक संगम आशीर्वाद, शुभकामनाएँ और सांस्कृतिक दृष्टि का सम्मान**



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज मुख्यमंत्री आवास आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक सौहार्द का केंद्र बन गया, जब देशभर के प्रमुख संतों एवं धर्माचार्यों ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर राज्य की प्रगति, सांस्कृतिक संरक्षण और अध्यात्मिक समृद्धि के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की।

संत समाज ने प्रदेश के लिए सकारात्मक बदलाव, विरासत संरक्षण और धार्मिक-सांस्कृतिक मानकों को सुदृढ़ करने वाले निर्णयों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें 'देवभूमि का धर्म-संरक्षक' बताया। संतों ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री आवास में आध्यात्मिक संगम में जगद्‌गुरु शंकराचार्य राजरा. जेश्वर महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी,परमार्थ निकेतन, ;षिकेश के अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी,अखाड़ा परिषद अध्यक्ष स्वामी रविंद्रपुरी महाराज, बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री,पतंजलि योगपीठ के आचार्य बालकृष्ण, प्रसिद्ध आध्यात्मिक वद्रा जया किशोरी,चिंतक और लेखक डक्ष कुमार विश्वास सहित अनेकों प्रतिष्ठित संत-महात्मा एवं धर्माचार्य भेंट करने वाले प्रमुख संत-महात्माओं में शामिल रहे। सभी संतों ने मुख्यमंत्री को रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए राज्य के सांस्कृतिक सम्मान और अध्यात्मिक धरोहर संरक्षण को लेकर उनके समर्पण की सराहना की।

### संत समाज ने की सीएम धामी की प्रशंसा

संतों ने कहा कि ह्मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला नेतृत्व प्रदान किया है। उनके प्रयासों से देवभूमि की मूल आत्मा और सनातन विरासत सुरक्षित और सुदृढ़ हुई है। उन्होंने राज्य सरकार की उन नीतियों की भी सराहना की जिनसे सामाजिक-सांस्कृतिक अनुशासन, धार्मिक स्थलों का संरक्षण, आध्यात्मिक पर्यटन विकास तथा परंपरा-संरक्षण को नया आयाम मिला है।

### निधन पर जताया शोक

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने नैनीताल की सूखाताल निवासी समाजसेवी 84 वर्षीय उमा पंत के निधन पर गहरा दुख जताया है। कूटा के मुताबिक पंकज पंत की माताजी तथा स्वर्गीय के सी पंत की धर्म पत्नी उमा पंत पिछले कुछ समय से बीमार थी तथा वर्तमान में देहरादून में अपनी बेटी के पास रह रही थी । उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार के खड़खड़ी घाट में बुधवार को किया गया। सरल व्यक्तित्व की धनी उमा पंत की दो पुत्रियों तथा एक पुत्र हैं। कुमाऊं विश्वद्यालय शिक्षक संघ कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी व प्रो. नीलू लोधियाल व डा. दीपक व डा. विजय कुमार व डा. संतोष कुमार तथा डा. पैनी जोशी व डा. उमंग व डा. अनिल बिष्ट तथा डा. दीपिका पंत सहित श्री राम सेवक सभा के महासर्. चव जगदीश चंद्र बवाड़ी एवं टीका सिंह व ललित ढौंडियाल व जीवन करगेती ने गहरा दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है।

### गुरुवाणी के पाठ के साथ मनाई गई गुरुनानक जयंती

**विकासनगर।** सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में सिक्ख धर्म के संस्थापक पहले गुरु गुरुनानक देव की जयंती बड़े उल्लास के साथ मनाई गई छात्र छात्राओं ने गुरु नानक जी के आदर्शो से संबंधित किस्से कहानियों पर प्रकाश डाला। छात्रा जया डंग एवं साथियों ने अपनी मधुर आवाज में गुरुवाणी का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। विद्यालय की शिक्षिका रेखा रानी ने गुरु नानक जी के जीवन पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ शिक्षक गुलजार सिंह ने गुरुनानक जी द्वारा चलाए गए सिक्ख धर्म की परंपरा एवं इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया।

# एकलव्य और एचसीसी का मैच ड्रा

**हल्द्वानी।** कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब के मैदान में कराई जा रही अंडर-14 स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे मैच में एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन एकलव्य क्रिकेट अकादमी की टीम ने 286 रनों पर पारी घोषित कर दी। गजेंद्र ने 175 और देवांश ने 44 रनों का योगदान दिया। एचसीसी की पूरी टीम अपनी पहली पारी में 190 रनों पर आल आउट हो गयी। जिसके बाद एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने अपनी दूसरी पारी में देवांश के 185 और गजेंद्र के 125 रनों की मदद से 353 बनाकर पारी घोषित कर दी। अपनी दूसरी पारी में 450 रनों का लक्ष्य पूरा करने उतरी एचसीसी की टीम ने चंद्रभान के 44 और आवेश ठाकुर के 35 रनों की




बदौलत 151 रन बनाये और मैच ड्रा कराने में सफल रहे। एकलव्य के गेंदबाज विवेक बिष्ट ने 3 और विभाकर ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ-द-मैच का पुरस्कार एकलव्य क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी गजेंद्र को दिया गया। मैच के अंपायर हरप्रीत सिंह कम्बोज और गौरव नेगी रहे जबकि स्कोरर की भूमिका रवि सिंह ने निभाई। इससे पूर्व मैच का उद्‌घाटन वरिष्ठ क्रिकेटर पाल ने दोनों ही टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, सचिन बेलवाल,पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, विजय आर्या, प्रशांत भंडारी, सोनू आर्या, प्रकाश भगत मौजूद रहे।

# स्थानीय उत्पादों को मिलेगा राष्ट्रीय बाज़ार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को काठगोदाम शीश. महल में जिला उद्योग केंद्र, मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना (रीप) तथा एनआरएलएम के संयुक्त तत्वावधान में मल्टी स्टेक बायर-सेलर मीट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, विशिष्ट अतिथि मेयर गजराज बिष्ट तथा मुख्य विकास अधिकारी अना. मिका द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने बताया कि इस मीट का उद्देश्य जनपद में उत्पादित फार्म, नॉन-फार्म, कृषि उत्पादों और सेवा आधारित वस्तुओं को बाज़ार से जोड़ने के लिए एक साझा मंच




रजत जयंती अवसर पर मल्टी स्टेक बायर-सेलर मीट

उपलब्ध कराना है, जिससे क्रेता और विक्रेता के बीच सीधा संवाद एवं व्यापारिक संबंध स्थापित हो सकें। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 50 स्टॉल लगाए गए, जिनमें मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के 20, रीप परियोजना के 10, जिला उद्योग केंद्र के 10 तथा एनआरएलएम के 10 स्टॉल शामिल थे।

इन स्टॉलों पर स्थानीय उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए उनकी उत्पादन प्रक्रिया और सफलता की कहानी भी साझा की। मुख्य अतिथि रेनू अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि गजराज बिष्ट ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और उद्यमियों से संवाद करते हुए उनके उत्पादों की सराहना की। मीट में विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 60 क्रेताओं ने भाग लिया, जबकि 80 विक्रेताओं ने अपने उत्पादों के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर क्रेता-विक्रेता के मध्य उत्पादों की गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण और विपणन रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। आयोजन का उद्देश्य भविष्य में उद्यमियों को क्रेताओं से सीधे जोड़कर उनकी आजीविका और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पल्लवी गुप्ता, सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए चंदा फर्त्याल, प्रबंधक दीपक जोशी, रीप के अरुण अधिकारी, हरीश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्यमी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

# रैपिड डायग्नोस्टिक किट्स का विकास समय की आवश्यकताः प्रो. हॉन्नप्पाहोल

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**मुक्तेश्वर।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित इंटीग्रेटेड डायग्नॉस्टिक्स फॉर जूनोटिक थ्रेट्स ए वन हेल्थ कैपेसिटी-बिल्डिंग हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के मुक्तेश्वर परिसर में हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए 30 चयनित प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पशुपालन आयुक्त, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय प्रो. सुरेश एस. हॉन्नप्पागोल ने अपने उद्घाटन भाषण में प्रतिभागियों को उन्नत निदान तकनीकों के विकास की



दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रैपिड डायग्नोस्टिक किट्स का विकास समय की आवश्यकता बन चुका है, जो न केवल रोगों की प्रारंभिक पहचान में मदद करेंगे, बल्कि प्रभावी नियंत्रण रणनीतियों को तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आईसीएआर के संयुक्त निद. शक, डा. वाईपीएस मलिक ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की तकनीकी रूपरेखा इस तरह से तैयार की गई है, जिसमें सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव का संतुलित समावेश होगा। डा. एम स्वामीनाथन ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए देशभर से 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इन प्रतिभागियों का चयन विभिन्न विषयों जैसे सामान्य और पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी, जनस्वास्थ्य, महामारी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य विज्ञान और रसायन विज्ञान से किया गया है। कार्यक्रम में डा. विशाल चंदर, डा. अशुतोष फूलर, डा. अर्नब सेन, डा. शैलेंद्र सक्सेना, डा.वी बालामुरगन, डा. हरमनप्रीत कौर, डा. अमित कुमार, डा. सीएल पटेल सहित कई अन्य वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर, धनोल्टी, टिहरी गढ़वाल**

रे०वा०सं०-125 सन्-2025

बलदेव सिंह आदि

**बनाम**

किशन सिंह आदि

**नोटिस बनाम-** 1. किशन सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 2. राम सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 3. दीपचन्द पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 4. श्रीमती वासु देवी पत्नी स्व० रामकृष्ण, 5. श्रीमती चमन देई पत्नी स्व० लाखीराम, 6. दिनेश सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, सभी निवासीगण ग्राम विच्छू, पट्टी सिलवाड़, तहसील नैनबाग, जिला टिहरी गढ़वाल।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण ने एक मुकदमा प्रतिवादीगण के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 229बी जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधि० का इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें कि जवाबदावा हेतु दिनांक 21-11-2025 की तिथि नियत है।

यदि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति/जवाबदावा प्रस्तुत करना हो तो आप उक्त तिथि 21-11-2025 को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 31-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**वाचक**
**न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर धनोल्टी, टिहरी गढ़वाल**

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर, धनोल्टी, टिहरी गढ़वाल**

रे०वा०सं०-126 सन्-2025

बलदेव सिंह आदि

**बनाम**

किशन सिंह आदि

**नोटिस बनाम-** 1. किशन सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 2. राम सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 3. दीपचन्द पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 4. श्रीमती वासु देवी पत्नी स्व० रामकृष्ण, 5. दिनेश सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, सभी निवासीगण ग्राम विच्छू, पट्टी सिलवाड़, तहसील नैनबाग, जिला टिहरी गढ़वाल।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण ने उक्त मुकदमा प्रतिवादीगण के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 229बी जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधि० का इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें कि जवाबदावा हेतु दिनांक 21-11-2025 की तिथि नियत है।

यदि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति/जवाबदावा प्रस्तुत करना हो तो आप उक्त तिथि 21-11-2025 को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 31-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**वाचक**
**न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर धनोल्टी, टिहरी गढ़वाल**

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर, धनोल्टी, टिहरी गढ़वाल**

रे०वा०सं०-127 सन्-2025

बलदेव सिंह आदि

**बनाम**

किशन सिंह आदि

**नोटिस बनाम-** 1. किशन सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 2. राम सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 3. दीपचन्द पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, 4. श्रीमती वासु देवी पत्नी स्व० रामकृष्ण, 5. श्रीमती चमन देई पत्नी स्व० लाखीराम, 6. दिनेश सिंह पुत्र स्व० चन्द्र सिंह, सभी निवासीगण ग्राम विच्छू, पट्टी सिलवाड़, तहसील नैनबाग, जिला टिहरी गढ़वाल।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण ने उक्त मुकदमा प्रतिवादीगण के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 229बी जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधि० का इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें कि जवाबदावा हेतु दिनांक 21-11-2025 की तिथि नियत है।

यदि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति/जवाबदावा प्रस्तुत करना हो तो आप उक्त तिथि 21-11-2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 31-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**वाचक**
**न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर धनोल्टी, टिहरी गढ़वाल**

# श्रद्धा और सेवा का उमड़ा सागर

## प्रकाश पर्व पर सजा धार्मिक दीवान, ज्ञान, कीर्तन और लंगर की परंपरा से गूंजी संगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**हल्द्वानी।** श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व को समर्पित एक भव्य धार्मिक दीवान का आयोजन बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रामलीला ग्राउंड हल्द्वानी में बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। दीवान में दूर-दराज़ से आई संगत ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों को आत्मसात किया। इस अवसर पर तख्त श्री पटना साहिब से पधारे ज्ञानी रणजीत सिंह जी मस्कीन ने कथा के माध्यम से संगत को निहाल किया, जबकि अमृतसर से पहुंचे हजूरी रागी ज्ञानी अवतार सिंह जी ने मधुर शबद-कीर्तन प्रस्तुत किया। आनंदपुर साहिब से विशेष रूप से आए रागी हरजोत सिंह जी ने गुरु नानक देव जी की जीवनी और उनके उपदेशों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे जिलाधिकारी ललित मोहन रियाल व आरटीओ डा. गुरदेव सिंह ने भी गुरु घर में माथा टेका और गुरु साहिब से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भी श्रद्धा भाव से गुरु साहिब को नमन किया। दीवान के उपरांत हेड ग्रंथी द्वारा जगत कल्याण की अरदास की गई। कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर सेवा और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वालों में निडर खालसा ग्रुप, रामपुर रोड सिख सेवक जत्था, निर्भय खालसा, हल्द्वानी सिख फेडरेशन, हल्द्वानी सिख यूथ, अकाल पूरक की फौज, सुखमणि सोसाइटी और सिख मिशनरी कॉलेज शामिल रहे, जिन्होंने शिक्षा का लंगर लगाया। वहीं चंदन हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा स्टेज सेक्रेटरी हरविंदर सिंह बबलू कुक. रेजा और प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रात को भी विशेष दीवान सजाए गए। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का आगमन मानवता के लिए एक नई सुबह लेकर आया था। सतगुरु नानक प्रगटेया मिट्टी धुंध जग चानण होवा, अर्थात गुरु नानक देव जी के प्रकट होने से अज्ञानता का अंधकार मिट गया और जगत में ज्ञान का प्रकाश फैल गया। कार्यक्रम में डीएम ललित मोहन रयला, आरटीओ डा. गुरदेव सिंह, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, कांग्रेस नेता खजान पांडे, ललित जोशी, पूर्व सांसद बलराज पासी, डा. हरभजन सिंह ने माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्ढा, कंवलजीत सिंह उप्पल, रमन साहनी, परमजीत सिंह शंटी, कुल. विंदर सिंह चड्ढा, सनी आनंद, मनलीन कोहली, सुरेंद्र कौर, बलजीत कौर, बीरी आंटी, चरणजीत सिंह, चीनू बिंद्रा, अमरपाल सिंह, परमजीत चंडोक, जसबीर सिंह गोल्डी सहित बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित रहे।

### नैनीताल के गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब का भोग

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को श्री गुरुनानक देवजी का 556वां प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब मल्लीताल में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। पूरे गुरुद्वारा परिसर को फूलों की मालाओं और रंग बिरंगी लड़ियों से सजाया गया जिसकी झिलमिलाहट शाम के समय बेहद मनमोहक दिखाई दे रही थी। बता दें कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बीते तीन दिनों से शहर में प्रभातफेरी निकाली जा रही थीं। बुधवार सुबह गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब का भोग पड़े गए जिसके बाद श्रद्धालुओं ने कीर्तन दरबार में सहभागिता की। कार्यक्रम में वीर पारस सिंह और लुधियाना से पधारी बीबी सिमरन कौर ने अपनी सुरीली आवाज में गुरु वाणी कीर्तन प्रस्तुत किए। दोपहर में गुरु का लंगर आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संखया में श्रद्धालुओं ने लंगर चका। रात्रि में आतिशबाजी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जोगिंदर सिंह आनंद व जीत सिंह आनंद व अमनप्रीत सिंह व यशपाल सिंह तथा संदीप सिंह व जसमीत सिंह व गगनदीप सिंह व जसकरण सिंह व सतनाम सिंह व अमरजीत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# रजत जयंती राज्य के गौरव का प्रतीकः बलराज पासी

## कहा- आगामी 25 वर्ष स्वर्णिम उत्तराखण्ड को होंगे समर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**हल्द्वानी।** उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक सं. हता लागू की है। इसके अलावा भूमि कानून, धर्मांतरण विरोधी, नकल विरोधी और दंगारोधी कानून लागू कर सुशासन को सशक्त बनाया गया है। राज्य आंदोलनका. रियों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण और महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण, जबकि सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। पिछले चार वर्षों में धामी सरकार ने 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। यह बात पूर्व सांसद बलराज पासी ने कहीं। बुधवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय पहुंचे पूर्व सांसद बलराज पासी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में उत्तराखंड को नया राज्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह विषय पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का जो संकल्प रखा है, उसी दिशा में उत्तराखंड सरकार भी 2050 तक स्वर्ण जयंती वर्ष के लिए नया रोडमैप तैयार कर आगे बढ़ रही है। उन्होंने राज्य आंदोलन के बलिदा. नियों और देश की सीमाओं की रक्षा में शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए कहा कि यह रजत जयंती वर्ष राज्य के गौरव, आत्मनिर्भरता और विकास की दिशा में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने राज्य की अनदेखी की, जबकि मोदी और धामी सरकारें राज्य को चहुंमुखी विकास की ओर ले जा रही हैं। पासी ने बताया कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 26 गुना बढ़ा है और प्रति व्यक्ति आय में 17 गुना वृद्धि हुई है। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद तिवारी, अमित चौधरी, संजय पांडेय आदि मौजूद रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान और पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया और विशेष पूजा-अर्चना की। इस दिन का हिंदू धर्म में खास महत्व है, क्योंकि इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा और देव दिवाली के रूप में मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का धार्मिक विशेष महत्व माना जाता है, क्योंकि मान्यता के अनुसार, इस दिन देवता पृथ्वी पर आकर गंगा में स्नान करते हैं। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा की। इस दौरान, उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार अन्न, वस्त्र और अन्य दान सामग्री का वितरण भी किया, ताकि जरूरतम. दों को सहायता मिल सके। साथ ही, इस दिन विशेष रूप से देव दिवाली का पर्व भी मनाया जाता है, जो धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस अवसर पर रानीबाग के चित्रशिला घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई, जिन्होंने पवित्र गंगा नदी में स्नान कर पुण्य अर्जित किया।



## छोटा हाथी चोरी, पुलिस ने 12 घंटे के भीतर दबोचे तीन आरोपी

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा गौजाजाली क्षेत्र से चोरी हुआ छोटा हाथी मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को कब्रिस्तान गेट गांधीनगर बनभूलपुरा निवासी शौकत खां पुत्र हैदर खां ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वह अपना छोटा ट्रक संख्या यूके 04सीबी-8264 जो गौजाजाली रजा मस्जिद के पास खाली प्लॉट में खड़ा करते है। अगली सुबह जब वह प्लॉट पर छोटा ट्रक लेने पहुंचे तो उनका वाहन वहां से गायब था। वाहन चोरी के मामले में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए और मुखबिर तंत्र को भी अर्लट किया। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर वाहन चोरी के आरोप में निहाल पुत्र अब्दुल जलील निवासी मोहम्मदी मस्जिद वार्डनंबर-31 बनभूलपुरा, तसलीम कुरैशी पुत्र लल्लू कुरैशी निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा, फरजन्द पुत्र इंतजार खां इन्द्रानगर कांटा बनभूलपुरा को चोरी के वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। टीम में एसआई मनोज यादव, एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल मो. अतहर, राजेश कुमार, महबूब अली शामिल रहे।

# कांग्रेसः इन्दर तीसरी बार बने एससी विभाग के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गौलापार चोरगलिया के नेतृत्व में कांग्रेस हाईकमान द्वारा इन्दर पाल आर्य को लगातार तीसरी बार नैनीताल कांग्रेस कमेटी एससी विभाग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर गौलापार कुंवरपुर में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संच. ालन ब्लॉक अध्यक्ष हेमन्त बगड़वाल ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन्दर पाल आर्य का लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष के रूप में चयन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन्दर पाल आर्य अपने अनुभव और कौशल का उपयोग करते हुए क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करेंगे। स्वागत समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष हेमन्त बगड़वाल, पीसीसी हरेंद्र सिंह बोरा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोपाल सिंह नेगी, राज्य दर्जा मंत्री राजेंद्र खनवाल, प्रदेश महासचिव खजान पांडेय, जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा, बीडीसी प्रतिनिधि राम सिंह नगरकोटी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नीरज रैक्वाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख सुरेंद्र बर्गली, वरिष्ठ कांग्रेसी बलवंत सिंह बोरा, विक्रम रैकूनी, राजू आर्य, धर्मेंद्र सिंह रैकवाल, पंकज कुमार, महिपाल रैक्वाल, दिनेश सिंह बोरा, गोविंद आर्या सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** रोटरी क्लब हल्द्वानी के तत्वावधान में सरगखेते, मुक्तेश्वर में एक रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन चिराग चैरिटेबल हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया, जिसमें फिजिशियन डा. महेन्द्र बिष्ट व चिराग हॉस्पिटल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। रक्तदान शिविर बालकिशन देवकी जोशी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें 27 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। नेत्र जांच शिविर का संचालन भारत आई सेंटर के नेत्र शल्य चिकित्सक डा. टीडी राखोलिया द्वारा किया गया, जिसमें 47 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा, 32 लोगों को चश्मे वित. रित किए गए और 4 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई। अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. अभिजीत डे ने 10 मरीजों की जांच की, वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. गीता चौधरी ने 12 महिलाओं की जांच की। दंत चिकित्सक डा. साहिल मागू ने भी अपनी सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त विवेक शर्मा अरौही चैरिटेबल हॉस्पिटल द्वारा 21 मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज शाह, डा. महेन्द्र बिष्ट, रमेश शर्मा, वीके शर्मा, अनिल कर्नाटक, पीएस पापोला, एलएम भट्ट, हेमंत पंत मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** बरेली से स्मैक लाकर बनभूलपुरा में तस्करी करने वाले एक स्मैक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 56.7 ग्राम स्मैक बरामद हुई। तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानक. ारी के अनुसार बीते मंगलवार की रात्रि बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में एसआई मनोज यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी गश्त करते समय गौला बाईपास रोड पर स्थित स्लाटर हाउस के पास संदिग्ध अवस्था में एक युवक यात्री विश्राम गृह के पास बैठा दिखाई दिया। जो टीम को देख भागने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने घेरा. बंदी करते हुए दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 56.7 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मो. फिरोज पुत्र स्व. बाबू खान निवासी गफूरबस्ती, बनभूलपुरा बताया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह यह स्मैक को इज्जतनगर बरेली में तस्लीम नाम के व्यक्ति से लाया और उसे यहां महंगे दामों में बेचता है। पकड़ा गया तस्कर पेशे से एक ऑटो चालक भी है।

### किशोर व किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अलग-अलग थानाक्षेत्र से एक किशोर व एक किशोरी लापता हो गए। दोनो परिवारों की को से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से किशोर के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह मूलरूप से गाजियाबाद के रहने वाले है और यहां बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में रहते है। उन्होंने कहा कि बीते 3 नवंबर को उनका बेटा अपने दोस्तों के साथ बाजार में खरीददारी के लिए घर से निकला लेकिन लौटकर नहीं आया। वहीं दूसरी ओर मुखानी थानाक्षेत्र से पीड़ित परिवार ने दी तहरीर में कहा कि उनकी 14 वर्षीय बेटी बीते 4 नवंबर को घर से सुबह निकली लेकिन वापस नहीं आई। जिसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने परिवार वालों की तहरीर पर तलाश शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड के सात खिलाड़ियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के लिए गर्व का क्षण है राज्य के सात खिलाड़ियों का चयन द्वितीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक पायथियन खेलों में गतका प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है। ये खेल 7 से 9 नवंबर तक बेंगलुरु के जीकेवीके, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज में आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनजीएआई) द्वितीय फेडरेशन गतका कप की मेजबानी भी करेगी। उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत सिंह ने बताया कि राज्य के चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि गतका के स्वर्ण पदक विजेताओं को आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय पायथियन खेलों (मास्को) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। खिलाड़ियों के चयन पर उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष हरवीर सिंह गिल, अकाल अकादमी तेलिपुरा की प्रिंसिपल डा. सुखजीत कौर, दसमेश स्कूल के प्रिंसिपल संदीप सलारिया, मिरी पिरी अफगालगढ़ के प्रिंसिपल मनप्रीत सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह किन्दा, और ओलंपिक एसोसिएशन के डा. डीके सिंह सहित कई लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# चलती ट्रेन से रेलवे कर्मी का बैग चोरी छात्रा से लूटा मोबाइल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चलती ट्रेन में दो अलग-अलग लूटपाट की घटनाएँ सामने आई हैं, जिनमें एक लुटेरा वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया, जबकि दूसरी घटना में शातिर अपराधी ने रेलवे कर्मी को अपना शिकार बना लिया। जीआरपी ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार द्वारका इंक्लेव मथुरा निवासी विष्णु कुमार मीना जो भारतीय रेलवे में चीफ कमर्शियल कम टिकट सुपरवाइजर के पद पर तैनात हैं, ने जीआरपी को बताया कि 17 अक्टूबर को वह मथुरा जंक्शन से लालकुआं के बीच ट्रेन में ड्यूटी पर थे। उनकी ड्यूटी तीन कोच में थी। किच्छा और लालकुआं के बीच उनका हैंड बैग चोरी हो गया। बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे कि ऑइल, जांच अधिकार पत्र, आईडी कार्ड, 1500 रुपये, पैन कार्ड और आधार कार्ड थे। दूसरी वारदात बीते 3 नवंबर को हुई, जब नगदपुरा पहाड़पुर, बाजपुर निवासी सुहानी पुत्री राकेश सिंह अपनी सहेली कविता के साथ रेलवे स्टेशन बाजपुर से काशीपुर स्थित कॉलेज जा रही थी। दोनों पैसेंजर ट्रेन में बैठकर मोबाइल पर कॉलेज का असाइनमेंट चेक कर रही थीं। तभी अचानक ट्रेन की गति बढ़ने पर एक लुटेरे ने सुहानी का मोबाइल छीन लिया और ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। सुहानी के चीखने पर यात्रियों में से किसी ने ट्रेन की चेन खींची और लुटेरे का पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। जीआरपी पुलिस ने दोनो मामलों में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग

## सुंदरपुर रैक्वाल क्षेत्र की सड़कों के लिए ईई को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**हल्द्वानी।** जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर बुधवार को जनप्रतिनिधि नीरज रैक्वाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही ग्राम पंचायत सुंदरपुर रैक्वाल के अंतर्गत आने वाले लिंक मार्गों के डामरीकरण और मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की। जनप्रतिनिधि नीरज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि दौलतपुर इंटर कॉलेज से निकलने वाले कई लिंक मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्डे बन चुके हैं, जिससे ग्रामीणों, छात्रों और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में इन मार्गों पर आवागमन और भी कठिन हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा बताया कि कुछ स्थानों पर लिंक मार्गों की पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्र के कई हिस्सों का संपर्क टूट गया है। उन्होंने अधिशासी अभियंता से अनुरोध किया कि इन पुलियाओं का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि क्षेत्र की सड़कों का स्थलीय निरीक्षण कर जल्द से जल्द डामरीकरण, मरम्मत और पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएं।

# गणेश जोशी ने परखीं सैनिक सम्मेलन की तैयारियां

## सैनिक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को हल्द्वानी स्थित एमबी इंटर कालेज मैदान में आगामी सैनिक सम्मेलन की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठने की व्यवस्था, यातायात एवं सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 6 नवंबर को हल्द्वानी में सैनिक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में नैनीताल, उधमसिंह नगर और अल्मोड़ा जिलों के पूर्व सैनिक बड़ी संख्या में प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने कहा कि हल्द्वानी कुमाऊं का द्वार है और यहां सैनिक सम्मेलन का आयोजन होना गौरव की बात है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वीर नारियों एवं वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि बीते 25 वर्षों में उत्तराखंड ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तराखंड सैन्य बाहुल्य राज्य है और यहां सैनिकों के सम्मान में आयोजित ऐसे कार्यक्रम पूरे देश को एक सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सम्मेलन भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हो और अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लेकर इसे सफल बनाएं। इस अवसर पर मेयर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिलाधिक. ारी ललित मोहन रयाल सहित सैनिक कल्याण विभाग के अधिक. ारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सीएम आज हल्द्वानी

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल यानि आज गुरुवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर हल्द्वानी पहुंच रहे है। मुख्यमंत्री सुबह साढ़े नौ पर कैंप कार्यालय देहरादून से प्रस्थान कर पौने दस बजे जीटीसी हेलीपैड देहरादून पहुँचेंगे, जहाँ से वह हेलीकॉप्टर से पौने 11 बजे आर्मी हेलीपैड हल्द्वानी पहुँचेंगे। जिसके बाद मुख्यमंत्री श्री धामी सीधे एमबीपीजी कॉलेज मैदान, हल्द्वानी में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। तत्पश्चात सीएम 12 बजकर 25 मिनट में रामनगर के लिए प्रस्थान करेंगे, रामनगर पहुंचने के बाद सीएम श्री धामी जन वन महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे।

# कार्तिक पूर्णिमाः गढ़ गंगा हाइवे पर जाम में फंसीं बसें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के लिए हजारों श्रद्धालुओं के उमड़ने से गढ़ गंगा हाइवे पर भारी जाम लग गया। जाम में कई यात्री बसें और अन्य वाहन घंटों फंसे रहे। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण यह जाम कई घंटों तक बना रहा, जिससे यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड परिवहन निगम की 40 से ज्यादा बसें जाम की चपेट में आ गईं। इनमें दिल्ली, लालकुआं, बुलंदशहर, नरोरा, चंदौसी, बबराला, संभल, मुरादाबाद जैसी जगहों से आने-जाने वाली बसें शामिल थीं। जाम के कारण यात्रियों को बस अड्डों पर लंबा इंतजार करना पड़ा और कुछ को अपनी ट्रेन, बस या हवाई सेवा भी छूट गई। नरोरा नदी में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के स्नान के कारण सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। हल्द्वानी से दिल्ली जाने वाली कई बसों को रूट बदलने पर मजबूर होना पड़ा। कुछ बसें धामपुर, बिजनौर, मेरठ होते हुए दिल्ली भेजी गईं, जबकि कुछ ने संभल, बबराला, चंदौसी और नरोरा होते हुए दिल्ली का रुख किया। इसके अलावा, बसों पर यात्रा कर रहे यात्रियों से अतिरिक्त रूप से 80 रुपये तक लिए गए। नैनीताल मंडल की करीब 40 बसें इस जाम की वजह से प्रभावित हुईं। मुख्य बसों में दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुड़गांव, हिसार, जयपुर जाने वाली बसें भी शामिल थीं। जाम में फंसी इन बसों की समय सारणी भी प्रभावित हुई, जिससे ऑनलाइन बुकिंग से यात्रा करने वाले यात्री दो घंटे देरी से पहुंचे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर

● **टीम इंडिया सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने को आत्मविश्वास से भरी हुई है**

**क्वींसलैंड, वार्ता।** भारत गुरुवार को कैरारा ओवल में सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने के इरादे से आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ट्रैविस हेड के एशेज सीरीज के लिए स्वदेश लौटने के साथ, ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल का सामना करना पड़ेगा, जिससे भारत को अपनी बढ़त का फायदा उठाने और कड़े मुकाबले वाली सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने का सुनहरा मौका मिलेगा। शुभमन गिल और निडर अभिषेक शर्मा की अगुवाई में भारत का शीर्ष क्रम लगातार लय बना रहा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच के ओवरों में अपनी आक्रामकता और आक्रामकता दिखाते हैं, जो मुश्किल परिस्थितियों को भारत के पक्ष में मोड़ने में सक्षम हैं। भारत की बल्लेबाजी में गहराई - जिसमें जितेश शर्मा, वाशिगटन सुंदर और शिवम दुबे या रिकू सिंह शामिल हैं - यह सुनिश्चित करती है कि पूरी पारी में दबाव बनाए रखा जा सके, एक ऐसा कारक जो थोड़े अस्थिर ऑस्ट्रेलियाई लाइनअप के खिलाफ निर्णायक साबित हो सकता है। गेंदबाजी आक्रमण भी उतना ही संतुलित है। जसप्रीत बुमराह भारत के अगुआ बने हुए हैं, जबकि अर्शदीप सिंह दूसरे छोर पर गति और नियंत्रण प्रदान करते हैं। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी मैच आगे बढ़ने के साथ कैरारा की सूक्ष्म स्पिन का पूरा फायदा उठाने के लिए उपयुक्त है, और बीच के ओवरों में विकेट लेने की उनकी क्षमता खेल का रुख बदल सकती है। हेड की अनुपस्थिति के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया मिशेल मार्श, टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस और चंचल ग्लेन मैक्सवेल की आक्रामक बल्लेबाजी पर काफी हद तक निर्भर करेगा। नाथन एलिस और मैथ्यू कुहनेमैन भारत की रन गति पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट तेज गेंदबाजी में गहराई लाएंगे। मेजबान टीम को नियंत्रण हासिल करने के लिए सामूहिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी, खासकर उस सतह पर जो ऐतिहासिक रूप से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के अनुकूल रही है, जहां लगभग 180-190 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर है। टॉस निर्णायक भूमिका निभा सकता है, क्योंकि टीमें पहले गेंदबाजी करने की संभावना रखती हैं, जिससे कैरारा ओवल की शुरुआती सीम मूवमेंट और बाद के चरणों में स्पिनरों की क्षमता का फायदा उठाया जा सकता है। एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है, जहां गति में बदलाव, तेज पारी और रणनीतिक गेंदबाजी बदलाव परिणाम तय कर सकते हैं। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, भारत को बढ़त हासिल करने का एक अच्छा मौका दिख रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए फिर से संगठित होकर पलटवार करना होगा। चौथा टी-20 मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा, जिससे प्रशंसकों को तीव्रता, नाटकीयता और क्रिकेट की चमक से भरपूर एक रोमांचक मुकाबले का वादा किया जा सकता है।

टीमें : ऑस्ट्रेलिया: टिम डेविड, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल मार्श (कप्तान), मिशेल ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), जोश फिलिप (विकेटकीपर), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, एडम जम्पा, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन

भारत: सूर्या (कप्तान), गिल, तिलक, रिकू, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिगटन सुंदर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी

## द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

● **पंत की टीम में वापसी हुई है जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं**

**मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत को उपकप्तान की भूमिका मिली है, जबकि शुभमन गिल टीम की अगुआई करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवम्बर से होगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा रहे थे। करुण नायर की एक बार फिर अनदेखी हुई है। वह हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में दिखे हैं। वहीं, टीम की ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर यशस्वी और राहुल पर ही होगी। सुदर्शन नंबर तीन की भूमिका निभाएंगे। वहीं, नंबर तीन पर सुदर्शन और नंबर चार पर देवदत्त पडिक्कल या ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका मिल सकता है। अक्षर, कुलदीप, सुदंर और जडेजा के रूप में टीम में चार स्पिनर हैं, जबकि बुमराह, सिराज और आकाश के रूप में तीन पेसर हैं। नीतीश पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवम्बर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 30 नवम्बर से छह दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, फिर नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। भारत की टेस्ट टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर, उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेढी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आकाश दीप।

भारत-ए टीम भी घोषित-इसके अलावा चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारत-ए टीम घोषित की। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तान हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### भारतीय खिलाड़ियों ने किया बैटिंग और बॉलिंग का अभ्यास

**करारा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही पांच टी-20 मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले से एक दिन पहले बुधवार को भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी अभ्यास किया। यहां मैच से एक दिन पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहयोगी सदस्यों के संरक्षण में अभ्यास सत्र के दौरान तेज गेंदबाज, जसप्रीत बुमराह और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने अभ्यास किया। इसके साथ ही पिछले दो मुकाबलों बड़ा स्कोर करने में विफल रहे शुभमन गिल और तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी का जमकर अभ्यास करते देखे गए। भारतीय टीम पिछले मैच में मिली जीत से उत्साहित है और वह कल होने वाले मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बढ़त के इरादे से मैदान में उतरेगी।

#### एशेज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में लाबुशेन की वापसी

मेलबर्न, वार्ता। जेक वेदरल्ड को पर्थ में खेले जाने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि मार्नस लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। वेदरल्ड के अलावा, मेजबान टीम ने दो अन्य अनकैप्ड खिलाड़ियों - सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट - को भी टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय वेदरल्ड को पिछले सीजन में शेफ़ील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है, जहां उन्होंने तस्मानिया के लिए 18 पारियों में 50-33 की औसत से 906 रन बनाए थे। सैम कोंस्टास के टीम से बाहर होने के बाद, वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया की पहली टेस्ट टीम: स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, बोलैंड, कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, ग्रीन, हेजलवुड, ट्रैविस हेड, इंगलिस, उस्मान,लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क

## रोहित-कोहली का द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ खेलना लगभग असंभव



● **चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं है और इन मैचों के लिए दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलना मुश्किल है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के दक्षिण अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे पर आने वाली तीन मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है।

भारत ए टीम 13, 16 और 19 नवम्बर को राजकोट में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी - सभी दिन/रात के मैच-लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल एकदिवसीय प्रारूप में खेलने वाले इन दो वरिष्ठ क्रिकेटरों के टीम में शामिल होने की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक-दो दिन में भारत ए टीम की घोषणा कर सकता है, लेकिन पता चला है कि चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं हैं और इन मैचों के लिए इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की संभावना नहीं है। रोहित और विराट, जिन्होंने सभी प्रारूपों में भारत का नेतृत्व किया, ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैच खेले और दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रोहित, वास्तव में, मैन ऑफ द सीरीज रहे, लेकिन उन्हें लय में आने के लिए दो या तीन मैचों की आवश्यकता थी। पहले मैच में असफल रहने के बाद, रोहित ने 73 और नाबाद 121 रनों की पारी खेलकर मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार अपने नाम किया, जबकि विराट ने पहले दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद तीसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया (नाबाद 74)। अगर दोनों ऑस्ट्रेलिया में इतने प्रभावशाली नहीं होते तो स्थिति अलग हो सकती थी। वर्तमान में भारत ए की एक टीम बेंगलुरु के सीओई में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैचों की लाल गेंद की श्रृंखला खेल रही है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली भारत ए ने 2 नवम्बर को समाप्त हुए पहले चार दिवसीय मैच में जीत हासिल की। दूसरा मैच गुरुवार (6 नवम्बर) से शुरू होगा। भारतीय चयनकर्ता जल्द ही टेम्बा बावुमा की टीम के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करने के लिए बैठक करेंगे और इसी बैठक में भारत ए टीम का भी चयन हो सकता है। टेस्ट टीम की बात करें तो हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है।

## रोमांचक मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड ने यूनियन एसजी को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** एटलेटिको मैड्रिड ने चैंपियंस लीग के रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम की टीम यूनियन सेंट-गिलोइस को 3-1 से हराया।

एटलेटिको के लिए जूलियन अल्वारेज ने मंगलवार रात खेले गए मुकाबले में 39वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में एंटोनी ग्रिजमैन का एक गोल रद्द कर दिया गया, जब नहुएल मोलिना ने क्रॉसबार पर शॉट मारा था और ग्रिजमैन ने स्लाइड करके गोल करने का प्रयास किया।

लेकिन कॉनर गैलाघर ने 78वें मिनट में एटलेटिको की बढ़त को दोगुना कर दिया। एटलेटिको आरामदायक बढ़त पर था, लेकिन यूनियन एसजी के खिलाड़ियों ने कभी हार नहीं मानी और रॉस साइक्स ने एक जोरदार हेडर से उन्हें मैच में वापस ला दिया। यूनियन एसजी के गोलकीपर केजेल शेर्पेन ने शानदार शानदार बचाव करते हुए अल्वारेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मार्कोस लोरेंटे ने इंजरी टाइम के आखिरी मिनट में एक आसान फिनिश के साथ एटलेटिको का तीसरा गोल किया।

## सबालेंका ने दूसरी जीत दर्ज की



● **सबालेंका ने जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 3-6 वह 6-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की**

**रियाद, वार्ता।** बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने महिला टेनिस एसोसिएशन (डब्ल्यूटीए) फाइनल्स के ग्रुप स्तर पर अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत में जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक खेले, पहले तीन गेम ड्यूस तक ले गए और दोनों ने अपनी सर्विस बचाई। सबालेंका ने 5-2 की बढ़त के लिए पहला ब्रेक हासिल किया। पेगुला ने एक सेट पॉइंट बचाया और अंतर को 4-5 कर दिया, लेकिन सबालेंका ने फिर से ब्रेक लेकर सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में अपना लेवल बढ़ाया, दो बार ब्रेक किया और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाकर सेट 6-2 से जीत लिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में पहले ब्रेक लेकर 2-1 की बढ़त बनाई, लेकिन दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी ने लगातार चार गेम जीतकर 6-3 से जीत हासिल कर ली।

दिन के एक अन्य एकल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन अमेरिका की कोको गॉफ ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराया।

## मेरा इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं : खन्ना

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने स्पष्ट किया है कि उनका इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं है। खन्ना ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया में यह खबर आई है कि इंडियन हेवन प्रीमियर लीग को उसके मालिकों और आयोजकों ने उन कारणों से रद्द कर दिया है जो उन्हें ही पता हैं।

इस संदर्भ में, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि मेरा इस लीग से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक हमारी जानकारी और विश्वास है, लीग का स्वामित्व और संचालन पूरी तरह से युवा सोसाइटी के पास है। मैं न तो इसका सदस्य हूं, न ही कार्यवाहक या पदाधिकारी, और न ही मैं किसी भी तरह से उक्त सोसाइटी से जुध हूं। सुरेन्द्र खन्ना का लीग से कोई भी संबंध नहीं है - भूतकाल, वर्तमान या भविष्यकाल में - और उन्हें एक अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वे किसी भी तरह से लीग की योजना, वित्तीय व्यवस्था, प्रशासन, व्यवस्था, संगठन या निरंतरता से जुड़े नहीं हैं और न ही कभी रहे हैं। साथ ही, खन्ना का इस लीग से कोई वित्तीय हित नहीं था और वे किसी भी लाभ के हकदार नहीं थे, वे केवल एक अतिथि थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लीग के निर्माण, संचालन और समाप्ति से संबंधित सभी निर्णय विशेष रूप से युवा सोसाइटी और उसके आयोजकों के पास हैं।

## ओलंपिक भारोत्तोलन वर्ग में बदलाव के बाद मीराबाई अपना वर्ग बदलने को तैयार

● **लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित लॉस एंजेलिस 2028 के लिए ओलंपिक भार वर्गों के पुनर्गठन के बाद भारतीय स्टार मीराबाई चानू को एक वर्ग ऊपर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। टोक्यो 2020 में महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली और पेरिस 2024 में इसी वर्ग में चौथे स्थान पर रहने वाली मीराबाई चानू अब लॉस एंजेलिस में इस वर्ग में भाग नहीं ले पाएंगी। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी। आईडब्ल्यूएफ ने लॉस एंजेलिस 2028 में 12 नए वर्गों की पुष्टि की है। पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह। पेरिस 2024 में प्रत्येक लिंग के लिए पांच वर्ग थे।

लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक भारोत्तोलन भार वर्ग

पुरुष: 65 किग्रा, 75 किग्रा, 85 किग्रा, 95 किग्रा, 110 किग्रा, 110 किग्रा

महिला: 53 किग्रा, 61 किग्रा, 69 किग्रा, 77 किग्रा, 86 किग्रा, 86 किग्रा

पेरिस 2024 में, पुरुषों के लिए 61 किग्रा, 73 किग्रा, 89 किग्रा, 102 किग्रा और 102 किग्रा और महिलाओं के लिए 49 किग्रा, 59 किग्रा, 71 किग्रा, 81 किग्रा और 81 किग्रा थे। आईडब्ल्यूएफ ने अब एक साल से भी कम समय में दो बार भार वर्ग बदले हैं। इस साल की शुरुआत में, आईडब्ल्यूएफ द्वारा ओलंपिक कार्यक्रम से 49 किग्रा वर्ग को हटाने के बाद, चानू 48 किग्रा वर्ग में आ गईं। 49 किग्रा वर्ग को तब से आईडब्ल्यूएफ के विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसे ओलंपिक में शामिल नहीं किया जाएगा। मीराबाई चानू की सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां - जिनमें तीन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप पदक और तीन राष्ट्रमंडल खेल पदक शामिल हैं - 50 किग्रा से कम भार वर्ग में ही आई हैं। हालांकि, भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि यह बदलाव मीराबाई के पक्ष में काम कर सकता है। शर्मा ने कहा कि यह (49 किग्रा हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है ।

## पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को हराया



● **नसीम शाह और अबरार ने 3-3 विकेट हासिल किए, आगा सलमान ने 62 और रिजवान ने 55 रनों की पारी खेली**

**फैसलाबाद, वार्ता।** नसीम शाह और अबरार अहमद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद आगा सलमान (62) और मोहम्मद रिजवान (55) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहले एकदिवसीय मुकाबले में दो गेंदे शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को लुआन-द्रे प्रेटोरियस और क्विटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े। 16वें ओवर में सैम अयूब ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस (57) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 25वें ओवर में नसीम शाह ने क्विटन डी कॉक (63) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते रहे। पाकिस्तनी गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका को 49-1 ओवर में 263 के स्कोर पर रोक दिया। टोनी डीजॉर्जी (18), सिनेतेम्बा केशिले (22), कप्तान मैथ्यू ब्रीत्जके (42) और कॉर्बिन बॉश ने 41 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट लिए। सैम अयूब को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए फखर जमान और सैम अयूब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत की। डॉनोवन फरेरा ने सैम अयूब (39) को आउटकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद उन्होंने फखर (45) को भी अपना शिकार बना लिया। तीसरे विकेट के रूप में बाबर (सात) को ब्योर्न फोर्टेन ने पगबाधा आउट किया। अफ्रीकी गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में मेजबान टीम को रोकने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन रिजवान ने 55 रन बनाकर बीच के ओवरों में अपनी टीम को शांत रखा।

## स्टालिन ने पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया

● **हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा**

**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन ने आज एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया। हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। स्टालिन ने राज्य सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चमचमाती ट्रॉफी और टूर्नामेंट के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी उपस्थित थे, जिनके पास खेल विकास एवं युवा कल्याण विभाग का प्रभार भी है और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और हॉकी इंडिया के अधिकारी भी मौजूद थे।



हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे- मनोहरन भी उपस्थित थे। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025, 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान देश भारत ने 2001 और 2016 में दो बार यह टूर्नामेंट जीता है और वह तीसरी बार अपनी धरती पर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद करेगा। भारत को ओमान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

## आयरलैंड सीरीज के बाद सलाहुद्दीन सहायक कोच का पद छोड़ेंगे

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के बाद अपने पद से हटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 5 नवम्बर को बीसीबी में शामिल हुए सलाहुद्दीन का 2027 विश्व कप तक का अनुबंध था, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ एक साल पूरा करने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने का फैसला किया है। क्रिकबज को पता चला है कि उन्होंने बोर्ड को अपना इस्तीफा भेज दिया है क्योंकि उन्हें अपनी भूमिका पसंद नहीं आ रही है, और देश के प्रमुख स्थानीय कोच ने इस बात को स्वीकार किया है। सलाहुद्दीन ने मंगलवार को क्रिकबज से कहा कि हां, मैं इस्तीफ़ा दे रहा हूं। उन्होंने ज्‍यादा जानकारी दिए बिना यह बात कही।

CMYK



# पगड़ी की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देर शाम प्रेम मंदिर रोड स्थित एक दुकान में आग लग गई उक्त दुकान में पगड़ी एवं दूल्हे का अन्य सामान बेचा जाता था। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। वहीं आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। लोगों की भारी भीड़ भी मौके पर इकट्ठा हो गई थी।

जानकारी के अनुसार रुड़की के सिविल लाइंस स्थित प्रेम मंदिर रोड पर आलोक खन्ना की अवसर पगड़ी के नाम से एक शोरूम है जिसमें दूल्हे की पगड़ी के अलावा शादी विवाह से संबंधित कई सामान मिलता है। आज शाम दुकान स्वामी अपनी दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे लेकिन थोड़ी ही देर बाद दुकान में से धुंआ लोगों ने निकलता देखा। लोगों के द्वारा



सूचना फायर ब्रिगेड एवं दुकान स्वामी को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। दुकान को खोला गया लेकिन उसमें काफी सामान आग के हवाले हो चुका था लोगों की भारी भीड़ भी मौके पर इकट्ठा हो गई थी। वहीं दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अब तक शॉट सर्किट माना जा रहा है आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है।

# संदिग्ध हालात में आम के बाग में लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पनियाला रोड स्थित एक आम के बाग में एक युवक का शव लटका मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इसके साथ ही परिजनों को सूचना कर दी है। गंगनहर कोतवाली पुलिस को आज सुबह सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली गंग नहर क्षेत्र अंतर्गत पनियाला रोड में आम के बाग में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगा ली है इस सूचना पर मौके पर जाकर जानकारी की तो मृतक की शिनाख्त श्यामवीर पुत्र जयकरन निवासी ग्राम गुरेला पोस्ट मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश उम्र लगभग 30 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने उसके शव को उतारकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही जानकारी के जुटाकर परिजनों को सूचित किया गया। फांसी लगाने के कारणों की



जांच में पुलिस जुटी है।

# हत्या मामले में फरार दोनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम झबरेडी कला में उधारी की रकम मांगने पर हुई हत्या के मामले में जहां पुलिस द्वारा हत्या के एक आरोपी को पकड़ गिरफ्तार कर 2 दिन पूर्व जेल भेज दिया गया है। वही फरार हत्यारोपी पिता पुत्र को भी पुलिस ने पकड लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम झबरेड़ी कला में 30 अक्टूबर को तीन लोगों द्वारा गांव में ही दुकानदार विकास कुमार व उसके भाई आकाश को दुकान की उधारी के पैसे मांगने पर उनके साथ जमकर मारपीट की थी। मारपीट करने वालों में दो पुत्रों व उनका पिता शामिल था। मारपीट में गंभीर घायल दुकानदार 22 वर्षीय विकास पुत्र मांगेराम को उसके परिजनों द्वारा एम्स ऋषिकेश में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। गंभीर घायल विकास की । नवंबर को एम्स ऋषिकेश में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के चाचा संजय द्वारा गांव के ही तीन लोगों मोहित रोहित उर्फ गोपी पुत्रगण राजू उर्फ राजकुमार के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि विकास की मौत होने पर पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम द्वारा 3 नवंबर की रात्रि को ग्राम नियामतपुर थाना खानपुर मैं दबिश देकर मुख्य आरोपी रोहित उर्फ गोपी पुत्र राजकुमार को उसके मामा के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया था।

मामले में थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि उक्त मामले में फरार चल रहे दोनों पिता पुत्र को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि हत्यारोपी पिता पुत्र के नाम मोहित पुत्र राजकुमार व राजकुमार उर्फ राजू पुत्र सोमा बताये है।

# शहजाद विधायक ने विधानसभा में उठाया छात्र हितों का मुद्दा

## हरिद्वार के बच्चों की प्रतिभा व खिलाड़ियों की भूमिका को सम्मान दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर से विधायक मोहम्मद शहजाद ने हरिद्वार जिले के बच्चों की प्रतिभा और उनके सामने आ रही चुनौतियों को लेकर उत्तराखंड सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। विधायक ने कहा कि हरिद्वार के बच्चों में क्षमता और प्रतिभा भरपूर है, लेकिन च्ै जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में मूल निवास डोमिसाइल का मुद्दा एक बड़ी बाधा बनकर सामने आता है, जिससे वे पीछे रह जाते हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह हरिद्वार के बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीरता दिखाए और उनका ध्यान इस क्षेत्र की ओर भी आना चाहिए। कबड्डी खिलाड़ी भूमिका को सम्मान न मिलने पर निराशाविधायक शहजाद ने लक्सर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बनी ग्राम निरंजनपुर की कबड्डी खिलाड़ी बेटी भूमिका के साथ हुए व्यवहार पर गहरी निराशा व्यक्त की। भूमिका ने देश-विदेश में क्षेत्र का नाम रोशन किया है, लेकिन विधायक का कहना है कि अभी तक उत्तराखंड सरकार द्वारा उन्हें अन्य प्रदेशों की भांति न तो कोई आर्थिक सहायता दी गई है और न ही कोई सम्मान।विधायक ने इस बात पर जोर दिया कि जो खिलाड़ी भूमिका के साथ



टीम में शामिल थे, उन्हें उनके संबंधित प्रदेशों की सरकारों ने उचित मान-सम्मान और प्रोत्साहन दिया है।ष्ॅ विधायक शहजाद ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा: ष्हमारे प्रदेश में यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न मुख्यमंत्री ने, न खेल मंत्री ने और न ही जिलाधिकारी ने अभी तक भूमिका को कोई सम्मानजनक अल्फाज भी कहे हैं। यह खेल प्रतिभा का अपमान है।ष्ॅ सम्मान से मिलेगी अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणाविधायक मोहम्मद शहजाद ने सशक्त रूप से मांग की है कि दूसरे प्रदेशों की तर्ज पर खिलाड़ी भूमिका को भी तुरंत सम्मान मिलना चाहिए, साथ ही उन्हें आर्थिक मदद भी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान और प्रोत्साहन उत्तराखंड के अन्य बच्चों को भी कड़ी मेहनत करने और अपने क्षेत्र, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सरकार से अपील की है कि वह तत्काल इस मामले में दखल दे और प्रदेश की इस होनहार बेटी को उसका उचित हक और सम्मान प्रदान करे।

## टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत किया

# चतुर्थ माह का पोष्टिक आहार वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा रुड़की द्वारा टी बी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत शाखा के सदस्य एवं कार्यक्रम प्रांत प्रभारी डॉ अजय भार्गव तथा सह प्रभारी डॉक्टर सुधीर चौधरी के मार्गदर्शन में टी बी के 25 पेशेंट को चतुर्थ माह का प्रोटीन युक्त आहार एवं प्रोटीन पाउडर का वितरण राजकीय चिकित्सालय रुड़की में शाखा के सदस्यों के सहयोग से किया गया। इसमें प्रत्येक मरीज को पांच किलो आटा, एक किलो चने की दाल, एक किलो काले चने, कुकिंग तेल एवं प्रोटीन पाउडर का डिब्बा दिया गया।

शाखा द्वारा यह कार्यक्रम लगातार छह महीने तक चलता रहेगा। छह माह के पश्चात सभी मरीजों का मैडिकल चौकअप किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ अजय भार्गव, डॉ संजय कुमार जैन, श्री हर्ष प्रकाश काला अध्यक्ष राकेश कुमार गर्ग एवं




राजकीय चिकित्सालय के श्री आशीष शर्मा उपस्थित रहे।

# नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव को मन में रखकर करें कार्य : रीना नैथानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में नगर निगम रुड़की एवं रोटरी क्लब रुड़की द्वारा संयुक्त रूप से कुष्ट आश्रम में सफाई, वृक्षारोपण एवं आश्रम वासियों को फल वितरित किए गये। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्षा रोटेरियन रीना नैथानी ने कहा कि रोटरी का मुख्य कार्य ही अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचने का है जिसकी सेवा करना रोटरी का मुख्य धेय है।नगर आयुक्त श्री राकेश तिवारी जी ने नगर निगम की ओर से कुष्ट आश्रम के लिए किए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुष्ठ आश्रमवासी हमारे लिए बहुत महान है हम कुष्ट आश्रम वासियों की हर समस्या का समाधान करने को हर समय तैयार है। रोटरी के वरिष्ठ रोटेरियन एवं पूर्व असिस्टेंट गवर्नर रोटे सुभाष सरीन जी ने 40वर्षो से कुष्ट आश्रम के लिए किए कार्यों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर रोटे हर्ष प्रकाश काला, पूजा गुप्ता गगन सरीन, मंगलादेवी, सहायक नगर आयुक्त, सभासद सफाई



कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोटे सुभाष सरीन जी ने किया।

# मोदी के नेतृत्व में देश बन रहा आत्मनिर्भरः दुष्यंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा कि देश अब सैन्य और आर्थिक दोनों मोर्चों पर मजबूत हुआ है। रुड़की विधानसभा सम्मेलन में बोलते हुए गौतम ने कहा कि कांग्रेस और अन्य दलों ने देश को कमजोर किया, जबकि भाजपा ने राष्ट्र को नई दिशा दी है। इस अवसर पर नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के जीवन में आमूल परिवर्तन लाया है। आज भारत गर्व और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। विदेशी शक्तियां अब भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकतीं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, जिला महामंत्री अक्षय प्रताप सिंह, सागर गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी, राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, पूर्व राज्य मंत्री अमीलाल वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चौधरी धीर सिंह ने किया।

# गाय को क्रूरता पूर्वक घसीट कर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा एक गाय को रस्सी में बांधकर सड़क पर घसीट कर क्रूरता पूर्वक ले जाने का आरोप लगाते हुए दो लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बेहडेकी सैदाबाद निवासी मुकुल त्यागी द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम इकबालपुर में ग्राम खाता खेड़ी निवासी नईम अहमद तथा तसव्वर एक गाय को रस्सी में बांधकर क्रूरता पूर्वक सड़क पर घसीटते हुए अपने घर ले जा रहे थे। उसी समय सूचना मिलने पर वह अपने अन्य दो साथियों अंकित निवासी ग्राम डेलना व प्रिंस त्यागी निवासी ग्राम बेहडेकी सैदाबाद मौके पर पहुंचे। हमें देखकर गाय को घसीट कर ले जा रहे उक्त दोनों गाय को वहीं छोड़कर भाग गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर उक्त दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल गाय का उपचार पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर कराया गया है।

# अवैध तमंचे के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाये जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के निर्देश पर 4 नवंबर 2025 को पुलिस के द्वारा सुल्तानपुर क्षेत्र से चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम आशीष सैनी पुत्र सुखबीर निवासी ग्राम मुंडा खेड़ा कला कोतवाली लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह कांस्टेबल सतपाल राणा संदीप रावत शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लूट की घटना का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा लूट की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है इसका एक साथी फरार हो गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने बताया 4 नवंबर 2025 को उदित सैनी पुत्र श्रवण कुमार सैनी निवासी ग्राम खड़ंजा कुतुबपुर द्वारा तहरीर देकर बताया 3 नवंबर 2025 को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अकोढा कला के रास्ते पर उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन व 1000 नकदी छीन कर भाग गए घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा बारीकी से जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज खगाल कर मुखबिर की सूचना के आधार पर 4 नवंबर 2025 को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया पकड़े गए आरोपी ने घटना को स्वीकारते हुए सब कुछ बता दिया पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम दीपक पुत्र रामकुमार निवासी अकोढा कला थाना लक्सर हरिद्वार बताया वांछित अभियुक्त का नाम अमन उर्फ काका पुत्र कर्म सिंह निवासी ग्राम उपरोक्त बताए पकड़े गए व्यक्ति से एक मोबाइल फोन ओप्पो कंपनी ६500 नकद एक नाजायज चाकू बरामद हुआ उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल अरविंद चंदेल होमगार्ड लोकेश शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है फरार अभियुक्त की तलाश जारी है।

# स्टेट हज इंस्पेक्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 नवंबर

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति के ईओ मो आरिफ ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के पत्र के अनुसार संख्या हज यात्रा 2026 के लिए स्टेट हज इंस्पेक्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 7 नवम्बर 2025 कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति अब 7 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हज यात्रा 2026 के लिए स्टेट हज इंस्पेक्टर लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों को अपने हस्ताक्षरित आवेदन पत्र, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट की मूल प्रति तथा सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालय हज हाउस पिरान कलियर में 9 नवम्बर 2025 को शाम 5 बजे तक उपस्थित होना आवश्यक है।

# खाने की गुणवत्ता पर जायरीन व दुकानदार भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** साबिर पाक की दरगाह पर जियारत के लिए आए बरेली निवासी जायरीनों और एक खाना बनाने वाले दुकानदार के बीच रविवार को खाने की गुणवत्ता पर विवाद हो गया। आसपास के दुकानदारों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। बरेली उत्तर-प्रदेश से मुमताज अपने परिवार के साथ साबिर पाक की जियारत के लिए कलियर पहुंचे थे। जियारत के बाद उन्होंने गरीबों में बांटने के लिए एक दुकान पर खाना बनवाया। आरोप है कि खाना ठीक से नहीं बनाया गया था। इस पर जब उन्होंने दुकान स्वामी से शिकायत की तो उसने गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट जैसी स्थिति बन गई। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और किसी तरह मामला शांत कराया। जायरीनों ने खाना बनाने के पूरे पैसे देने से इन्कार किया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही। बाद में स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने दोनों पक्षों को समझाकर आधे पैसे दिलवाकर मामला निपटा दिया।

# महिला के फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने के आरोप में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति पर छल कपट और फर्जी दस्तावेज तैयार कर मृतक के उत्तराधिकारी बनने का झूठा दावा करने, संपत्ति हड़पने तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर निवासी मीना ने तहरीर देकर बताया कि उनके पति रिफाकत की मृत्यु 2 अक्तूबर 2024 को हुई थी। रिफाकत की पहली पत्नी तैहरूनिशा थी। जिनसे कोई संतान नहीं थी। पति की मृत्यु के बाद वह अपने पति रिफाकत की चल अचल संपत्ति की वैध वारिस है। शेरू पुत्र इकराम निवासी भगवानपुर चंदनपुर ने धोखाधड़ी कर अपने आप को शेर अली पुत्र रिफाकत दर्शाते हुए फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया है। महिला का कहना है कि उक्त व्यक्ति का उनके परिवार से कोई संबंध नहीं है फिर भी उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रिफाकत की संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।आरोपी ने परिवार पर दबंगई दिखाते हुए मीना और उनके पांच बच्चों को घर से निकाल दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है। रिफाकत की पहली पत्नी तेहरूनिशा को भी आरोपी ने डरा-धमकाकर अपने दबाव में ले रखा है।मीना ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर शेरू निवासी भगवानपुर चंदनपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# उत्तम शुगर मिल्स लिब्बरहेड़ी में पेराई सत्र का हुआ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तम शुगर मिल लिब्बरहेडी का पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ हवन पूजन एवं मंत्रोच्चारण के साथ मिल प्रबन्धन के अधिकारियों, किसानों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्वान पंडित षिवम शर्मा द्वारा विधि विधान से किया गया। इसके उपरान्त गन्ना समिति लिब्बरहेडी, सुशील राठी (चेयरमैन प्रतिनिधि) द्वारा कॉटा संख्या-1 पर कृषक श्री सुनील कुमार पुत्र श्री महीपाल सिंह ग्राम-थीथकी की बैलगाडी के बैलों की पूजा कर प्रथम तौल हेतु फीता काटकर पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया इसी प्रकार ट्रॉली कांटे पर श्री विनोद कुमार (उपाध्यक्ष), गन्ना समिति लिब्बरहेडी व श्री श्यामवीर सैनी (गन्ना राज्य मंत्री) द्वारा कृषक श्री जगपाल सिंह पुत्र श्री बलवीर सिंह ग्राम- मन्नाखेडी की ट्रॉली के तौल हेतु फीता काटकर गन्ना तौल प्रारम्भ किया गया। इसी क्रम में ट्रक कांटे पर सचिव प्रभारी, गन्ना समिति लिब्बरहेडी, श्री अनन्त सिंह द्वारा फीता काटकर तौल कार्य का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात सभी किसान प्रतिनिधियों और मिल अधिकारियों के साथ चीनी मिल मालिक श्री राजकुमार अधलखा जी के पुत्र श्री जय अधलखा जी एवं श्री कपिल बंसल द्वारा चौन में गन्ना डालकर पेराई



सत्र का शुभारम्भ किया गया। तद्‌परान्त चीनी मिल क्षेत्र के किसान भाईयों, गन्ना विभाग, चीनी मिल के सभी कर्मचारीगणों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री एल0एस0 लाम्बा द्वारा क्षेत्र के सभी किसान भाईयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी गयी। इस अवसर पर मिल प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि किसानों की गन्ना आपूर्ति सुचारु रुप से और गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को समय से किया जायेगा। चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा किसानों से यह अनुरोध किया गया कि वह अपना गन्ना औने-पौने दामों में कोल्हूओं पर न डाले, सभी किसान भाई अपना समस्त गन्ना चीनी मिल पर ही आपूर्ति करें। चीनी मिल के यूनिट हेड श्री लोकेन्द्र सिंह लाम्बा एवं महाप्रबन्धक गन्ना श्री अनिल सिंह द्वारा किसानों से अपील की गयी कि गन्ना प्रजाति को0 0238 की बुवाई कदापि न करें क्योंकि यह प्रजाति एक घातक बीमारी लाल सड़न रोग से ग्रसित हो गयी है। इस अवसर पर चीनी मिल अधिकारियों के साथ गन्ना समिति संचालन मण्डल के सदस्य, अनुराग राठी, मोहित कुमार, राजवीर सिंह, पवन सैनी, सुनील कुमार, संजय ब्रजपाल, ब्रहमपाल सिंह, डा0 रामपाल सिंह ग्राम मानकपुर, कृषक श्री सतवीर सिंह व धर्मेन्द्र सिंह लिब्बरहेडी, श्री सेठपाल सिंह रामनगर, श्री विजय कुमार मखदूमपरु, आदित्य खेडाजट, श्री राजेन्द्र सिंह, नरेषपाल खेडाजट्, विपिन मोहम्मदपुर राजेन्द्र सिंह गदरजुड्डा, कुलदीप प्रधान थीथकी आदि उपस्थित रहे।

CMYK

# सम्पादकीय

**गुरुवार , 6 नवम्बर 2025**

## धोखाधड़ी का पैमाना

डिजिटल धोखाधड़ी की वर्तमान लहर को पारंपरिक साइबर अपराध से जो बात अलग करती है, वह है इसका औद्योगिक पैमाना और सीमा-पार संरचना। डिजिटल घोटालों के बढ़ते खतरे की व्यापक जांच का सुप्रीम कोर्ट का आह्वान, भारतीय नागरिकों के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खतरनाक पैमाने को दर्शाता है। पीठ का खास ध्यान डिजिटल अरेस्ट घोटालों पर था, जहां धोखेबाज पैसे ऐंठने के लिए कानून प्रवर्तन अधिका. रियों का रूप धारण करते हैं, जो इन करतूतों के परिष्कृत तौर-तरीकों और निर्लज्जता को रेखांकित करता है। घोटाला परिसरों का एक विशाल नेटवर्क दक्षिण-पूर्व एशिया के उन संघर्षग्रस्त क्षेत्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों, खासतौर पर म्यांमार में स्थित, से संचालित होता है जहां राज्य का नियंत्रण न्यूनतम है और जहां, चिंताजनक रूप से, शासन की मिलीभगत स्पष्ट दिखाई देती है। गुलामी के इस आधुनिक रैकेट की कार्यप्रणाली बेहद ही भयावह है। पीड़ितों को वीजा-मुक्त व्यवस्था का फायदा उठाते हुए, अक्सर बैंकाक के रास्ते, आकर्षक वेतन और सुविधाओं का वादा करने वाले धोखाधड़ी भरे नौकरी के विज्ञापनों के जरिए लुभाया जाता है। वहां से, उन्हें सीमा पार, मुख्य रूप से म्यांमार के उन क्षेत्रों में तस्करी कर लाया जाता है, जो सैन्य जुंटा से संबद्ध सीमा रक्षक बलों द्वारा नियंत्रित होते हैं। ये परिसर डिजिटल स्वेटशाप के रूप में कार्य करते हैं, जहां तस्करी कर लाए गए व्यक्तियों को हिंसा, यातना और यौन उत्पीड़न के जरिये व्यापक घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें पीग बुचरिंग, रोमांस और क्रिप्टोकरेंसी निवेश से जुड़े धोखाधड़ी का एक परिष्कृत संयोजन शामिल होता है। म्यांमार के गृहयुद्ध ने इन कारगुजारियों के फलने-फूलने के लिए आदर्श परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। जुंटा के 2021 के तख्तापलट और उसके बाद के संघर्ष ने जातीय मिलिशिया को बढ़ावा दिया, जिन्हें सीमा रक्षक बलों के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया और जिन्होंने इन घोटाले केंद्रों के संचालन को राजस्व के एक ऐसे आकर्षक स्रोत के देखा, जिन पर सैन्य अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए हकरह लगाया जा सकता है। धोखाधड़ी के जरिये हासिल आय को हम्यूल्स और कंबोडिया के हुइओन पे जैसे संदिग्ध वित्तीय संस्थानों के जरिये लाकर क्रिप्टोकरेंसी में तब्दील किया जाता है, जिसके बाद उसके सिरे का पता लगाना और उसकी वसूली लगभग असंभव हो जाती है। वैश्विक पर्यवेक्षकों ने इन अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों के संचालकों के रूप में चीन के संगठित अपराध सिंडिकेटों की पहचान की है। भारत दोहरे संकट का सामना कर रहा है, इसके हजारों नागरिकों को क्रूर परिस्थितियों में जबरन श्रम के लिए तस्करी करके लाया जाता है, जबकि घर पर हजारों लोग उन्हीं धोखाधड़ी का शिकार होते हैं जिन्हें ये बंधक जबरन अंजाम देते हैं। इससे निपटने के लिए एक बहुआयामी जवाबी कार्रवाई की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर इन घोटालों के बारे में व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए तथा साइबर अपराध से निपटने के बुनियादी ढांचे और पुलिसिंग क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए।

## ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके



हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था, बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है, चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लो. कतंत्र को मारा जा सके, ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला, इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई, 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया, अब ये व्यवस्था क्या है, हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायाब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है, सैनी कहते हैं, मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है, हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए।

**-राहुल गांधी , नेता विपक्ष , लोकसभा**

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व





**रजनीश कपूर**

विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णकाल कहा जाता है। यही वह समय होता है जब व्यक्ति का चरित्र, सोच और भविष्य की दिशा तय होती है। इस अवस्था में यदि कोई एक गुण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो वह है अनुशासन। अनुशासन केवल समय पर विद्यालय जाने, पढ़ाई करने या नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं हैय यह जीवन की एक सोच और आदत है जो व्यक्ति को आत्मसंयम, जिम्मेदारी और सम्मान सिखाती है। अनुशासन वह मार्गदर्शक है जो विद्यार्थी को उसके लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करता है। यदि विद्यार्थी अपने समय, ऊर्जा और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सीख ले, तो वह किसी भी चुनौती का सामना साहस और विवेक से कर सकता है। परंतु आज के समय में, जब विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और मानसिक दबावों से गुजर रहे हैं, अनुशासन का पालन पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अनुशासन विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण की नींव रखता है। यह उन्हें आलस्य, असंगठितता और गैर-जिम्मेदारी से बचाता है। नियमित अध्ययन, समय पर कार्य पूरा करना, नियमों का सम्मान करना और स्वयं के प्रति ईमानदार रहना, ए आदतें उसी अनुशासन का परिणाम हैं। एक अनुशासित विद्यार्थी न केवल अकादमिक सफलता प्राप्त करता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में संतुलित और आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में उभरता है। जब विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में अनुशासन अपनाता है, तो वह जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की क्षमता भी विकसित करता है। वह समय की कीमत समझता है, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना सीखता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानता है। आज के दौर में विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगिता, सहपाठियों की तुलना, सोशल मीडिया और अन्य कई दबावों से गुजरते हैं। कई बार ए दबाव मानसिक थकान, असंतोष और असफलता की भावना जन्म देते हैं। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भावनात्मक सहारा और मानसिक स्थिरता प्रदान करना भी आवश्यक हो जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों की समस्याओं और भावनाओं को समझने की को. शिश करनी चाहिए। संवाद के द्वार खुले रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि बच्चा अपनी चिंताओं को बिना डर के व्यक्त कर सके। यदि माता-पिता केवल अंकों या रैंकों पर ध्यान देंगे, तो बच्चा अनुशासन को भय या दबाव के रूप में देखने लगेगा। लेकिन जब वही अनुशासन प्रेम, समझ और प्रेरणा से जोड़ा जाएगा, तो विद्यार्थी उसे जीवन का हिस्सा बना लेगा। साथ ही, बच्चों को यह भी समझना चाहिए कि माता-पिता की अपेक्षाएं केवल सफलता के लिए नहीं होतीं, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं। माता-पिता अपने जीवन के अनेक सुख-त्याग कर बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों के लिए यह समझना जरूरी है कि उनके माता-पिता द्वारा दिए गए अनुशासनात्मक सुझाव विरोध नहीं, बल्कि मार्गदर्शन हैं। हर विद्यार्थी का स्वभाव और क्षमताएं अलग होती हैं। अतः सभी पर समान दबाव डालना अनुचित है। माता-पिता को यह समझना चाहिए कि बच्चों की तुलना किसी और से नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तिगत विकास और रुचि के आधार पर बढ़ने देना चाहिए। दूसरी ओर, विद्यार्थियों को यह सिखाया जाना भी आवश्यक है कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत का अवसर होती है।

अनुशासन का संबंध मानसिक संतुलन से भी है। उचित नींद, संतुलित भोजन, खेलकूद और योगाभ्यास विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त रखते हैं। जब मन शांत और संतुलित होगा, तभी अनुशासन का पालन भी सहज बनेगा। वहीं शिक्षक का दायित्व केवल पाठ पढ़ाना नहीं है। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करते हैं। शिक्षक वह आदर्श प्रस्तुत करते हैं जिसे विद्यार्थी अनजाने में अपनाते हैं। जब शिक्षक अपने व्यवहार और कार्यशैली में अनुशासन दिखाते हैं, तो विद्यार्थी भी उसे अपने जीवन में उतारने के लिएप्रेरित होते हैं।शिक्षकों को चाहिए कि वे अनुशासन को दंड के रूप में नहीं, बल्कि आत्म-विकास के साधन के रूप में प्रस्तुत करें। कठोर नियमों से भय नहीं, बल्कि स्नेह और संवाद से अनुशासन स्थापित किया जा सकता है। एक प्रेरणादायक शिक्षक विद्यार्थियों के भीतर आत्म-नियंत्रण, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर ही अनुशासन की सु. ढ़ नींव बना सकते हैं। यदि समाज में सफल व्यक्तियों को केवल धन या पद की दृष्टि से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और अनुशासन के आधार पर सम्मान मिले, तो विद्यार्थी भी सही आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।शिक्षा व्यवस्था में भी अनुशासन को सिलेबस का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केवल नियमों के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहारिक अभ्यास के तौर पर। सामूहिक कार्य, सामाजिक सेवा और आत्म-अनुशासन संबंधी प्रायोगिक गतिविधियों से विद्यार्थी में जिम्मेदारी और आत्मसंयम की भावना विकसित की जा सकती है। अनुशासन विद्यार्थी जीवन का सबसे विश्वसनीय साथी है। यह वह मूल्य है जो व्यक्ति को सफलता, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। माता-पिता यदि प्रेमपूर्वक दिशा दें, शिक्षक अनुशासन का आदर्श प्रस्तुत करें, और विद्यार्थी उसे आत्मसात करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा। अनुशासन वही पुल है जो शिक्षा को व्यक्तित्व से जोड़ता है और सपनों को वास्तविकता में बदलता है।समाज को प्रगतिशील और जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता है, और यह तभी संभव है जब विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को अपनाया जाए। अनुशासन जीवन में सफलता की नींव है, जो विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और चरित्र प्रदान कर उन्हें विश्व का नेतृत्व करने योग्य बनाता है। प्रत्एक छात्र को चाहिए कि वह अनुशासन की महत्ता को समझे और अपने जीवन में इसे अपनाकर समाज, राष्ट्र और स्वयं के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बुढ़ापा रोकने में लगे वैज्ञानिक

**सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विकसित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को २० जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई – उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे।**

एक दशक पूर्व जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के शिन्या यामानाका को ऐसे प्रोटीन्स की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था जिनकी मदद से वयस्क कोशिकाओं को वापिस उनकी प्रारंभिक स्थिति (स्टेम कोशिकाओं) में तबदील किया जा सकता है। अब दो शोधकर्ता दलों ने दावा किया है कि ये प्रोटीन्स सिर्फ कोशिकाओं को नहीं बल्कि पूरे जीव को उसकी प्रारंभिक स्थिति में ला सकते हैं। यानी बुढ़ापे को पलट सकते हैं। इनमें से एक दल एक बायोटेक कंपनी में कार्यरत है और उसने तथाकथित यामानाका फैक्टर को जीन-उपचार की तकनीक से बूढ़े चूहों में प्रविष्ट कराया और उनके जीवनकाल को थोड़ा लंबा करने में सफलता पाई।

दूसरे दल ने जेनेटिक इंजीनियरिग की मदद से चूहे विकसित किए और बुढ़ापे के लक्षणों को पलटा। दोनों ही मामलों में लगता है कि यामानाका फैक्टर्स ने चूहों के एपिजीनोम को बदल दिया। एपिजीनोम डीएनए और प्रोटीन्स में होने वाले रासायनिक परिवर्तनों को कहते हैं जो जीन्स की अभिव्यक्ति को बदल देते हैं। उसे ज्यादा युवावस्था जैसा बना देते हैं। गौरतलब है कि इस प्रक्रिया में डीएनए के क्षारों में या उनके क्रम में परिवर्तन नहीं होता। इससे पहले भी कई समूहों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे तैयार किए हैं जो वयस्क होने पर खुद यामानाका फैक्टर्स बनाने लगते हैं और बुढ़ापे के कुछ लक्षणों को पलटने में सक्षम होते हैं। अब जो प्रयोग किए गए हैं उनका मकसद मनुष्यों के लिए कुछ उपचार खोजना है। इसी संदर्भ में रीजुविनेट बायो नामक कंपनी के शोधकर्ताओं ने उक्त यामानाका फैक्टर्स के जीन्स से युक्त एक वायरस को चूहों में इंजेक्ट किया। देखा गया कि इसके बाद ये चूहे 18 सप्ताह तक जीवित रहे जबकि शेष चूहे मात्र 9 सप्ताह। शोधकर्ताओं ने बायोआर्काइव्स में बताया है कि इन चूहों में डीएनए मिथायलेशन का पैटर्न अपेक्षाकृत युवा चूहों जैसा हो गया था। डीएनए मिथायलेशन एपिजेनेटिक परिवर्तन का एक प्रकार है। वैसे कुछ अन्य अध्ययनों में पाया गया था कि यामानाका फैक्टर्स कैंसर को बढ़ावा देते हैं लेकिन इस अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं देखा गया। दूसरा अध्ययन हारवर्ड मेडिकल स्कूल के डेविड सिन्क्लेयर के दल द्वारा सेल में प्रकाशित किया गया है। कहते हैं कि सिन्क्लेयर पिछले दो दशकों में कई वृद्धावस्था रोधी विवादास्पद हस्तक्षेपों के प्रणेता रहे हैं। सिन्क्लेयर का दल वृद्धावस्था के सूचना सिद्धांत के आधार पर काम कर रहा था। इस सिद्धांत में कहा जाता है कि हम बूढ़े इसलिए होते हैं क्योंकि समय के साथ एपिजेनेटिक चिंह खत्म होते जाते हैं। सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विक. सित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को 20 जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई – उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे। अब शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या एपिजेनेटिक बदहाली के इन लक्षणों को पलटाया जा सकता है। उन्होंने एक वायरस के



साथ यामानाका फैक्टर्स दिए और देखा कि बुढ़ाते चूहों की दृष्टि सुधर गई थी। कई अन्य मामलों में यामानाका फैक्टर्स ने एपिजेनेटिक सुधार किए थे। इसके आधार पर सिन्क्लेयर का मत है कि बुढ़ापे को आगे-पीछे कर सकते हैं और कुछ इलाज उभर सकता है। बहरहाल, जैसा कि हमेशा होता है, पूरे मामले में कई अगर-मगर हैं। एक तो यही कि जो एपिजेनेटिक परिवर्तन किए गए थे वे कुदरती नहीं थे। पता नहीं कुदरती परिवर्तन किस तरह होते हैं और उनका क्या असर होता है। दूसरा कि चूहे और मनुष्य बहुत अलग-अलग हैं। तीसरा कि बुढ़ाना एक पेचीदा प्रक्रिया है और ए प्रयोग उसका सरलीकरण करते हैं। इन सारे अगर-मगर के बावजूद शोधकर्ता आगे बढ़कर मनुष्यों पर प्रयोग करने को उत्सुक हैं। बंदरों पर जांच तो शुरू भी हो चुकी है।

**...स्रोत फीचर्स**

# ब्रज और आसपास के क्षेत्र का खानपान एवं व्यंजन

आजकल यूट्यूब,टीवी चैनल्स, मैगजीन्स, समाचार पत्र सारी जगहों पर रेसिपीज और खाने पर काफी चर्चा और शो देखने-पढ़ने को मिलते हैं। इनके माध्यम से हमको विभिन्न देशों और खुद अपने देश के विभिन्न इलाकों के खाने के इतिहास, खाने की संस्कृति और खाने की चीजों के विषय में जानकारी मिलती है जो काफी अच्छी और रोचक भी होती है।

अगर हम केवल अपने देश की बात करें तो कह सकते हैं कि जितना हमारे देश में विभिन्न इलाकों के मौसम, जलवायु और क्षेत्रीय संस्कृतियों में फर्क है उतना ही हर क्षेत्र के खाने में और जैसे इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हम सब एक हैं यानी कि भारतीय वैसे ही इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हमारे सभी खानों का मूल स्वाद और भाव एक ही है यानी कि हिंदुस्तानी-विशुद्ध भारतीय। आज अपने इस लेख के द्वारा मैं चर्चा करना चाहूंगा एक क्षेत्र विशेष यानी ब्रज क्षेत्र और उसके आगे भी आस-पास के परंपरागत खान-पान की। इनमें से अधिकतर व्यंजन इस इलाके में अधिकांश लोगों के खान-पान का हिस्सा सदियों से रहे हैं और कुछ चतुर्वेदी समुदाय के विशेष रूप से।

जब मीडिया या सोशल मीडिया में हम भारतीय खान-पान की चर्चा देखते-सुनते-पढ़ते हैं तो हमको दक्षिण भारतीय, उत्तर-पूर्व, राजस्थानी, गुजराती, मुगलई, बंगाली, कश्मीरी और न जाने कितने किस्म के खानों की चर्चा सुनने को मिलती है किंतु जिस इलाके का खान-पान बिल्कुल सादा होते हुए भी अद्भुत है, बिल्कुल सात्विक होते हुए भी तमाम राजसी भोजनों को मात देने वाला है, जहां से ही 56 भोग की शुरुआत हुई उस इलाके यानी ब्रज-क्षेत्र के खाने का जिक्र कुछ अपवादों को छोड़ कर अधिकतर चर्चाओं में दिखता-मिलता ही नहीं है।

सच यह है कि खाना तो हर जगह का अच्छा ही है किंतु सुबह जलेबी-बेड़ई/कचौड़ी साथ में शानदार रायता और आलू की सब्जी का नाश्ता हो या दोपहर में गेहूं के अलावा बेझर बेसन की रोटी साथ में उड़द की दाल हो या बाजरा की रोटी और गुड़ सर्दी के मौसम में। शाम की चाट-पकौड़ी हो, मूंग की दाल के मंगोड़े हों या चाय के संग भीमसेन या पंछी की दालमौठ। रात के भोजन की बात हो तो परांठे और सब्जी इन सभी का स्वाद अलग ही होता है और साथ में विविध किस्म के मिष्ठान और फिर बाद में भरपूर मेवा युक्त औटाया हुआ दूध वो भी कुल्हड़ में, पर इसमें से तो अधिकांश चीजें तो हम जानते ही हैं इसलिए अब बात कुछ उन खान-पान की चीजों की जो खाते तो हम रोज रहे हैं किंतु धीरे-धीरे उनका इलाका सिमटता जा रहा है और आजकल के ग्लैमर भरे चर्चा-प्लेटफॉर्म्स पर उनकी चर्चा लगभग न के बराबर होती है। सुबह बासी परांठे और मट्ठे के नाश्ते के बाद हमारे इलाके में दोपहर के भोजन में दाल-रोटी आदि के अलावा खीर, मीठा भात, धोई, भात, झोर, मीठी मूंग, पालक का रसे वाला बेसनयुक्त साग, आलू-बरी, भट (बैंगन) बरी, मीठी सिकिंद आदि का प्रचलन रहा है और यह व्यंजन कई बार किसी विशेष आयोजन का अंग भी होते हैं जैसे माथुर चतुर्वेदी समुदाय के लोगों में कतरों के झोर की जन्मदिन-वर्षगांठ पर बनाने की परंपरा रही है और मूंग-भात-झोर शादी में घुड़चढ़ी के दिन।

यहां जो झोर है यह है तो बेसन की ग्रेवी का ही किंतु इसके आयुर्वेदिक औषधियों के गुण युक्त मसाले, खास तौर पर गरम मसाले इसको अन्य इलाकों की कढ़ी से भिन्न बनाते हैं। झोर में बेसन के कतरों का झोर, मटर-बरी का झोर,आलू-बरी का झोर,पकौड़ी का झोर आदि। इसके अतिरिक्त विशेष अवसरों पर या मौका लगते ही पूरी-कचौड़ी, सब्जी, रायता, सौंठ आदि। रायता मौसम के अनुसार बून्दी, बथुआ, पुदीना, आलू, टमाटर, बैंगन या फलों का मीठा रायता भी हो सकता है। धोई धुली हुई पीली मूंग की दाल की सूखी (थोड़ी सेमी सॉलिड किस्म की) नमकीन चीज है जबकि मीठी मूंग छिलके सहित गुड़ से मीठी की गई मूंग की दाल का व्यंजन है। जब खीर की बात करें तो मथुरा में बहुत सी जगहों पर गाढ़ी या सेमी सॉलिड किस्म की फीकी चावल की खीर बनती है और पत्तल में परोस कर उसमें बूरा मिला कर उसको स्वादानुसार मीठा करके खाया जाता था। अच्छी खीर वो है जो सामने दीवाल पर फेंक कर मारें तो चिपक जानी चाहिए।मथुरा की इस खीर के अलावा घुटे चावल की खूब औटाई हुई किंतु सेमी-लीक्विड किस्म की खीर अन्य स्थानों पर प्रचलित है ही जिसमें से सौंधी महक आती हो। चावल की खीर के अतिरिक्त सिवइयों की खीर, गणेश चौथ के व्रत के दिन शकरकंदी की खीर, सिंघाड़े के आटे की लप्सी,कूटू की पकौड़ी और पूड़ी, अन्य व्रतों में मखाने-छुआरे की खीर का भी प्रचलन रहा है। सिकिंद दही को घोल कर पिसी हुई इलायची के फ्लेवर का एक रायता नुमा पेय है जिसमें चावल डाल कर भी खाते हैं।इसके अलावा शरद पूर्णिमा की रात को बनने वाली बासौन्धी। वृंदावन के पवित्र-पावन स्थल तटीय स्थान पर राधा-अष्टमी को बनने वाली सूखी अरवी की सब्जी का दिव्य स्वाद जिसने चखा है वही जानता है। मथुरा की गरम मसाले युक्त तेज मसालेदार स्वाद की आयुर्वेदिक गुणों से युक्त आलू की चटपटी रसे की सब्जी और सर्राटे का रायता जिन्होंने खाया है वो ही उसका स्वाद जानते हैं।ऐसे ही डुबकी वाले आलू की सब्जी बहुत प्रसिद्द है। सर्दी के मौसम में इस इलाके में मलीदा यानी कि बाजरे की रोटी और गुड़ को घी में मीज कर-पका कर बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्नकूट के दिन और नव-दुर्गा के दिनों में सभी सब्जियों-फलों के गड्ड की सब्जी और पूरी के प्रसाद का प्रचलन है। अन्नकूट के दिन गड्ड का साग, सूखे तले जिमीकन्द की सब्जी,लौंग की छौंक की रतालू की मठे वाली रसेदार सब्जी, उबले सिंघाड़े आदि व्यंजनों की तो बात ही अलग है। जहां तक शाम के खाने का सवाल है तो अभी कुछ दशक पहले तक इन इलाकों में शाम को कटौरिया जिसको आप बोलचाल की भाषा में परांठे कहते हैं और साथ में मट्ठे दही के आलू, अरवी घुइयां, रतालू, कच्चे केले, कच्चे पपीते के रसे और साथ में सूखी हरी सब्जी के खाने का प्रचलन रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि ये परांठे तले हुए पंजाबी परांठे न होकर तवे पर घी में सिके हुए परतों वाले परांठे होते हैं। यहां एक और उल्लेखनीय बात यह है कि इस इलाके का ए सारा भोजन परंपरागत तरीके से पूर्णतः शाकाहारी और प्याज-लहसुन रहित होता है। गर्मी में आम का पना, नींबू-मिर्च की चौर्च, मूली का हत्था आदि भी हैं गर्मी के ताजे पड़े अचारों के अतिरिक्त। जहां तक मिठाइयों की बात है तो सादी खड़पुरी और गिन्दोरा तो अब लुप्तप्राय हैं लेकिन खोए के पेड़े जिनकी मथुरा में ही एक से अधिक किस्म हैं,जो आपको बृजवासी की दुकान से लेकर मथुरा-वृंदावन-गोवर्धन में हर जगह मिल जाएंगेयएक ओर भुने खोए के पेड़े तो दूसरी ओर बूरे में लिपटे सूखे स्वादिष्ट पेड़े।मथुरा से निकलें तो फिर फिरोजाबाद के रतन लाल या प्यारे लाल के पेड़े, इटावा के कुंज बिहारी के पेड़े, बाह की खोए की गुझिया,कानपुर का सफेद मुंडा पेड़ा और यही पेड़ा मलवां जाकर कच्चे खोए का और इलाहाबाद के फाफामऊ में लाल भुने खोए का पेड़ा हो जाता है। पेड़े के अतिरिक्त खुरचन, रबड़ी, आगरा का पेठा, हाथरस, मैनपुरी और इटावा की बलदेव (अब अलका स्वीट्स), फिरोजाबाद की जलेसर वाले, प्यारेलाल, हाथरस वाले और



गोपाल स्वीट हाउस की सोन पपड़ी,फिरोजाबाद का सोन-हलुवा (दिल्ली का सोहन हलुवा नहीं बल्कि उससे भिन्न), इटावा की पतंगा लाल की हेशमी, सादाबाद और हाथरस की बालूशाही, फिरोजाबाद-इटावा के दनदाने, कपूरकन्द, मक्खन के समोसे, मक्खन की पान की गिलौरी, इमरती, मलाई पूड़ी, सिंघाड़े के सेव, कई किस्म के लड्डू, अलग-अलग किस्म की गजक जिसमें फिरोजाबाद की जैन की चमकनी गजक बहुत अनोखी और प्रसिद्ध है। वैसे है तो बंगाली मिठाई किंतु वृंदावन के गाय के दूध के रसगुल्ले और फिरोजाबाद का सूखा खीरमोहन, राया के आसपास के रसगुल्ले और बंगाली मिठाइयों के वैरिएंट्स और न जाने कितनी मिठाईयां हैं जो इस इलाके में आज भी बहुत प्रचलित हैं और उनकी क्वालिटी भी अच्छी है। शुद्ध देसी मिठाई में बलदेव की माखन मि के क्या कहने हैं। सर्दी के मौसम में घरों में बनने वाली सौंठ वाली घीयुक्त बर्फी,मकर संक्रांति पर बनने वाले लाई, चने, ज्वार के लड्डू, निशास्ता के लड्डू, तिल के गुड़ वाले तिलवा,गुड़ और खोए के तिलकुटा लड्डू,मूंग के लड्डू आदि।

**-साभार अतुल चतुर्वेदी**

# न्यूयॉर्क के मेयर बने जोहरान ममदानी

## राष्ट्रपति ट्रम्प के विरोध के बाद भी डेमोक्रेट उम्मीदवार ने प्रतिष्ठित चुनाव जीता

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के डेमोक्रेट उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने न्यूयार्क मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्हें 50.4 प्रतिशत वोट मिले। वे मानस.न वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली मीरा नायर के बेटे हैं। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। भाषण के बाद वे अपनी पत्नी के साथ 'धूम मचा ले' गाने पर झूमते नजर आए।

मां मीरा नायर ने मंच पर आकर उन्हें गले लगा लिया। पिता महमूद ममदानी भी मौजूद रहे। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में जीत के ममदानी ने ब्रुकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबो.धित किया। ममदानी ने अपनी जीत को न्यूयार्क के हर नागरिक की जीत बताया। ममदानी के सामने 3 बड़ी चुनौतियां हैं, अपने वादे पूरे करना ममदानी ने वादा किया है कि वे न्यूयार्क में सभी बच्चों के लिए फ्री केयर शुरू करेंगे, सब्सिडी वाले घरों का किराया फ्रीज करेंगे, पब्लिक बसों में मुफ्त यात्राा देंगे और सिटी की अपनी किराने की दुकानें खोलेंगे। उनका कहना है कि इसके लिए अमीरों और बड़ी कंपनियों पर नए टैक्स लगाकर 9 अरब डॉलर जुटाए जाएंगे। लेकिन अर्थशास्त्रिायों का मानना है कि इन वादों को पूरा करना बहुत मुश्किल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि वे न्यूयार्क की फेडरल फंडिंग रोक सकते हैं। अगर वे ऐसा कदम उठाते हैं तो ममदानी की परेशानी बढ़ सकती है। ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के वामपंथी धड़े से आते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी के मध्यम मार्गी धड़े को खुश करना उनके लिए मुश्किल हो सकता है।




**मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में करने वाली मां मीरा नायर ने मंच पर गले लगाया**

**पिछले 100 सालों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे**

कुल मिलाकर, ममदानी के लिए असली परीक्षा अब शुरू हुई है। अपने वादों को सच करना, विरोधियों के हमले झेलना और अपनी ही पार्टी में भरोसा बनाना। ममदानी ने पूरे कैंपेन में सिर्फ एक बात पर फोकस किया कि न्यूयार्क बहुत महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है लोगों की जिंदगी आसान बनाना। उनके रैलियों में लगे बैनर पर नारे लिखे थे कि एक शहर जो हम अफोर्ड कर सकें और सस्ता घर बनाओ। राजनीति में ज्यादातर वक्त बातें घुमा-फिराकर कही जाती हैं, लेकिन ममदानी ने बिल्कुल साफ बात की। उन्होंने खुलकर कहा कि अमीरों पर टैक्स लगाओ, बच्चों की देखभाल बढ़ाओ और घर को हक बनाओ। ममदानी को पार्टी के बड़े नेताओं का सपोर्ट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने जनता और इंटरनेट का सहारा लिया। उन्होंने स्कैवेंजर हंट, फुटबाल टूर्नामेंट और स्ळठज्फ बार में देर रात पाप-अप इवेंट किए। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक, उन्होंने सभी पुराने नियम तोड़ दिए और सीधे लोगों से रिश्ता बनाया। ममदानी ने स्वयंसेवकों की संख्या में इजाफा किया। उनकी प्रचार टीम में शामिल युवा उनसे भी कम उम्र के हैं।

ज्यादातर को इतने बड़े पैमाने पर काम करने का बहुत कम अनुभव था। लेकिन वे सामान्य सलाहकारों और रणनीतिकारों की तुलना में अधिक सक्षम और प्रभावी साबित हुए। फोर्ब्स के मुताबिक, जोहरान ममदानी की कुल संपत्ति लगभग 200,000 डॉलर (करीब 1.71 करोड़) है। ममदानी ने 2020 में न्यूयार्क स्टेट असेंबली का चुनाव जीता था। तब उन्हें सालाना 142000 डॉलर की सैलरी मिलती थी। वे फिलहाल न्यूयार्क के एस्टोरिया इलाके में किराए के घर में रहते हैं। उसका किराया 2250 डॉलर प्रति माह है। उनके पास खुद की कार भी नहीं है। वे रोजाना सबवे (मेट्रो ट्रेन) से सफर करते हैं। ममदानी के पास युगांडा के जिन्जा इलाके में करीब चार एकड़ जमीन है। इसकी कीमत 150000 डॉलर से 250000 डॉलर (1.2 से 2 करोड़) के बीच है। मेयर बनने के बाद उनकी सालाना सैलरी 260000 डॉलर (करीब 2.2 करोड़) हो जाएगी।

### ममदानी ने किया पडिंत नेहरू का जिक्र

**न्यूयार्क।** अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में से एक न्यूयार्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के जोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने बुधवार को ही जनता को संबोधित किया। इस दौरान ममदानी ने न सिर्फ भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू और भारत की आजादी के बाद उनके पहले भाषण-ट्रिस्ट विद डेस्टिनी का जिक्र किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आव्रजन के मुद्दे पर चुनौती भी दी। ममदानी ने अपनी ऐतिहासिक जीत को राजनीतिक वंश का अंत बताया और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित नेहरू के

**आव्रजन पर ट्रम्प को चुनौती दी**

ट्रिस्ट विद डेस्टिनी भाषण के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि आज मैं आपके सामने खड़ा हूं और मुझे जवाहरलाल नेहरू के शब्द याद आ रहे हैं। एक क्षण आता है, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए में प्रवेश करते हैं। आज रात, हमने पुराने से नए में कदम रखा है। उनके इस बयान के बाद समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ममदानी ने ट्रम्प को चुनौती देते हुए कहा कि न्यूयार्क प्रवासी समुदाय की मेहनत से बनाया गया, उन्हीं से संचालित और अब एक प्रवासी के नेतृत्व में चलने वाला शहर रहेगा।

# टोरंटो में कैफे के अंदर भारतीय पर हमला

**टोरंटो।** टोरंटो में कैफे के भीतर एक भारतवंशी पर कथित तौर पर नशे में एक व्यक्ति ने हमला किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने जनता में आक्रोश है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नीला जैकेट पहने एक शख्स और भारतीय मूल के व्यक्ति के बीच मोबाइल ऑर्डर पिक अप काउटंर के पास बहस होती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कनाडाई व्यक्ति बिना वजह गुस्से में अपनी को.हनी से भारतवंशी के हाथ पर टक्कर मारता है, जिससे उसका फोन गिर जाता है।

इसके बाद भारतीय व्यक्ति अपना फोन उठाता है। लेकिन कथित तौर पर नशे में व्यक्ति उस पर झपट पड़ता है और उसका कॉलर पकड़ देता है और अपने से बड़ा दिखाना का आरोप लगाता है। इस दौरान पीड़ित शांत रहते हुए उसे चेतावनी देता है कि तुम खुद परेशानी में पड़ सकते हो। इस दौरान भारतवंशी ने कोई प्रतिरोध नहीं किया, लेकिन आक्रामक व्यक्ति बार-बार उसे धक्का देता रहा और उसके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करता रहा। अंत में कैफे के कर्मचारियों ने दखल दिया और दोनों को बाहर जाने के लिए कहा। घटना तभी शांत हुई, जब आक्रामक व्यक्ति को बाहर ले जाया गया। घटना का वीडियो तेजी से ऑनलाइन वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया पर लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले ने कनाडा में प्रवासियों की सुरक्षा और बढ़ती नस्लीय हिंसा पर चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में एडमंटन में भारतीय मूल के व्यवसाई अरवी सिंह सगू पर हमले के बाद यह मामला सामने आया है। 19 अक्टूबर को सगू पर हमला हुआ था, जिसमें वह घायल हो गए और पांच दिन बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। आरोपी काइल पापिन को गिरफ्तार किया गया और उस पर गंभीर हमले का आरोप लगाया गया। सगू के दोस्तों ने उनके बच्चों और अंतिम संस्कार के खर्च के लिए फंड जुटाया। दोनों घटनाओं ने कनाडा में आप्रवासियों की सुरक्षा और नस्लीय हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर बहस को फिर से तेज कर दिया है।



**वीडियो ऑनलाइन वायरल होने से जनता में आक्रोश**

# मोदी सुधार रहे कमजोरियां

**लंदन।** लंदन में आयोजित लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और देश को 2047 तक विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। इंस्टिटडूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा भारत के पास कई बड़ी ताकतें हैं आर्थिक सुधार, आईटी क्षेत्रा में अग्रणी भूमिका और सबसे बड़ी बात, एक मजबूत नेता नरेंद्र मोदी। नायडू ने आगे कहा कि मोदी सरकार देश की सभी संरचनात्मक कमियों को दूर कर रही है। उन्होंने जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज चौथी

**2047 तक भारत बनेगा शीर्ष अर्थव्यवस्था: चंद्रबाबू नायडू**

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले वर्षों में यह शीर्ष पर पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की वाइस-प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर नारा भुवनेश्वरी (नायडू की पत्नी) को कार्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए एलओडी विशिष्ट फैलोशिप और गोल्डन पीकाक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नायडू ने अपनी पत्नी की सराहना करते हुए कहा भुवनेश्वरी न केवल एक सफल उद्यमी हैं बल्कि समाजसेवा और भारतीय संस्कृति की सच्ची प्रतिनिधि भी हैं। भुवनेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब वह समाज को सशक्त बनाए।

## अमेरिकी कार्गो विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 11 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने बुधवार को कहा कि लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद कार्गो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। बेशियर ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमारा मानना है कि कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है लेकिन यह संख्या और भी बढ़ सकती है। संघीय विमानन प्रशासन ने कहा कि होनोलूलू जा रहा यूपीएस का एक कार्गो विमान मंगलवार को शाम करीब 5:15 बजे (2215 जीएमटी) यूपीएस के विश्वव्यापी हवाई केंद्र, लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी

## अमेरिका-भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बड़ा बयान दिया। कैरोलिन लीविट ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच लगातार बात.चीत होती रहती है और दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रम्प की ट्रेड टीम भारत के साथ लगातार संपर्क में है।

लीविट ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं। दोनों देशों की टीमें व्यापार पर बहुत गंभीर चर्चा कर रही हैं। लीविट ने बताया कि हाल ही में दिवाली समारोह के दौरान व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रम्प और मोदी के बीच अहम बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोरे भारत में देश का प्रतिनिधित्व बेहतरीन ढंग से करेंगे। ट्रम्प ने 28 अक्टूबर को पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें सबसे अच्छे दिखने वाले व्यक्ति कहा था और मजाकिया अंदाज में उन्हें 'किलर' बताया था। यह बयान उन्होंने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन से पहले दिया था। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रम्प ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कैरोलिन लीविट ने न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी द्वारा लगाए गए मतदाता धमकाने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा ये आरोप बिना सबूत के लगाए गए हैं और यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी अब किसी ठोस नीति के लिए नहीं खड़ी है।



**राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं: लीविट**

## तूफान मेलिसा के कारण 30 की मौत, 15 लाख प्रभावित: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जमैका और आसपास के इलाकों में आए भीषण चक्रवाती तूफान मेलिसा ने भारी तबाही मचाई है और इसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई और 15 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि जमैका में सड़कें, बिजली और संचार व्यवस्था बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लगभग एक सौ तीस सड़कें अवरुद्ध हैं और कई क्षेत्रों में बिजली तथा मोबाइल नेटवर्क ठप पड़े हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है क्योंकि कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का अनुमान है कि जमैका में लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को खाद्य पदार्थों की सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है।

# अमेरिका में 4 करोड़ लोगों की फूड सप्लाई बंद

## लाखों बेरोजगार, कर्ज लेकर घर चला रहे, राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद से लगा सबसे लंबा शटडाउन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन का आज 36वां दिन है। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था।

शटडाउन की वजह से 42 मिलियन (4.2 करोड़) अमेरिकियों की फूड स्टैंप (एसएनएपी) सहायता रुक गई है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट (यूएसडीए) के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डालर का रिजर्व फंड है, जबकि नवम्बर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डालर की जरूरत होगी। वाशिंगटन स्थित बाइपार्टिसन पालिसी सेंटर के मुताबिक अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमे.रिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। फूड सप्लाई प्रोग्राम रुकने के बाद न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया और मैसाचुसेट्स समेत 25 राज्यों ने इस फैसले के खिलाफ ट्रम्प प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि लाखों लोगों की फूड सप्लाई रोकना गैरकानूनी है। वहीं, शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेसनल बजट आफिस (सीबीओ) के मुताबिक अब तक 11 अरब डालर (करीब 1 लाख करोड़) का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की जीडीपी में चौथी तिमाही में 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। सीबीओ के मुताबिक, जबरदस्ती छुट्टी पर भेजे गए कर्मचारियों (फर्लो कर्मचारी) की करीब 400 मिलियन डालर (3300 करोड़) प्रतिदिन सैलरी का नुकसान हो रहा है। सीबीओ के डायरेक्टर फिलिप स्वैगल ने कहा कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप पड़ने (शटडाउन) के चलते हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

**इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था**

## केयर होम में आग लगने से 10 की मौत

**साराजेवो।** उत्तर-पूर्वी बोस्निया और हर्जेगोविना के तुजला रिटायरमेंट होम में मंगलवार देर रात आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 20 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानक.ारी स्थानीय मीडिया ने दी। संस्थान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आग संस्थान की सातवीं मंजिल पर रात करीब 8:45 बजे (1945 जीएमटी) लगी और तुजला तथा निकटवर्ती नगर पालिकाओं के पेशेवर और स्वयंसेवी अग्निशामकों ने उस पर काबू पाया। घायलों को कई स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों की चिकित्सा टीमों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया।



**लाहौल-स्पीति। हिमाचल प्रदेश में हुए हिमपात के बाद बर्फ से ढके क्षेत्र का दृश्य।**

## मेक्सिको की राष्ट्रपति को जबरदस्ती किस करने की कोशिश

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम के साथ बुधवार को सड़क पर एक शख्स ने बदसल.की की कोशिश की। एक नशेड़ी ने राष्ट्रपति को छूने और किस करने की कोशिश की। यह घटना राजधानी मेक्सिको सिटी के पुराने इलाके में हुई। यहां राष्ट्रपति शीनबाम लोगों से बात कर रही थीं।

इसी दौरान वह आदमी उनके पास आता है और उनकी कमर पर हाथ रखकर उन्हें पकड़ने और किस करने की को.शिश करता है। शीनबाम ने मुस्कराते हुए शांत तरीके से उसका हाथ हटाया और उसकी तरफ देखकर कहा कि चिंता मत करो। इसके बाद उनके सिक्योरिटी गार्ड तुरंत उसे दूर हटा दिया। इस घटना को लेकर अभी तक राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। शीनबाम अक्सर सड़कों पर जाकर लोगों से हाथ मिलाती हैं, सेल्फी लेती हैं और उनकी बात सुनती हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब मेक्सिको में राजनी.तिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में मिचोआकान राज्य के उरुआपान शहर के मेयर कार्लोस मैनजो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**नशेड़ी आदमी ने कमर पर भी हाथ रखा, सिक्योरिटी गार्ड ने तुरंत दूर हटाया**

# अमेरिका के केंटकी में कार्गो प्लेन क्रैश

## सात की मौत, डेढ़ लाख लीटर तेल फैला, लोगों को घर से न निकले के आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है।

हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथारिटी (एफएए) के मुताबिक, यूपीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। एफएए ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 5:15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विमान में करीब 38000 गैलन ईंधन (करीब डेढ़ लाख लीटर तेल) भरा हुआ था, जो धमाके के बाद आग की लपटों में बदल गया। पुलिस ने एयरपोर्ट से 8 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को घर के अंदर रहने का आदेश दिया है। साथ ही, एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है। लुईविल पुलिस ने कहा कि हादसे वाली जगह पर अभी भी आग लगी हुई है और मलबा फैला है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है प्लेन में लिथियम बैटरियों से आग लगी हो, ठीक वैसे ही जैसे 2010 में यूपीएस फ्लाइट 6 के हादसे में हुआ था। यूपीएस कंपनी ने बताया कि विमान में तीन क्रू मेंबर थे।



## अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत आयात शुल्क स्थगित करेगा चीन

**बीजिंग।** चीनी वित्त मंत्रालय ने आज कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई व्यापार वार्ता के अनुरूप चीन 10 नवम्बर से एक वर्ष के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त 24 प्रतिशत आयात शुल्क को स्थगित करेगा। मंत्रालय के मुताबिक चीन-अमेरिका व्यापार वार्ता के दौरान बनी सहमति को लागू करने के लिए आयात शुल्क कानून, सीमा शुल्क कानून, विदेश व्यापार कानून और अन्य प्रासंगिक कानूनों तथा विनियमों तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। राज्य परिषद की स्वीकृति से 10 नवम्बर, 2025 से अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत का अतिरिक्त सीमा शुल्क एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। लेकिन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू रहेगा। मंत्रालय ने आगे कहा कि यह स्थगन जारी रखने से दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों के स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास सुनिश्चित होगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108